आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| लखनऊ | 39°C | 28°C |

इनसाइड न्यूज

खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का...

उत्तर प्रदेश पेज: 07

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



गुरुवार 12 फरवरी, 2026 | पेज: 12 | मूल्य: ₹ 3.00/- लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 122 | www.janexpresslive.com/epaper


यूपी बजट 2026: मायावती ने दी प्रतिक्रिया... 05

# ‘हम किससे तेल खरीदेंगे, यह फैसला अमेरिका करता है’

## लंबे गतिरोध के बाद चर्चा में हिस्सा लेते हुए राहुल ने बजट 2026, आर्थिक सर्वे और अमेरिका-रूस-चीन के बीच बढ़ती वैश्विक प्रतिस्पर्धा का उठाया मुद्दा; ऊर्जा और वित्त के ‘हथियार’ बनने पर जताई चिंता

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

संसद में लंबे गतिरोध के बाद बुधवार को लोकसभा में राहुल गांधी ने बजट 2026 पर चर्चा में भाग लिया। इस दौरान कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता ने भाषण की शुरुआत में मार्शल आर्ट्स का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि जिजित्सु में ग्रिप दिखती है, राजनीति में नहीं दिखती। चोक कहां हो रहा है, जोर कहां पड़ रहा है, राजनीति में नहीं दिखता। इसके बाद उन्होंने बजट, अमेरिका संग हालिया ट्रेड डील से लेकर वैश्विक मुद्दों पर अपनी बात रखी। उन्होंने आम बजट और वित्त मंत्रालय की तरफ से पेश किए गए आर्थिक सर्वेक्षण का जिक्र करते हुए कहा, ‘मैं आर्थिक सर्वे को देख रहा था। दो बिंदु मुझे दिखे। पहला बिंदु- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता बढ़ती जा रही है। यानी जो अमेरिका आधारित सिस्टम था, उसे चुनौती मिल रही है। उसे अब रूस और चीन फिर से चुनौती दे रहे हैं। दूसरा- हम ऐसी दुनिया में रह रहे हैं, जहां ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया गया है।’



### राहुल गांधी ने एआई को लेकर क्या कहा?

दूसरी तरफ डॉलर को चुनौती मिल रही है। अमेरिकी सुप्रिमेसी को चुनौती मिल रही है। अब हम दो सुपर पावर या कई सुपर पावर वाले दौर में जा रहे हैं। आर्थिक सर्वे की बात सही है। इन सबके केंद्र में एआई का समय है। सभी कह रहे हैं कि हम एआई के समय में जा रहे हैं। एआई का एक परिणाम यह हो रहा है कि कांग्रेस ने जो आईटी इकोसिस्टम बनाया, वह चुनौती की स्थिति में रहेगा। इसे चुनौती मिलेगी। कई इंजीनियरों को एआई हटा देगा।

### देश की 140 करोड़ जनता के सामने चुनौतियां अलग

राहुल गांधी ने कहा कि हम स्थिरता वाली दुनिया से अस्थिरता वाली दुनिया में जा रहे हैं। प्रधानमंत्री और एनएसए ने कुछ समय पहले चौंकाने वाले रूप से कहा था कि युद्ध का समय अब खत्म हो चुका था। लेकिन यूक्रेन में संघर्ष जारी है, ईरान में संघर्ष हो रहा है। यानी हम स्थिरता से अस्थिरता की तरफ जा रहे हैं। राहुल ने कई और वैश्विक मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि देश की 140 करोड़ जनता के सामने आज चुनौतियां काफी अलग हैं। राहुल गांधी ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर किया था। तो हम अस्थिरता की दुनिया में जा रहे हैं। डॉलर को चुनौती दी जा रही है। जैसा कि दूसरी तरफ मेरे दोस्त समझते हैं, मुख्य खेल यह है कि डॉलर को चुनौती दी जा रही है। अमेरिका के दबदबे को चुनौती दी जा रही है। हम एक सुपरपावर वाली दुनिया से किसी नई दुनिया में जा रहे हैं, जिसका हम सच में अंदाजा नहीं लगा सकते।

### हम डाटा के मामले में ताकतवर हैं: राहुल गांधी

अपने भाषण में राहुल गांधी ने कहा, तो मैं सदन को कहना चाहता हूं कि सेक्टरों की जो ताकत है , वह हमारे अपने लोग हैं। 1.4 अरब लोग शानदार हैं, ऊर्जावान हैं, बुद्धिमान हैं। वे किसी को भी चुनौती दे सकते हैं। लेकिन यह सिर्फ लोग नहीं हैं। हमारे पास डाटा का भी बड़ा पूल है। सभी लोग एआई के बारे में बात करते हैं, लेकिन एआई के बारे में बात करना किसी इंजन के बारे में बात करना है, इसके पेट्रोल यानी डाटा के बारे में बात करना भी जरूरी है। यानी अगर आपके पास पेट्रोल- डाटा नहीं है, तो एआई भी बेकार है। इस वक्त दुनिया के पास डाटा के दो पूल हैं- भारत का डाटा पूल (1.4 अरब लोगों का) और चीन (वहां भी इतनी ही जनसंख्या है)। यानी हम डाटा के मामले में ताकतवर हैं।

### ’बजट में आज की चुनौतियों पर बात ही नहीं’

राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमारी दूसरी ताकत हैं हमारे किसान, जो खाना देते हैं। हमारे पास खाना प्रचुर मात्रा में है। तीसरा- हमें देश को चलाने के लिए ऊर्जा की जरूरत है। इन तीनों को बचाना आधुनिक समय की सबसे बड़ी जरूरत है। बजट इन चीजों की पहचान तो करता है। वह कहता है कि हम खतरनाक समय में जा रहे हैं। वह जानता है कि भू-राजनीतिक स्थिति खतरनाक हो रही है। ऊर्जा और वित्त को हथियार बनाया जा रहा है। लेकिन बजट में इसके लिए कोई हल नहीं है। बजट सिर्फ किसी आम बजट की तरह ही है। इसमें इनकी सुरक्षा के लिए कुछ नहीं दिया गया है। बजट में आज की चुनौतियों पर बात ही नहीं है।

### अमेरिका के लिए हमारा डाटा सबसे अहम चीज

राहुल गांधी ने अमेरिका संग हालिया व्यापार समझौते को लेकर कहा कि बजट के समानांतर कुछ और भी हुआ है। अमेरिका-भारत की व्यापार डील। आज अमेरिका और चीन के बीच संघर्ष में सिर्फ भारत का डाटा ही एक अंतर बना है। अगर अमेरिकियों को सुपरपावर बने रहना है और अपने डॉलर को बचाना है तो उसके लिए सबसे अहम चीज हमारा डाटा है। आप सारे डाटा को जोड़ भी दें तो भी वह चीन के 1.4 अरब लोगों के डाटा से प्रतियोगिता नहीं कर सकता। तो अगर भारत को टेबल पर समझौते के लिए जाना है तो हमें इस बात को रखना होगा। लेकिन जब हम टेबल पर जाते हैं तो हम अपने लोगों को ही उस टेबल पर रख देते हैं।

### डॉलर को बचाने के लिए सबसे जरूरी चीज भारतीयों के पास

उन्होंने कहा कि पहले कहा जाता था कि बढ़ती आबादी एक बोझ है। लेकिन यह सबसे बड़ी संपत्ति है। मेरे लिए चौंकाने वाली बात यह है कि अमेरिका से समझौते में अगर हम बातचीत कर रहे होते और ट्रंप से बात करते तो हम कहते- राष्ट्रपति ट्रंप इस पूरी बातचीत में सबसे अहम बात है भारत का डाटा। आप डॉलर को सुरक्षित करना चाहते हैं, हम आपके दोस्त हैं, हम आपकी मदद करेंगे। लेकिन याद रखिए कि आपके डॉलर को बचाने के लिए सबसे जरूरी चीज हम भारतीयों के पास है। वह है डाटा। आपको हमसे बातचीत करने में बराबरी से शर्तें रखनी होंगी। आप हमें बुली नहीं कर सकते। दूसरी चीज हम कहते हैं हमारी ऊर्जा सुरक्षा। और कुछ भी हो जाए हम अपने ऊर्जा सुरक्षा को सुरक्षित रखेंगे। हम समझते हैं कि आप अपने कृषकों को सुरक्षित रखना चाहते हैं, लेकिन हम भी वही करना चाहते हैं। इंडिया गठबंधन कहता कि डाटा हमारी सबसे बड़ी ताकत है, अब बात करिए। हम इस मामले में पाकिस्तान के बराबर नहीं हैं।

### हमारे डाटा ट्रेड पर अमेरिका को नियंत्रण दे दिया: राहुल

ट्रेड डील पर उन्होंने आगे कहा कि आपने एक अच्छी डील की है। जो चीज भारत को 21वीं सदी में सुपर पावर बना सकती है,आइये जानते हैं कि सरकार ने उसके साथ क्या किया है। मोदी सरकार ने हमारे डाटा ट्रेड पर अमेरिका को नियंत्रण दे दिया है। अमेरिका को मुक्त एक्सेस दे दिया है। अमेरिका को अब किसी भी सोर्स कोड को न बताने की छूट भी दी गई है।

### ट्रंप टैरिफ पर सरकार पर बरसे राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि शुरुआत में अमेरिका हम पर तीन फीसदी टैरिफ लगाता था, अब वह 18 फीसदी टैरिफ लगाता है। अमेरिका से हमारा आयात 46 अरब डॉलर से बढ़कर 146 अरब डॉलर होने वाला है। उन्होंने हमसे कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई है। हमने उनसे कई प्रतिबद्धताएं की हैं। हमारे टैरिफ बढ़ गए हैं, उन पर लगने वाले टैरिफ 16 से शून्य पर आ गए हैं। मैं समझता हूं कि हमारे सामने बैठे लोग देश को बचाना चाहते हैं, वे हमारे डाटा को भी सुरक्षित रखना चाहते हैं। वे जानते हैं कि भारत की सबसे बड़ी संपत्ति हमारे लोग हैं और इसलिए उनका डाटा हमारी सबसे बड़ी सुरक्षा है।

### अमेरिका फैसला करता है कि हम किससे तेल खरीदेंगे

राहुल गांधी ने आगे कहा कि हमारी ताकतवर टेक्सटाइल इंडस्ट्री पर 18 फीसदी टैरिफ लग रहा है। अगर बांग्लादेश अमेरिका से कॉटन इंपोर्ट करता है तो उस पर शून्य टैरिफ लगेगा। यानी हमारे कपड़ा उद्योग तो गया। अब अमेरिका फैसला करता है कि हम किससे तेल खरीदेंगे। रूस और ईरान किससे खरीदेंगे, यह सब फैसले अमेरिका करता है, हमारे प्रधानमंत्री नहीं करते।

### यह पूरा सरेंडर है: राहुल गांधी

राहुल गांधी ने आगे कहा कि मैं नहीं मानता कि कोई भारतीय प्रधानमंत्री ऐसा करेगा, लॉजिक ही नहीं है। यह पूरा सरेंडर है। यह एक त्रासदी है क्योंकि यह सिर्फ पीएम का सरेंडर नहीं है, यह 1.5 अरब भारतीयों के भविष्य का सरेंडर है। वह भाजपा के वित्तीय ढांचे को बचाना चाहते हैं। मैंने जितने भी आरोप लगाए हैं, उनका सत्यापन तुरंत कर दूंगा। इसका सबूत अमेरिका के न्याय मंत्रालय की तरफ से रिलीज की गई फाइल्स में हैं। उनमें हरदीप सिंह पुरी और अनिल अंबानी का नाम है।

### आरोपों का सत्यापन यहीं कर सकता हूं: राहुल

अंत में राहुल गांधी ने कहा कि मेरे पास अपने आरोपों का सत्यापन करने के लिए यहीं पर कागजात मौजूद हैं। मैं इन्हें पेश कर सकता हूं। मंत्रीजी ने मुझसे कहा है कि मैं सबूत पेश करुं, लेकिन आप (स्पीकर) मुझे करने नहीं दे रहे। भारत को बेच दिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत का डाटा बेच दिया गया है। किसानों के हितों को बेच दिया गया है। हमारे सॉफ्टवेयर इंजीनियरों, बिजनेसों और हमारे सुरक्षाबलों और ऊर्जा हितों को बेच दिया गया है।

### आपने भारत को बेच दिया, राहुल का बड़ा हमला

राहुल गांधी ने ट्रेड डील पर आगे कहा कि आपने हमारे किसानों को कुचलने के लिए अमेरिकी कृषकों के लिए भारत के बाजार खोल दिए हैं। यानी हम एक तूफान झेल रहे हैं। आप यह स्वीकार कर रहे हैं। क्या मतलब है कि अमेरिका हमसे कहे कि आप किससे तेल खरीदेंगे, किससे नहीं। क्या मतलब है अगर अमेरिका हमसे कहे कि आप पर इतना टैरिफ कब बढ़ेगा और कब कम होगा। यानी उन्होंने ऊर्जा और वित्त को हथियार बना लिया है। आप किस तरह इस सदन में आकर इस ट्रेड डील के बारे में बात कर सकते हैं। राहुल गांधी सरकार को घेरते हुए कहा कि क्या आपको शर्म नहीं आती। मैं कह रहा हूं कि आपने भारत को बेच दिया है। हमारी भारत माता को बेच दिया है। क्या आपको शर्म नहीं आती। प्रधानमंत्री ने भारत को इसलिए बेच दिया, क्योंकि उनकी गर्दन पर चोक (पकड़) कर लिया गया है। इनकी गर्दन फंसी है, इसलिए देश को बेच रहे हैं। पीएम की आंखों में डर दिख रह है। एक है एपस्टीन का मामला।

### अनिल अंबानी का भी किया जिक्र

राहुल गांधी ने आगे कहा कि एक बिजनेस मैन हैं अनिल अंबानी। मेरा सवाल है कि वह जेल में क्यों नहीं हैं। वह जेल में नहीं हैं क्योंकि उनका नाम एपस्टीन फाइल्स में है। मैं हरदीप पुरी से पूछना चाहता हूं, जिन्होंने अनिल अंबानी को एपस्टीन से मिलवाया था। वह एक मंत्री हैं। अनिल अंबानी हमारे रक्षा उद्योग से जुड़े हैं। उन पर आपराधिक केस हैं। उन्होंने स्पीकर से कहा कि आप कांग्रेस के पूर्व सदस्य हैं, मैं आपको एक फेवर करने वाला हूं। मैं जानता हूं कि आपका दिल कांग्रेस की तरफ है। आपका दिल उस तरफ (भाजपा) नहीं है। अपनी बातचीत का मान रखते हुए मैं एपस्टीन, अनिल अंबानी और बाकी का नाम नहीं रखूंगा। उन्होंने तो पूरी बात यह है कि मैं नहीं मानता कि कोई भारतीय प्रधानमंत्री, जिसमें पीएम मोदी भी शामिल हैं, वह अमेरिका के साथ ऐसी कोई डील साइन करेंगे, जब तक उन पर कोई शिकंजा न हो। टैरिफ के लिए हमने उन्हें अपना डाटा दे दिया। हमने डिजिटल टैक्स पर भी लिमिट लगा दी है। उन्हें 20 साल का डिजिटल टैक्स छूट दे दी है।

# कांग्रेस के 20-25 सांसद ओम बिरला के कक्ष में गए और उन्हें गालियां दीं, रिजिजू का विपक्ष पर आरोप

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष की तरफ से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के बीच केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कई सांसद स्पीकर के कक्ष में गए और उनके साथ गाली गलौज की। रिजिजू के अनुसार, इस घटना से स्पीकर ओम बिरला बहुत आहत हैं। पत्रकारों से बात करते हुए रिजिजू ने कहा कि उन्होंने खुद इस विषय पर लोकसभा अध्यक्ष से बातचीत की है। उन्होंने बताया कि करीब 20-25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के कक्ष में पहुंचे और उनके साथ गाली गलौज की। रिजिजू ने यह भी दावा किया कि जब यह हो रहा था कि उस समय कांग्रेस के



वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी और केसी वेणुगोपाल भी वहां मौजूद थे और इसका विरोध करने के जगह अपने सांसदों को और उकसा रहे थे।

### सदन में बोलने को लेकर विवाद पर क्या बोले रिजिजू

रिजिजू ने सदन में बोलने को लेकर हुए विवाद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि स्पीकर ने एक फैसला दिया था, लेकिन उसका पालन नहीं किया गया। उनके मुताबिक, राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें बोलने के लिए किसी की अनुमति की जरूरत नहीं है और वे अपनी इच्छा से बोलेंगे। इस पर रिजिजू ने कहा कि संसद में नियम बहुत साफ हैं, बिना अध्यक्ष की अनुमति कोई भी सदस्य नहीं बोल सकता। उन्होंने यह भी कहा कि यहां तक कि प्रधानमंत्री भी तभी बोलते हैं जब अध्यक्ष अनुमति देते हैं। हर सदस्य को नियमों का पालन करना होता है। उन्होंने कहा कि स्पीकर का स्वभाव बहुत शांत है, वरना इस तरह की घटना पर सख्त कार्रवाई हो सकती थी।

### लोकसभा अध्यक्ष को हटाने पर कांग्रेस का प्रस्ताव

बता दें कि यह पूरा विवाद उस समय सामने आया है जब कांग्रेस ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है। लोकसभा सचिवालय के सूत्रों के अनुसार, इस प्रस्ताव पर चर्चा बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन यानी 9 मार्च को हो सकती है। सूत्रों ने यह भी बताया कि विपक्ष द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव के नोटिस में कुछ कमियां पाई गई हैं। बताया जा रहा है कि नोटिस में फरवरी 2025 की घटनाओं का चार बार उल्लेख किया गया है, जो नियमों के अनुसार तकनीकी आपत्ति का कारण बन सकता था। हालांकि, स्पीकर ने लोकसभा सचिवालय को निर्देश दिया है कि नोटिस में जो भी कमियां हैं, उन्हें ठीक कराया जाए और आगे की प्रक्रिया पूरी की जाए।

# दिल्ली में बनेंगे तीन नए मेट्रो कॉरिडोर: सीएम रेखा गुप्ता ने परियोजना को दी मंजूरी, यहां 13 नए स्टेशन बनेंगे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने राजधानी की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में मेट्रो फेज-ड्ड(ए) को स्वीकृति दे दी गई है। उन्होंने जानकारी दी कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत कुल 16 किलोमीटर की लंबाई वाले तीन नए कॉरिडोर विकसित किए जाएंगे, जिनमें 13 मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। इस पूरी परियोजना की अनुमानित लागत 12,014.91 करोड़ रुपये है, जिसमें दिल्ली सरकार का बजटीय हिस्सा 2,940.46 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया है। इस परियोजना को वर्ष 2028 में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना परिवहन व्यवस्था से जुड़े प्रधानमंत्री के उस ‘7-सी विजन’ को धरातल पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम है, जिसका अर्थ है- साझा, सुलभ, सुविधाजनक, जाम-मुक्त, ऊर्जावान, स्वच्छ और अत्याधुनिक परिवहन।

# शिकायत पर कटे लाखों संदिग्ध नाम: हिमंत बांग्लादेशी मुस्लिम के खिलाफ अभियान जारी रहेगा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में पत्रकारों से बात करते हुए अवैध प्रवासियों के खिलाफ अपने सख्त रुख को फिर से दोहराया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बांग्लादेश से आए गैर-कानूनी मुस्लिम अप्रवासी के खिलाफ उनकी सरकार का अभियान निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने कहा राज्य में चल रहे स्पेशल रिवीजन (स्क्र) यानी मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान, भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमीनी स्तर पर सक्रियता दिखाते हुए लाखों संदिग्ध मतदाताओं के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई थीं। मुख्यमंत्री के अनुसार, इन शिकायतों की जांच के बाद मतदाता सूची से बड़ी संख्या में संदिग्ध नाम हटा दिए गए हैं। सरमा ने इस कार्रवाई को असम की जनसांख्यिकी और मूल निवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि राज्य की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को घुसपैठियों से मुक्त रखना उनकी प्राथमिकता है और यह अभियान तब तक नहीं रुकेगा जब



तक एक-एक अवैध मतदाता की पहचान नहीं हो जाती।

### काटे गए 2.43 लाख से ज्यादा नाम

उनकी इस टिप्पणी से एक दिन पहले चुनाव आयोग ने असम की फाइनल वोटर लिस्ट जारी की है, जिसमें ड्राफ्ट रोल से 2.43 लाख से ज्यादा नाम हटा दिए गए थे। गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सरमा ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। जब विशेष गहन सुधार (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) होगा, तब ऐसे और भी नाम लिस्ट से बाहर किए जाएंगे।

### सीएम ने की कार्यकर्ताओं की तारीफ

मुख्यमंत्री ने बीजेपी कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि उन्हें डराया और धमकाया गया, लेकिन वे पीछे नहीं हटे। उन्होंने संदिग्ध वोटर्स के खिलाफ अपनी शिकायतें जारी रखीं। मंगलवार को जारी हुई फाइनल वोटर लिस्ट के अनुसार, असम में अब कुल 2.49 करोड़ वोटर्स हैं। यह संख्या ड्राफ्ट लिस्ट के मुकाबले 0.97 प्रतिशत कम है। अपने संबोधन के आखिर में सरमा ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अवैध बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के खिलाफ उनकी यह जंग जारी रहेगी। उन्होंने साफ किया कि राज्य की वोटर लिस्ट को पूरी तरह शुद्ध बनाने के लिए सरकार और पार्टी लगातार काम करती रहेगी।

इसके साथ सीएम ने कहा कि सरकारी और जंगल की जमीन से अवैध कब्जा हटाने का अभियान भी जारी रहेगा। राज्य में करीब 26-27 लाख बीघा जमीन पर अभी गैर-कानूनी कब्जा है।




# अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दिऐ निर्देश

जन एक्सप्रेस । बांदा



बुधवार को अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ज्योति नारायण द्वारा पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम राजेश एस. व अधीक्षक पलाश बंसल के साथ पुलिस लाइन बांदा का निरीक्षण किया।इस दौरान जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ वार्ता कर संवेदनशीलता,धैर्यता और सदाचार व्यवहार का पालन करने व साथ ही सभी प्रशिक्षुओ को प्रभावी प्रशिक्षण देने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।तत्पश्चात जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों के साथ नवीन सभागार पुलिस लाइन में अपराध समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक में जनपद में अपराधों की रोकथाम व शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा आगामी त्यौहारों महाशिवरात्रि,होली,रमजान,ईद-उल-फित्तर,रामनवनी आदि को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान जनपद के अपराधों की विस्तृत समीक्षा की गई।गंभीर अपराधों,लंबित विवेचनाओं,वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी,महिला अपराधों,साइबर अपराध तथा अपराध नियंत्रण में प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा विवेचनाओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने के स्पष्ट निर्देश दिए गए एवं आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क दृष्टि बनाए रखने,संवेदनशील स्थानों की पहचान कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती,निरंतर पैदल गश्त,प्रभावी चेकिंग तथा सोशल मीडिया की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह,सांप्रदायिक तनाव अथवा असामाजिक गतिविधियों पर त्वरित एवं कठोर कार्यवाही की जाए साथ ही स्थानीय नागरिकों,शांति समितियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखा जाए। गुण्डो, माफियाओं, हिस्ट्रीशीटरों,टॉप टेन व इनामियां अपराधियों,वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी आदि के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। चोरी, लूट, नकबजनी, टप्पेबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम में पैदल गश्त की भूमिका पर जोर देते हुए उन्होने निर्देशित किया।सभी भीड़-भाड़ वाले तथा संवेदनशील स्थानों पर नियमित पैदल गस्त करें साथ ही रात्रि गस्त पार्टी को भी प्रभावी तरीके से क्रियाशील करें।महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महिला सम्बन्धी अपराधों को संवेदनशीलता के साथ जल्द से जल्द निस्तारण करने तथा महिला हेल्पडेस्क, एंटी-रोमियो स्क्वाड एवं महिला बीट की सक्रियता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए एवं आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान,शालीन व्यवहार तथा जनसुनवाई को प्रभावी बनाए रखने पर भी विशेष बल दिया गया।

# तहसील अधिवक्ता संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने ब्रम्हदत्त, महासचिव बने नरेन्द्र



जन एक्सप्रेस । बांदा

तहसील अधिवक्ता संघ के एक गुट के निर्विरोध अध्यक्ष ब्रह्म दत्त शुक्ला महासचिव नरेंद्र गुप्ता बने।निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र पांडे ने की घोषणा। अधिवक्ताओं ने फूलमालाओं से किया जोरदार स्वागत।अधिवक्ता संघ के एक गुट के चुनाव में सभी पदों पर एक-एक प्रत्याशी होने पर निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र पांडे ने चुनाव परिणाम की घोषणा कर दी जिसमें निर्विरोध अध्यक्ष पद पर ब्रह्म दत्त शुक्ला महासचिव नरेंद्र कुमार गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार पाठक कनिष्क उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार दीक्षित कोषाध्यक्ष अनपत सैनी संयुक्त सचिव प्रकासन राजाराम वर्मा संयुक्त सचिव प्रशासन रामनरेश यादव संयुक्त सचिव पुस्तकालय काशी प्रसाद वर्मा कार्यकारिणी सदस्य राजा राम शुक्ला हरी बाबू शुक्ला दिनेश मिश्रा कनिष्ठ कार्यकारिणी राजेश रंजन त्रिपाठी दुर्गा दत्त पांडे निर्वाचित हुए बुधवार को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ उनके समर्थकों ने फूल मालाओं के साथ स्वागत किया ढोल नगाड़े के साथ उत्साह जताया इस दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश गौतम भोला द्विवेदी अतुल दीक्षित उमाशंकर त्रिपाठी अवनीश तिवारी रमेश चौरिहा राजेश शुक्ला मनोज श्रीवास्तव संतोष गुप्ता आदि मौजूद रहे।अधिवक्ता संघ के दूसरे गुट ने भी किया नामांकन,अधिवक्ता संघ के दूसरे गुट के नामांकन के प्रथम दिन अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों ने पर्चा खरीदे निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि नई कार्यकारिणी के लिए हो रहे चुनाव के नामांकन के प्रथम दिन अध्यक्ष पद पर नंदकिशोर कुशवाहा व अमर बाबू सचदेवा ने परिचय खरीदे गुरुवार को अंतिम दिन का नामांकन शेष है इस दौरान नई कार्यकारिणी को लेकर अधिवक्ता अपने-अपने बस्ते पर बैठकर गुणा भाग लगाते रहे।

# यूपी बजट-कृषि को स्थिर सहारा, पर भविष्य के लिए शोध निवेश जरूरी

जन एक्सप्रेस । बांदा

उत्तर प्रदेश का हाल के बजट में कृषि क्षेत्र को राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हुए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं।बजट में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार,कृषि अवसंरचना के विकास,फ़सल उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की आय में वृद्धि पर विशेष जोर दिया गया है।यह स्पष्ट करता है कि सरकार कृषि को केवल उत्पादन तक सीमित न रखकर उसे लाभकारी और टिकाऊ बनाने की दिशा में काम करना चाहती है।कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में कृषि अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष डॉ. पुष्पा ने उत्तर प्रदेश बजट 2026,27 का विश्लेषण करते हुए बताया की राज्य सरकार ने कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों को निरंतर प्राथमिकता दी है।राज्य का कुल बजट आकार लगभग 9 लाख करोड़ से अधिक आँका गया है।जो पिछले वर्ष के ?8.08 लाख करोड़ (2025-26) से 1 लाख करोड़ की वृद्धि दर्शाता है।इससे स्पष्ट है कि सरकार विकास के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।कृषि, सिंचाई,पशुपालन,डेयरी और ग्रामीण विकास को मिलाकर लगभग 10६11 प्रतिशत बजटीय हिस्सेदारी का अनुमान दिखाई देता है।सिंचाई और जल प्रबंधन पर बड़ा जोर वर्षा पर निर्भरता कम करने की दिशा में सकारात्मक कदम है।गन्ना क्षेत्र में सहकारी चीनी मिलों के आधुनिकीकरण के लिए लगभग 260 करोड़ से अधिक का प्रावधान किसानों के लिए लाभकारी माना जा रहा है।वहीं किसान क्रेडिट कार्ड पर 3 लाख करोड़ कृषि ऋण लक्ष्य डिजिटल और त्वरित वित्तीय सहायता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।हालाँकि दीर्घकालिक दृष्टि से कृषि अनुसंधान एवं विकास पर और स्पष्ट व सशक्त निवेश भविष्य की उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा के लिए आवश्यक है।कृषि विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों की भूमिका को मजबूत करना प्रदेश की कृषि क्षमता को नई दिशा दे सकता है।इन प्रावधानों से स्पष्ट है कि बजट का झुकाव अवसंरचना सुदृढ़ीकरण और आय विविधीकरण की ओर है। सिंचाई पर खर्च वर्षा निर्भरता कम करने में सहायक होगा।वहीं पशुपालन और डेयरी छोटे किसानों के लिए नियमित नकदी आय का माध्यम बन सकते हैं।ग्रामीण सड़कें, वेयरहाउस और मंडी सुधार किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने की दिशा में उपयोगी कदम हैं।फिर भी बदलते कृषि परिदृश्य में कृषि अनुसंधान एवं विकास तक का महत्व और बढ़ जाता है।उन्नत बीज,डिजिटल कृषि,मृदा स्वास्थ्य और जलवायु अनुकूल तकनीकें भविष्य की उत्पादकता तय करेंगी।कृषि विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है,जिसे नकारा नहीं जा सकता।इस क्षेत्र में क्रमिक और लक्षित निवेश बढ़ना प्रदेश की दीर्घकालिक कृषि प्रतिस्पर्धा को और मजबूत कर सकता है।यह बजट कृषि को सहारा देता है।

# बिना दस्तावेजों के एक राज्य से दूसरे राज्य माल लादकर ले जा रहे दो ट्रक धरे गये

जन एक्सप्रेस । हमीरपुर




राठ एसडीएम करनवीर सिंह ने चैकिंग के दौरान मुस्करा रोड पर बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस वे के पास मक्का लादकर मध्यप्रदेश के पलारी से पंजाब जा रहे एक ट्रक,जबकि दूसरे ट्रक को छिंदवाड़ा से उतरांचल जा रहे ट्रकों को बिना दस्तावेजों के दबोचकर मुस्कुरा मण्डी की सुपुर्दगी में दे दिये है ं। एसडीएम ने बताया कि एक ट्रक एच आर 62ए9627 जो बिना दस्तावेजों के ही मध्य प्रदेश के पलारी से पंजाब जा रहा था, जबकि दूसरे ट्रक यूपी 25बीटी4946 में भी 340.45 कुन्टल मक्का लोड था। जो छिंदवाड़ा से उतरांचल जा रहा था, एसडीएम करनवीर सिंह ने बताया कि

दोनों ही ट्रकों में खास बात ये देखने को मिली, कि दोनों ही ट्रक सिर्फ बिल के बूते पर ही माल को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जा रहे थे, जबकि दोनों ही ट्रकों के पास प्री-एराइवल स्लिप नहीं थी, एसडीएम ने बताया कि

दोनों ही ट्रकों को मुस्कुरा मण्डी कैम्पस में खड़ा कराने के साथ ही जुर्माना वसूल किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

चेकिंग के दौरान राघवेन्द्र कुमार चतुर्वेदी मण्डी सचिव, योगेश द्विवेदी मण्डी सहायक, दयाराम मण्डी अभिरक्षक, शमीम कम्प्यूटर आपरेटर खासतौर से मौजूद रहे।

# चित्रकूट के लाल का कमाल: एथलीट सत्यम ठाकुर ने मुरैना में जीता 'सिल्वर'

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



बुंदेलखंड की धरती प्रतिभाओं से खाली नहीं है और इस बात को एक बार फिर सच कर दिखाया है चित्रकूट जिले के उभरते हुए एथलीट सत्यम ठाकुर ने। मध्य प्रदेश के मुरैना स्थित भीम राव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सत्यम ने अपनी रफ्तार का लोहा मनवाते हुए जिले का नाम रोशन किया है। रामबरन ठाकुर के पुत्र सत्यम ने 400 मीटर दौड़ में चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। बेहद कड़े मुकाबले में सत्यम ने अपनी मेहनत और जुनून के दम पर सिल्वर मेडल (रजत पदक) अपने नाम किया। मैदान पर उनकी इस शानदार परफॉरमेंस को देखकर वहां मौजूद दर्शकों और कोचों ने उनकी जमकर सराहना की। सत्यम की इस जीत से न केवल उनके परिवार में खुशी की लहर है, बल्कि चित्रकूट के खेल प्रेमियों में भी भारी उत्साह है। यह मेडल इस बात का प्रमाण है कि अगर इरादे मजबूत हों, तो संसाधन बाधा नहीं बनते। सत्यम अब गोल्ड मेडल के लक्ष्य के साथ अपनी अगली तैयारी में जुट गए हैं।

# जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में 1190.84 लाख की लागत से सिंथेटिक रनिंग ट्रैक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि जनपदवासियों एवं खेल प्रेमियों की सुविधा के दृष्टिगत शासन ने जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनेपुर में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृत करते हुए कुल 1190.84 लाख रुपये प्रदान किए है। बताया कि निर्माण कार्य के लिए कार्यदायी संस्था सी. एंड डी.एस. जल निगम बांदा को नामित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित सिंथेटिक रनिंग ट्रैक 400 मीटर लंबा होगा तथा इसमें कुल आठ लेन होंगी। ट्रैक के बाहरी हिस्से में 2.5 मीटर चैड़ाई में इंटरलॉकिंग कार्य कराया जाएगा। इसके अतिरिक्त ट्रैक के चारों ओर चैनलिंक फेंसिंग, जल निकासी व्यवस्था एवं मिट्टी भराई सहित अन्य आवश्यक निर्माण कार्य भी किए जाएंगे। इस सम्बन्ध में कार्यदायी संस्था को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं। डीएम ने कहा कि जिला स्पोर्टस स्टेडियम में सिंथेटिक रनिंग ट्रैक के निर्माण से जनपद के खिलाड़ियों को प्रदेश, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए अन्य जनपदों या शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। यह परियोजना जनपद के खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

# सीडीओ ने किया केंद्रीय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल ने बुधवार को ग्राम पंचायत पुरवा तरौंहा में निर्माणाधीन केंद्रीय विद्यालय के भवन का निरीक्षण किया। यहां सीडीओ ने निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

निरीक्षण के दौरान बताया गया कि केंद्रीय विद्यालय का नया भवन केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) प्रयागराज द्वारा निर्मित किया जा रहा है। विभाग के जूनियर इंजीनियर ने बताया कि वर्तमान में निर्माण स्थल पर 112 मजदूर कार्यरत हैं, जो मौके पर कार्य करते हुए भी पाए गए। बताया कि निर्माण कार्य की निर्धारित पूर्णता तिथि जनवरी 2027 है। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। केन्द्रीय विद्यालय के प्राचार्य को निर्देशित किया कि वे निर्माण कार्य की दैनिक प्रगति की फोटोग्राफ प्राप्त कर नियमित रूप से अवगत कराएं। इस मौके पर मॉनिटरिंग कमेटी की सदस्य व राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ की (सिविल इंजीनियरिंग) प्रवक्ता उर्वशी कश्यप, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग प्रयागराज के जूनियर इंजीनियर मनीष केशरवानी, केंद्रीय विद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षक (कंप्यूटर साइंस) राजेश कुमार मौर्य, प्राचार्या स्नेह लता आदि मौजूद रहे।

# जिला अधिवक्ता संघ नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बांटे गये प्रमाण पत्र

## विजेता प्रत्याशियों को बार भवन में दिये गये प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस । 000



बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ जनपद उत्तरप्रदेश निर्वाचन प्रमाण पत्र सभी विजेता प्रत्याशियों को जिला बार भवन में प्रदान किया गया।जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष पद पर निर्वाचित विमल कुमार सिंह महासचिव पद पर राजेश कुमार त्रिपाठी ष्सोनूष् कोषाध्यक्ष पद पर सुशील सिंह एवं अन्य सभी सदस्यों को सम्मानित वरिष्ठ समिति के अध्यक्ष और सदस्यों के द्वारा निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया गया इस शुभ अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ के सम्मानित अधिवक्ता व पूर्व अध्यक्ष राम कृष्ण त्रिपाठी परशुराम, राजाभाईया मिश्रा,राम स्वरूप सिंह,द्वारिकेश मंडेला, मनोज निगम लाला,जयराज सिंह, ब्रजेश द्विवेदी,रामेंद्र सिंह,विनोद सिंह,गंगा प्रसाद चतुर्वेदी,प्रशांत तिवारी,अजय कुमार शुक्ला श्रीकांत त्रिपाठी,दीप गुप्ता,अंकित मिश्रा,कमलेश साहू,नंदकिशोर अवस्थी,मुकेश द्विवेदी,अर्जुन कुशवाहा,सत्यम सिंह,विजय शंकर शुक्ला,दीपेंद्र सिंह,विवेक सिंह, सौरभ सिंह एवं अन्य तमाम अधिवक्ताओं की गरिमामयी उपस्थित रही।

# ग्राम पंचायत करौंदी कला में वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट** भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में बीती नौ से 13 फरवरी तक चलाए जा रहे वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत रामनगर ब्लाक के करौंदी कला गांव में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अग्रणी जिला प्रबंधक अनुराग शर्मा ने ग्रामीण खाता धारकों बैंक की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में एलडीएम अनुराग शर्मा ने ग्रामीणों को बीमा योजनाओं, पेंशन योजनाओं, ई-केवाईसी प्रक्रिया, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा सुकन्या समृद्धि योजना के लाभों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही साइबर सुरक्षा सतर्कता के विषय में महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए ग्रामीणों को ऑनलाइन ठगी से बचाव के उपाय समझाए। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने कार्यक्रम में भाग लेकर बैंकिंग सेवाओं एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) के आर. जनार्दन, शाखा प्रबंधक संदीप कुमार, ग्राम प्रधान अरुण कुमार मिश्र, समाजसेवी निर्मल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# आरटीई के तहत प्रवेश के लिए तीन चरणों में आवेदन प्रक्रिया शुरू, 29 मार्च तक पूर्ण होगी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत गैर सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अलाभित समूह एवं दुर्बल वर्ग के बच्चों को कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा में प्रवेश दिलाए जाने के संबंध में प्रभावी रणनीति तैयार की गई।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बी.के. शर्मा ने बताया कि विगत दिनों हुई जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक में उच्चाधिकारियों द्वारा इस सम्बन्ध में निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत समस्त कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही इस सम्बन्ध में व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए जनपद के विभिन्न विभागों के कार्यालयों पर बैनर एवं होर्डिंग्स भी लगाए गए हैं। बताया कि इस बार इसमें तीन चरणों में आवेदन होंगे। प्रथम चरण के तहत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 16 फरवरी तक है। साथ ही आवेदन पत्रों के सत्यापन एवं लॉक करने की तिथि भी 16 फरवरी नियत है। प्रथम चरण की लॉटरी तिथि 18 फरवरी व प्रवेश की तिथि 20 फरवरी निर्धारित की गई है। इसी प्रकार द्वितीय चरण में ऑनलाइन आवेदन की तिथि 21 फरवरी से 7 मार्च निर्धारित की गई है। यह अवधि आवेदन पत्रों के सत्यापन एवं लॉक करने के लिए भी निर्धारित की गई है। द्वितीय चरण की लॉटरी तिथि 9 मार्च एवं प्रवेश की तिथि 11 मार्च निर्धारित की गई है। इसके अलावा तृतीय चरण की ऑनलाइन आवेदन की तिथि 12 से 25 मार्च निर्धारित की गई है। इसी अवधि में आवेदन पत्रों को सत्यापन एवं लॉक किया जाएगा। तृतीय चरण की लॉटरी तिथि 27 मार्च एवं प्रवेश की तिथि 29 मार्च होगी।

बताया कि इसमें अलाभित समूह में शासन की अधिसूचना के अनुसार अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग बच्चे, एचआईवी-कैंसर पीड़ित माता-पिता के बच्चे तथा निराश्रित एवं बेघर बच्चे आवेदन कर सकते हैं। बताया कि दुर्बल वर्ग में वे अभिभावक शामिल हैं, जिनकी वार्षिक आय अधिकतम एक लाख रुपये तक है। इसके अतिरिक्त गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) कार्ड धारक, ग्राम विकास विभाग की सूची में सम्मिलित परिवार, दिव्यांगता, वृद्धावस्था, विधवा पेंशन प्राप्त करने वाले अभिभावकों के बच्चे भी पात्र होंगे। इसमें ऑनलाइन आवेदन के लिए पासपोर्ट साइज फोटो तथा निवास के के लिए कोई एक साक्ष्य अनिवार्य है। साथ ही बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है, जो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी हुआ हो। बताया कि प्रवेश शैक्षिक सत्र 2025-26 में कक्षा एक व पूर्व प्राथमिक कक्षा में दिया जाएगा, जो कक्षा आठ तक मान्य रहेगा। इच्छित विद्यालय निवास प्रमाण पत्र में अंकित पते के संबंधित वार्ड या ग्राम पंचायत की परिधि में होना चाहिए। लाभार्थी वेबसाइट पर अथवा किसी भी जन सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

# दुष्कर्म के गुनाहगार को 10 साल की सख्त सजा के साथ ही हुआ 12 हजार का जुर्माना

**हमीरपुर।** मौदहा के नारायच में 23 जून 2018 को 16 साल की नाबालिग युवती के साथ नरायच गाँव के ही इन्द्रपाल पुत्र पुन्ना चमार ने जबरन बलात्कार की वारदात को अंजाम देने के साथ ही उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी, वारदात के बाद युवती की माँ की तहरीर पर मौदहा पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0-155/2018 धारा-376(2)एन,506 आईपीसी सहित 6 पाक्सो के तहत मामला दर्ज किया था। वही आपरेशन कन्विक्शन के तहत स्पेशल पाक्सो अदालत के स्कालर जज ने अभियुक्त इन्द्रपाल को गुनाहगार मानते हुये 10 साल की सख्त सजा के साथ 12 हजार रुपये का जुर्माना सुनाया। जबकि मामले की जांच तत्कालीन इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने पूरी करने के बाद अदालत में चार्जशीट दाखिल करदी थी, वही अभियोजन की तरफ से अदालत में जोरदार पैरवी करते हुये एडीजीसी रुद्र प्रताप सिंह ने अभियुक्त को सख्त सजा देने की मांग की थी।

# चलते ट्रक का धुरा टूटा निकले भागे पहिए! अधेड़ की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । बांदा



चलते ट्रक के दोनों पहिये निकल गए।जिस पर घर के बाहर बैठे अधेड़ के ऊपर ट्रक का पहिया चढ गया। जिससे उसकी मौत हो गई।वहीं नजदीक में बंधी भैस भी चपेट में आकर मर गई।चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।जानकारी के मुताबिक बिसंडा थाना क्षेत्र के बिलगांव निवासी 55 वर्षीय कल्लू पुत्र तिलउवा बुधवार की दोपहर खाना खाने के बाद अपने घर के बाहर बैठा था।तभी बिसंडा की ओर से जनपद आ रहा 18 चक्का ट्रक कल्लू के घर के पास ट्रक का धुरा टूट गया।जिससे ट्रक के दोनो पहिया एक साथ निकल गए।पहिये दरवाजे पर बंधी भैस के ऊपर चढने के बाद कल्लू के ऊपर भी चढ गया।जिससे भैस की मौके पर मौत हो गई।वहीं कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद ट्रक चालक को गाँव वालों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है।घायल कल्लू को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया।जहां डाक्टरो ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

# मऊ में सड़क चैड़ीकरण के लिए एसडीएम ने हटवाएं अवैध कब्जे

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




मऊ नगर पंचायत क्षेत्र में मंडौर चैराहे से टिकरा टोला रोड होते हुए महिला पुल तक जाने वाले मार्ग पर सड़क चैड़ीकरण के लिए अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। यह अभियान उप जिलाधिकारी मऊ राम ऋषि रमन के नेतृत्व में चलाया गया।

अभियान के दौरान जेसीबी मशीन की सहायता से सड़क किनारे बने अवैध निर्माण, मकान एवं अन्य अतिक्रमणों को हटाया गया। एसडीएम ने बताया कि यह अभियान सड़क के दोनों ओर नालो के निर्माण एवं मार्ग के चैड़ीकरण कार्य को सुगम बनाने के लिए चलाया गया है। अतिक्रमण हटने के बाद महिला पुल की ओर जाने वाले वाहनों को भीड़ व कम जगह की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर होगी। यह विशेष अभियान नगर पंचायत की टीम ने उप जिलाधिकारी के साथ मिलकर चलाया। स्थानीय नागरिकों द्वारा लंबे समय से इस मार्ग के चैड़ीकरण की मांग की जा रही थी। एसडीएम ने बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से अवैध कब्जा हटाने की चेतावनी दी है। साथ ही अतिक्रमण न हटाने वालों के विरुद्ध जुर्माना लगाते हुए विधिक कार्रवाई करने व अतिक्रमण को बलपूर्वक हटाने की बात कही है।

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक


# जन एक्सप्रेस

यूपी बजट ₹ 2026-27 ₹

**1** लखनऊ में नाइट सफारी के लिए 207 करोड़ का बजट

**2** वस्त्रोद्योग के 30,000 रोजगार सृजन का लक्ष्य

**3** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम सेक्टर के लिए 3,822 करोड़ का बजट




**वित्त मंत्री ने चार शायरियां पढ़ीं**

- *सितारा बनकर आसमां में वही चमकते हैं, डुबो देते हैं, जो अपने आप को पसीने में।*
- *ये बात अलग है कि तुम ना बदलो मगर जमाना बदल रहा है गुलाब पत्थर पर खिल रहा है। चिराग आंधी में जल रहा है।*
- *यही जुनून, यही ख्वाब मेरा है। दिया जला के रोशनी कर दूं जहां अंधेरा है।*
- *'बड़ी मुश्किल से कोई सुबह मुस्कुराती है, और गम हर शाम दबे पांव चली आती है कि वक्त लगता ही नहीं जिंदगी बदलने में, बदलने में वक्त जिंदगी लग जाती है ...*

**22676**

करोड़ का बजट नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति के लिए

**3822**

करोड़ रुपए का बजट सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्षेत्र के लिए प्रस्तावित किया गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 19 प्रतिशत ज्यादा है।

## सदन में पेश हुआ यूपी सरकार का अब तक का सबसे बड़ा बजट

# गरीब-युवा-किसान पर फोकस

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

योगी सरकार ने चुनाव से पहले अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश किया। 9 लाख 12 हजार करोड़ का ये बजट पिछले साल से 12% ज्यादा है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिलाओं, इंफ्रास्टक्चर पर खास फोकस किया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 43 हजार करोड़ रुपए की नई योजनाएं शुरू करने का ऐलान किया। अब बेटियों की शादी के लिए 51 हजार की जगह 1 लाख रुपए दिए जाएंगे। 10 लाख युवाओं को रोजगार दिए जाएंगे। प्रदेश में 60 मेडिकल कॉलेज हैं, 16 नए और खोले जाएंगे। 3 यूनिवर्सिटीज को भी शुरू किया जाएगा। केंद्र की तरह ही राज्य सरकार 7 शहरों को स्मार्ट सिटी डेवलप करेगी। मेघावी छात्रों को 400 करोड़ रुपए से स्कूटी बांटी जाएंगी। वहीं, मध्यम वर्ग को घर दिलाने के लिए उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद नई न्यू रेजीडेंसियल स्कीम लॉन्च करेगी। 34 हजार करोड़ रुपए से नार्थ-ईस्ट कॉरिडोर बनाया जाएगा। गोरखपुर से लेकर नेपाल बॉर्डर होते हुए सहारनपुर तक जाएगा। जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट में अब 2 की बजाय अब 5 रनवे बनेगा। वहीं, कृषि को 12%, उच्च से लेकर बेसिक एजुकेशन को 12.50 से 15% तक, जबकि हेल्थ को 6-8% अमाउंट दिया गया है। सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत पांच लाख रुपए तक का ऋण बिना ब्याज, बिना गारंटी मिलेगा।

### अयोध्या बनेगा स्मार्ट सिटी

प्रदेश में हवाई पट्टियों के निर्माण और भूमि अर्जन के लिए 1100 करोड़ आवंटित किए गए हैं। स्मार्ट सिटी की तर्ज पर यूपी के 7 नगर निगमों (अयोध्या, फिरोजाबाद, गोरखपुर, गाजियाबाद, मथुरा-वृंदावन, मेरठ और शाहजहांपुर) को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने की पहल) नागरिक उड्डयन के लिए 2111 करोड़ आवंटित किए गए हैं। नई स्कीम मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लिए 1000 करोड़ आवंटित

### 50 लाख करोड़ के हुए हैं एमओयू

यूपी में अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है। अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 4 ग्राउंड ब्रेकिग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है। भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाइयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उद्योग और तकनीक में निवेश के साथ ही प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु किए गए प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट अप रैंकिंग में लीडर श्रेणी की रैंकिंग हासिल हुई है।

**14** नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना और संचालन के लिए 1,023 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**400** करोड़ रुपए का बजट रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत रखा गया है। इस योजना में योग्य छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी

**37,956** करोड़ रुपए का बजट चिकित्सा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण के लिए



"बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया। एमएसएमई, कौशल विकास के साथ रोजगार जनरेटर के रूप में यूपी का बढ़ना तय है। हम जन विश्वास सिद्धांत के रूप में आगे बढ़ रहे। निवेशकों को सिंगल विंडो सुविधा दी जा रही है। हमने इज आफ डूइंग में अच्छा किया है। इसके लिए रूल आप लॉ रियल ग्रोथ की गांरटी है। आज यूपी सुरक्षा की गारंटी दे रहा है।

**योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री**

"कृषि उत्पादन में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण पर हमारा लक्ष्य है। यूपी में एग्री एक्सपोर्ट हब बनाए जाएंगे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लगभग लाखों किसानों को फायदा पहुंचा गया। हमारी सरकार ने रिकॉर्ड गन्ना भुगतान किया है। हमारी सरकार के पिछले और वर्तमान कार्यकाल में प्रदेश का सर्वांगीण विकास हुआ है।

**सुरेश खन्ना, वित्त मंत्री**

**9,12,696**

करोड़ रुपये का बजट जारी कर दिया है वित्त वर्ष 2026-27 के लिए जारी किया गया यह बजट यूपी सरकार का अभी तक का सबड़े बड़ा बजट है।

### केंद्र से यूपी को क्या मिला, वित्त मंत्री ने बताया

- केंद्रीय बजट में उत्तर प्रदेश को दो हाई स्पीड रेल कॉरिडोर दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-सिलीगुड़ीसे जोड़ा गया है।
- बजट में प्रदेश के पुरातात्विक और सांस्कृतिक महत्व के स्थलों सारनाथ और हस्तिनापुर के विकास की योजना भी शामिल की गई है।
- हर जिला अस्पताल में इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर की स्थापना।
- प्रत्येक जिले में छात्राओं के लिए हॉस्टल और 10 हजार टूरिस्ट गाइडों के कौशल विकास का प्रावधान किया गया है।
- केंद्र सरकार ने डायबिटीज और कैंसर की दवाओं के दाम कम करने की घोषणा भी की है, जिसे एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

**1** लड़कियों को शादी के लिए अब 1 लाख मिलेंगे

**2** अटल आवासीय विद्यालयों के लिए 70 करोड़ प्रस्तावित

**3** केंद्र की तरह ही राज्य सरकार 7 शहरों को स्मार्ट सिटी डेवलप करेगी

### कानून व्यवस्था को मजबूत करने पर दिखा जोर

- पुलिस कर्मियों के वाहन खरीदने के लिए 25 करोड़ मिलेंगे
- आयुष सेवाओं के लिए 2,867 बजट मिला
- पुलिस विभाग में 2.19 लाख भर्तियां की गईं
- एक्सपोर्ट प्रिपेयर्डनेस इंडेक्स 2024 में यूपी नंबर वन
- देश के 65 फीसदी मोबाइल का उत्पादन यूपी में
- मेरठ, मथुरा-वृंदावन और कानपुर को 800 करोड़ मिलेंगे
- कौशल विकास और जॉब प्लेसमेंट केंद्र स्थापित किए जाएंगे

### ये रहीं बजट की खास बातें

- एसडीजी इंडिया इण्डेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गयी है।
- राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया।
- अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रूपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है।
- इनमें से, अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रूपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 04 ग्राउण्ड ब्रेंकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं।
- उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है।
- भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयाँ प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है।
- उद्योग और तकनीक में निवेश के साथ ही प्रदेश में नवाचार को बढ़ावा देने हेतु किये गये प्रयासों के फलस्वरूप उत्तर प्रदेश राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर स्टार्ट अप रैंकिंग में ''लीडर श्रेणी'' की रैंकिंग हासिल हुई है। ▶ संबंधित खबर पेज 12 पर

# शिक्षा राज्यमंत्री का पुतला दहन कर संघ ने जताया विरोध

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के नेतृत्व में आज हाथरस में जिला बीएसए कार्यालय पर शिक्षकों का जोरदार, लेकिन शांतिपूर्ण प्रदर्शन हुआ। शिक्षक समाज के प्रति लगातार अपनाए जा रहे दोगले रवैये, तथा शिक्षकों पर जबरन ञश्वञ्ज पास कराने के दबाव के विरोध में शिक्षकों ने केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी का पुतला दहन कर आक्रोश प्रकट किया। जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को संघ पदाधिकारियों ने कहा कि सरकार और उसके प्रतिनिधि एक तरफ शिक्षक को ÷राष्ट्र-निर्माता÷ कहते हैं, और दूसरी तरफ उसी शिक्षक को अपमानित करके, दबाव बनाकर और डर के माहौल में काम कराने की कोशिश करते हैं। यह नीति शिक्षा के साथ भी और शिक्षक सम्मान के साथ भी खिलवाड़ है। प्रदर्शन के दौरान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि शिक्षकों पर ञश्वञ्ज को लेकर बनाया जा रहा जबरन दबाव तत्काल बंद किया जाए, ञ्द्रह्ल प्रकरण पर शिक्षक समाज के खिलाफ दोहरे और दोगले बयान और अपमानजनक भाषा पर सख्त रोक लगाई जाए । संघ ने चेतावनी दी कि यदि शिक्षक-विरोधी रवैया नहीं बदला गया, तो यह आंदोलन जनपदों से निकलकर देशव्यापी आंदोलन में बदला जाएगा और इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। प्रदर्शन में ज्ञान सागर पाठक जिला अध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बलरामपुर, शिवकुमार सोनी संयुक्त मंत्री, आलोक कुमार पांडेय नगर अध्यक्ष बलरामपुर, वेद प्रकाश पांडेय जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अवधेश श्रीवास्तव जिलामंत्री, अशोक कुमार गौतम ब्लॉक अध्यक्ष तुलसीपुर, सत्य प्रकाश पाठक ब्लॉक अध्यक्ष शिवपुरा, अब्दुल मुईद, प्रदीप कुमार पासवान, मनीष पांडेय जसवंत शुक्ला, आलोक कुमार शर्मा, विजय कुमार यादव, प्रियंका गुप्ता, अशोक मिश्रा, धर्मेंद्र शर्मा,, मुरलीधर तिवारी, विनोद कुमार, अनूप कुमार, बुद्ध सागर शुक्ला, अरविंद वर्मा, रियाज अहमद खान, कैलाश नाथ पांडेय, विपिन पांडेय, नीरज सिंह, विक्रम सिंह व अशोक पटेल सहित सैकड़ो शिक्षक उपस्थित थे।

## 42 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद व 250 किलो लहन नष्ट

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसारए अवैध शराब के निर्माणए बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व मेंए आबकारी निरीक्षक क्षेत्र.2 रोबिन आर्य मय हमराह द्वारा विभिन्न स्थानों पर दबिश की कार्यवाही की गयी। टीम द्वारा महाराजगंज तहसील के थाना बछरावा अंतर्गत संदिग्ध ग्राम टेरा बरौला एवं कंजहा में अवैध कच्ची शराब बनाने के अड्डोंध्संदिग्ध घरों में दबिश के दौरान जनपद में कुल 42 लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 250 किलो लहन बरामद कर लहन को मौके पर नष्ट किया गया एवं 02 अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किये गए ।जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

# नई रेल परियोजना में तेजी लाने के लिए रेल मंत्री से पूर्व सांसद ने की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर से होकर गुजरने वाली खलीलाबाद श्रावस्ती बहराझंच नई रेल लाइन परियोजना में तेजी लाए जाने को लेकर बुधवार को पूर्व सांसद ददन मिश्रा ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। उन्होंने रेल मंत्री को पत्र सौप कर बहराइच-खलीलाबाद रेल लाइन परियोजना की प्रगति से अवगत कराया। साथ उन्होने ने इस परियोजना में शामिल बलरामपुर, श्रावस्ती व बहराइच जनपद में हो रहे कार्यों में तेजी लाने की मांग की है।

रेल मंत्री को सौंपे गए पत्र में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कहा है श्रावस्ती और बलरामपुर के उतरौला तहसील में कोई रेल लाइन नहीं है। बहराइच-खलीलाबाद वाया भिंगा श्रावस्ती बलरामपुर उतरौला डुमरियागंज 4090 करोड़ की रेल परियोजना को मंजूरी दी गई थी। इसका शिलान्यास 2 मार्च 2019 को तत्कालीन रेल मंत्री पीयूष गोयल ने किया था। काम शूरू तो जरूर हुआ लेकिन प्रगति धीमी होने के कारण संसदीय क्षेत्र के दोनों जनपदों बलरामपुर व श्रावस्ती के साथ साथ बहराइच जिले के लोगों में निराशा व्याप्त है। पूर्व सांसद ने रेल मंत्री से अनुरोध करते हुए अवगत कराया है कि बहराइच-खलीलाबाद रेल लाइन के निर्माण कार्य में बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर जनपदों में परियोजना की प्रगति काफी धीमी है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए। जिससे बहुप्रतीक्षित इस रेल लाइन का निर्माण कार्य समय से पूरा किया जा सके।

# बोर्ड परीक्षा 2026 को लेकर सख्त निर्देश जारीए परिचय पत्र जमा करना अनिवार्य

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



बोर्ड परीक्षा वर्ष 2026 के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षकए रायबरेली द्वारा कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। जारी आवश्यक सूचना के अनुसार जनपद के सभी विद्यालयों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित कक्ष निरीक्षकों के परिचय पत्र अनिवार्य रूप से निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराना होगा।

निर्देशानुसार सभी विद्यालय अपने.अपने लॉगइन के माध्यम से उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की आधिकारिक वेबसाइट नचउेचणमकनणपद से कक्ष निरीक्षकों के फेटोयुक्त परिचय पत्र डाउनलोड करेंगे। डाउनलोड किए गए परिचय पत्रों को प्रत्येक दशा में तीन कार्यदिवस के भीतरए विलंबतम 13 फरवरी 2026 तक कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षकए रायबरेली में तीन प्रतियों में फइल कवर सहित जमा करना अनिवार्य होगा।

जारी निर्देशों के अनुसार परिचय पत्र की तीनों प्रतियों का अलग.अलग उपयोग निर्धारित किया गया है। एक प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अभिलेख हेतुए दूसरी प्रति संबंधित शिक्षक के प्रयोगार्थ तथा तीसरी प्रति आवंटित परीक्षा केंद्र के केंद्र व्यवस्थापक को शैक्षिक विवरण उपलब्ध कराने हेतु दी जाएगी। साथ ही केंद्र व्यवस्थापक को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि परीक्षा केंद्र पर तैनात कक्ष निरीक्षकों के शैक्षिक अभिलेखों की छाया प्रति सुरक्षित रूप से उपलब्ध रहे।

इसके अतिरिक्त सभी प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया है कि अपने विद्यालय के कक्ष निरीक्षकों के फेटोयुक्त परिचय पत्रों पर निर्धारित संख्या के अनुसार आवंटित परीक्षा केंद्र का नाम स्पष्ट रूप से अंकित कर निरीक्षक की प्रति जिला विद्यालय निरीक्षक से हस्ताक्षरित कराते हुए समय से प्रेषित करना सुनिश्चित करें। निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण न करने वाले विद्यालयों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही किए जाने की संभावना जताई गई है।

## फेयरवेल पार्टी के बाद गाड़ियों से लटककर स्टंट,पहचान स्पष्ट होने के दावे,कार्रवाई को लेकर उठे सवाल

जन एक्सप्रेस/तिलोई,अमेठी मोहनगंज थाना क्षेत्र में विश्व भारती स्कूल की फेयरवेल पार्टी के बाद कुछ युवकों द्वारा चलती गाड़ियों से लटककर स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है ।वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चा तेज हो गई है ।और पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल उठने लगे हैं ।वायरल वीडियो में कुछ युवक कारों से बाहर लटककर खतरनाक करतब करते दिखाई दे रहे हैं ।यह हरकत न केवल उनकी अपनी जान के लिए जोखिम भरी थी,बल्कि सड़क पर गुजर रहे अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन सकती थी ।प्रारंभिक तौर पर यह मामला यातायात नियमों के उल्लंघन से जुड़ा माना जा रहा है ।स्थानीय लोगों का दावा है,कि वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान स्पष्ट रूप से हो रही है ।चर्चा है,कि इनमें शाहमऊ एवं बेरारा के युवक शामिल बताए जा रहे हैं ।हालांकि इस संबंध में पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है ।क्षेत्रवासियों का कहना है, कि यदि ऐसे मामलों में समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए,तो युवाओं में गलत संदेश जाएगा ।और भविष्य में कोई गंभीर हादसा हो सकता है ।अभिभावकों ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है ।खबर लिखे जाने तक मोहनगंज पुलिस की ओर से कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया था। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं,कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस क्या कार्रवाई करती है।

# मंडलायुक्त अयोध्या मण्डल ने कलेक्ट्रेट व तहसील तिलोई की व्यवस्थाओं का लिया जायजा,पारदर्शिता व त्वरित निस्तारण पर दिया जोर

जन एक्सप्रेस । अमेठी



मंडलायुक्त अयोध्या मण्डल, अयोध्या राजेश कुमार ने बुधवार को जनपद के कलेक्ट्रेट एवं तहसील तिलोई परिसर का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अजय कुमार सैनी, जिलाधिकारी संजय चौहान, प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी तथा एडीएम न्यायिक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।मंडलायुक्त ने पहले कलेक्ट्रेट परिसर का भ्रमण कर विभिन्न पटलों एवं अनुभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया।उन्होंने नजारत अनुभाग,वेतन लिपिक,विविध लिपिक कक्ष, राजस्वसहायक कक्ष,ई-गवर्नेंस सेल सहित अन्य कार्यालय कक्षों में अभिलेखों के रख-रखाव, पत्रावलियों के निस्तारण एवं जनसुविधाओं की स्थिति का गहन निरीक्षण किया।इस दौरान मंडलायुक्त ने कार्मिकों की सेवा पुस्तिकाओं, वेतन वृद्धि,मानव सम्पदा पोर्टल पर चल-अचल संपत्ति विवरण,रिट संबंधी प्रकरणों, शिकायती पत्रों,लंबित एवं निस्तारित फाइलों की स्थिति, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों के भुगतान तथा कर्मचारियों की उपस्थिति,वरासत एवं नए आवेदनों की पेंडेंसी की विस्तार से समीक्षा की।उन्होंने संबंधित कार्मिकों को निर्देशित किया कि किसी भी पत्रावली को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए।तथा उसका त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।मंडलायुक्त ने कार्यालय परिसर में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं जैसे वाटर कूलर,शौचालय,प्रतीक्षालय,साफ-सफाई एवं पेयजल व्यवस्था का भी निरीक्षण किया।उन्होंने निर्देश दिया कि पेयजल व्यवस्था हर समय सुचारु रहे,आरओ वाटर कूलर नियमित रूप से साफ एवं क्रियाशील रखे जाएं।तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो।कार्यालयों में कार्य वितरण स्पष्ट रूप से सुनिश्चित किया जाए,सभी कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं पूर्ण एवं अद्यतन रखी जाएं।कार्यालयीय कार्यों का संचालन ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्थाएं पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं जनहितकारी होनी चाहिए।कलेक्ट्रेट निरीक्षण के उपरांत मंडलायुक्त ने तहसील तिलोई का भी निरीक्षण किया।यहां उन्होंने उपजिलाधिकारी न्यायालय एवं तहसीलदारन्यायालय का निरीक्षण कर लंबित वादों की समीक्षा की।इसके अतिरिक्त तहसील अभिलेखागार का निरीक्षण कर अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, सीलन की रोकथाम हेतु समुचित प्रबंध, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था एवं नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप पारदर्शी प्रशासन, समयबद्ध निस्तारण एवं बेहतर जनसुविधाएं सुनिश्चित करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है

# नपाप अध्यक्ष ने किया संत आवास व भंडारा हाल निर्माण का शिलान्यास

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में आदर्श नगर पालिका चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के सौजन्य से एच आर एन सेवा फाउंडेशन द्वारा नगर के गेल्हापुर स्थित श्री उदासी संगत मंदिर परिसर में सत्संग सभागार, संत आवास एवं भंडारा हाल के निर्माण पूजन अर्चन के साथ शिलान्यास किया गया ।

जानकारी के अनुसार 11 फरवरी को नगर के गेल्हापुर स्थित श्री उदासी संगत मंदिर परिसर में सत्संग सभागार,संत आवास,एवं भंडारा हाल के निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजन-अर्चन के साथ संपन्न हुआ। यह निर्माण कार्य हरिका रविंद्र नागेश्वर (।।ऋह) सेवा फाउंडेशन के सौजन्य से कराया जा रहा है,जिससे मंदिर परिसर को आधुनिक एवं सुविधाजनक स्वरूप प्राप्त होगा।

कार्यक्रम में परम पूज्य महंत बृजानन्द जी महाराज एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू ने विधिवत भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मंदिर विकास के इस पुनीत कार्य की सराहना की। मंदिर परिसर में आधुनिक सुविधाओं से युक्त विशाल सत्संग सभागार एवं भंडारा हाल के निर्माण से दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी। साथ ही संत आवास के निर्माण से साधु-संतों के ठहरने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इससे क्षेत्र में आध्यात्मिक एवं धार्मिक गतिविधियों को और अधिक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। ।।ऋह सेवा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समाजसेवा एवं धार्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भविष्य में भी मंदिर विकास,जनकल्याण एवं धार्मिक आयोजनों के लिए सहयोग जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को महंत बृजानन्द जी महाराज का दिव्य आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह 'गुड्डु, एमएलके पीजी कालेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, डीपी सिंह बैस, रमेश पाहवा, संजय शर्मा, डॉ.राजीव रंजन, लड्डु सिंह डॉ.अजय सिंह पिंकू, संजय मिश्र, विनोद गिरी, राघवेंद्र कान्त सिंह मंटू, संजय शुक्ल, शशिकांत त्रिपाठी, गौरव पान्डेय, ज्ञान सागर पाठक, गौरव मिश्र, शिवम मिश्र सहित अनेक गणमान्य नागरिक, साधु-संत एवं क्षेत्रीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## डीएम ने नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पण किया

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा आज जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन में नवनिर्मित शिक्षण कक्ष का लोकार्पणध् उदघाटन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय सलोन का दिनांक 03 अगस्त 2024 को निरीक्षण किया गया थाए जिसमें कक्षा.06 से कक्षा.08 की संचालित कक्षाओं के भवन का निरीक्षण किया गया थाए जो अत्यंत जर्जर अवस्था में पाया गया था। उन्होंने कहा कि उक्त कार्य को कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी ;सी0एस0आर0द्ध के अन्तर्गत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि0 के सहयोग से आवासीय विद्यालय में छात्रों के लिए नवीन 03 कमरों एवं शौचालयों के निर्माण हेतु धनराशि रू0 49ण्74 लाख के प्रोजेक्ट को स्वीकृत कराकर निर्माण हेतु दिनाँक 11 फरवरी 2025 को भूमि पूजन कर निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया थाए जिसका आज लोकार्पणध्उदघाटन किया गया।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

जन एक्सप्रेस । अमेठी



भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर बुधवार को गौरीगंज स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशू शुक्ला ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन राष्ट्र सेवा,सादगी,त्याग और समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उनका एकात्म मानववाद का सिद्धांत समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने की प्रेरणा देता है।उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार आज भी प्रासंगिक हैं।और संगठन के कार्यकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध हो रहे हैं।उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से संगठन की मजबूती और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संदेश दिया। उनके आदर्शों को आत्मसात कर ही समग्र एवं संतुलित विकास की परिकल्पना साकार की जा सकती है।कार्यक्रम में पार्टी प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह,पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय सिंह,मंडल अध्यक्ष संग्रामपुर राजेश शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।अंत में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# नारायण फाउंडेशन ने थामा जरूरतमंद परिवार का हाथ, बिटिया की शादी में किया सहयोग



जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

उत्तर प्रदेश की अग्रणी समाजसेवी संस्था नारायण फाउंडेशन ने जरूरतमंद गौड़ परिवार की बेटी के विवाह में सहयोग कर मानवीय संवेदना की मिसाल पेश की है। संस्था के संरक्षक विवेक मौर्य के निर्देश पर अकबरपुर तहसील क्षेत्र के कहरा सुलेमपुर, पोस्ट-परस कटुई निवासी बिटिया महिमा गौड़ को विवाह उपहार स्वरूप गृह उपयोगी वस्तुएं व आर्थिक सहायता प्रदान की गई। बताया गया कि महिमा गौड़ के माता-पिता के निधन के बाद परिवार की पूरी जिम्मेदारी उनके छोटे भाई हिमांशु गौड़ पर आ गई थी। आर्थिक कठिनाइयों के चलते हिमांशु ने ग्राम प्रधान अशोक प्रजापति के साथ विवेक मौर्य से भेंट कर स्थिति से अवगत कराया। जानकारी मिलने पर विवेक मौर्य ने भाई धर्म निभाते हुए नारायण फाउंडेशन के माध्यम से सहयोग सुनिश्चित कराया।

नारायण फाउंडेशन द्वारा बिटिया को बेड, सिंगारदान, पंखा, बक्सा, रजाई, तकिया, गद्दा, कुर्सी, मेज, प्रेस, मिक्सर, चादर व बाथरूम सेट भेंट किए गए। जब फाउंडेशन की टीम शादी का सामान लेकर बिटिया के घर पहुंची तो बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वागत करते हुए संस्था व विवेक मौर्य के प्रति आभार व्यक्त किया।

उल्लेखनीय है कि विवेक मौर्य अपने व्यक्तिगत प्रयासों से अब तक 90 से अधिक जरूरतमंद बहन-बेटियों के विवाह में सहायता कर चुके हैं। नारायण फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते हुए जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

## टीईटी पर केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी के बयान से आक्रोशित शिक्षकों ने पुतला फूंकाएनारेबाजी की

रायबरेली। संसद द्वारा वर्ष 1993 में पारित एनसीटीई अधिनियम के अंतर्गत देशभर में भर्ती एवं कार्यरत लगभग 20 लाख शिक्षकों की सेवाओं पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से उत्पन्न संकट तथा सरकार की उदासीनता के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघए शाखादृरायबरेली के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी का पुतला जलाकर गहरी नाराज़गी व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि छह माह बीत जाने के बाद भी भारत सरकार द्वारा कोई ठोस समाधान न निकालना शिक्षकों के साथ अन्याय है। 20 लाख शिक्षक और उनके परिवार असुरक्षा में जी रहे हैंए लेकिन सरकार मौन है। यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो शिक्षक समाज बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

जिला मंत्री मुकेश द्विवेदी ने कहा कि संसद में केन्द्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी द्वारा दिया गया जवाब शिक्षकों की भावनाओं को आहत करने वाला है। सरकार को शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करना चाहिएए न कि उनकी आवाज को अनसुना करना चाहिए।

# यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को लेकर डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुयी बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



आगामी यूपी बोर्ड परीक्षा को निष्पक्ष, निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराए जाने को लेकर जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में एम एल के पीजी कॉलेज में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी और जोनल मजिस्ट्रेट, समस्त क्षेत्राधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, सचल दल प्रभारी, केंद्र व्यवस्थापक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जानकारी दी गई कि जनपद में यूपी बोर्ड परीक्षा 18 फरवरी से 12 मार्च तक कुल 66 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी, जिसमें लगभग 36 हजार 150 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा को पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई है। प्रधानाचार्य और नोडल अधिकारी बोर्ड परीक्षा चंदन पांडे द्वारा सभी अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को बोर्ड परीक्षा की गाइडलाइन एवं एसओपी की विस्तृत जानकारी दी गई तथा परीक्षा संचालन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया गया।

बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। परीक्षा अवधि के दौरान केंद्रों के आसपास सतर्क निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी बाहरी व्यक्ति को परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

जिलाधिकार ने सभी जोनल, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट को निर्देशित किया कि वे परीक्षा से पूर्व बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर लें और अपने-अपने दायित्वों को स्पष्ट रूप से समझते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी मजिस्ट्रेट एवं केंद्र व्यवस्थापक आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें, जिससे परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की बाधा न आए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मजिस्ट्रेट अपने आवंटित परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का भौतिक सत्यापन कर लें। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, वॉइस रिकॉर्डर, पेयजल, स्वच्छ शौचालय, विद्युत आपूर्ति, जनरेटर बैकअप सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता, कड़ाई एवं नकलविहीन वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक के में सभी अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा परीक्षा को सफल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद , विशेष पर्यवेक्षक एडी बेसिक गोंडा व अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहें।



### ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग का...

जनपद में सड़कों पर ओवरलोड वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक माल ढोते पाए गए पांच माल वाहनों के विरुद्ध... पढ़ें पेज 07 पर...

# कुकरैल नाइट सफारी के लिए 207 करोड़ का बजट

## लखनऊ में मिल्क प्रोड्यूसिंग कंपनी खुलेगी, कैंसर संस्थान और प्रेरणा स्थल के लिए खोला खजाना

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी के बजट में योगी सरकार ने लखनऊ को बड़ा तोहफा दिया है। वित्त मंत्री ने शहर के विकास के लिए तकरीबन 1000 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया है। सीएम योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट लखनऊ के कुकरैल नाइट सफारी के लिए 207 करोड़ रुपए का बजट दिया गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के लिए 50 करोड़ का फंड दिया जाएगा। जियामऊ स्थित कैंसर संस्थान के लिए 315 करोड़ रुपए दिए गए हैं। बजट में बताया गया है कि लखनऊ में मिल्क प्रोड्यूसिंग कंपनी खोली जाएगी। इसके अलावा, लखनऊ में डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना के लिए अतिरिक्त बजट जारी किया गया है। सरकार को अनुमान है कि डिफेंस कॉरिडोर से पूरे प्रदेश में 53,263 लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। कुकरैल नाइट सफारी 2027 एकड़ में तैयार की जा रही है। नाइट सफारी में 1,510 करोड़ रुपए का बजट लगेगा। सरकार ने पिछले बजट में 100 करोड़ रुपए जारी किए थे। सरकार का कहना है कि इस सफारी को सिंगापुर की नाइट सफारी की तर्ज पर बनाया जाएगा।



### यूपी बजट में लखनऊ को और क्या-क्या मिला...

- लखनऊ में बन रही कुकरैल नाइट सफारी के लिए 207 करोड़ रुपए दिए गए हैं।
- कैंसर संस्थान, लखनऊ के लिए 315 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- राष्ट्र प्रेरणा स्थल के प्रबंधन, संचालन, सुरक्षा और अनुरक्षण के लिए 50 करोड़ रुपए का कॉर्पस फंड जारी किया गया है।
- लखनऊ विकास क्षेत्र और प्रदेश के दूसरे विकास प्राधिकरणों के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 800 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।
- अयोध्या, मथुरा, लखनऊ समेत 17 नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सांस्कृतिक केंद्र का निर्माण ऐशबाग लखनऊ में किया जा रहा है।
- डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर परियोजना में अब तक 200 रक्षा उद्योगों की स्थापना हेतु रूह किए गए हैं। इनमें 35,280 करोड़ रुपए का निवेश और 53,263 लोगों को सीधे रोजगार का अनुमान है।
- महिला सामर्थ्य योजना के तहत प्रदेश में 5 मिल्क प्रोड्यूसर कंपनियां खोली जानी थीं। गोरखपुर, बरेली और रायबरेली में काम शुरू भी हो गया है। प्रयागराज और लखनऊ में कंपनियों का गठन किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण/नए शहर प्रोत्साहन योजना के लिए 3,500 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके तहत मेरठ में 35 साल, आगरा में 33 साल, लखनऊ में 22 साल बाद नई आवासीय योजना लॉन्च की गई है। बुलंदशहर में पहली बार औद्योगिक योजना लॉन्च की गई है।
- आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सालयों में दवाओं की व्यवस्था के लिए प्रदेश में 2 राजकीय औषधि निर्माण शालाएं लखनऊ और पीलीभीत में संचालित हैं। अब इनकी उत्पादन क्षमता में इजाफे का प्रयास किया जा रहा है।
- हर जिला अस्पताल में इमरजेंसी, छात्राओं के लिए हॉस्टल बनाया जाना है। 10 हजार टूरिस्ट गाइडों का कौशल विकास किया जाना है। इस योजना का लाभ लखनऊ को भी मिलेगा।

### अब नाइट सफारी को जानिए...

- 16 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में लखनऊ के कुकरैल वन क्षेत्र में नाइट सफारी और चिड़ियाघर के निर्माण को हरी झंडी दी गई। तब यह देश का पहला और एशिया का 5वां नाइट सफारी प्रोजेक्ट था।
- कुकरैल जंगल 2027.46 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला है। इसमें से 350 एकड़ में नाइट सफारी और 150 एकड़ में नया प्राणि उद्यान विकसित किया जाएगा। लखनऊ के नवाब वाजिद अली शाह चिड़ियाघर को भी यहीं शिफ्ट किया जाना है। इस नाइट सफारी को सिंगापुर की नाइट सफारी की तर्ज पर डिजाइन किया जाना है, जहां टाइगर, लेपर्ड, भालू जैसे वन्यजीव खुले वातावरण में रात के वक्त भी देखे जा सकें।
- इस प्रोजेक्ट पर 1,510 करोड़ रुपए खर्च होंगे। व्यय वित्त समिति ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति भी दे दी है। 4 करोड़ रुपए पास भी हो चुका है। हालांकि अभी कुकरैल नाइट सफारी के टेंडर प्रस्ताव को कैबिनेट में पास किया जाना बाकी है। जिसे अप्रैल में ही पास किया जाना था, लेकिन अभी तक नहीं हो पाया।
- यह पूरा प्रोजेक्ट दो फेज में पूरा होगा। पहले फेज में नाइट सफारी के साथ इको टूरिज्म जोन को विकसित किया जाएगा। जबकि दूसरे फेज में चिड़िया घर का निर्माण कराया जाएगा। नाइट सफारी में 72 फीसदी एरिया में ग्रीनरी रहेगी। यहां पर सौर ऊर्जा का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इको टूरिज्म में कैफेटेरिया, 7-डी थिएटर, ऑडिटोरियम, पार्किंग की भी सुविधा होगी। साथ ही एडवेंचर जोन भी होंगे।



# लखनऊ में वीएचआरपी का विरोध प्रदर्शन

## हुमायूं कबीर का पुतला फूंका, मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद निर्माण के खिलाफ नारेबाजी



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने लगातार दूसरे दिन विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद नहीं जाने दिया गया, जिसके बाद प्रदर्शन जारी है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल के नेतृत्व में हुमायूं कबीर का पुतला फूंका गया। प्रदर्शनकारियों ने नारा लगाया 'हुमायूं हम आएंगे बाबरी फिर से गिराएंगे' हाथों में भगवा झंडा लेकर बाबरी मस्जिद निर्माण का विरोध किया गया। गोपाल राय ने कहा- हम बाबर के नाम से मस्जिद का निर्माण नहीं होने देंगे। जब एक बार बाबरी मस्जिद का नाम मिट चुका है तो फिर क्यों उसे जिंदा करके पूरे भारत का माहौल खराब किया जा रहा है।

### 'बाबर के नाम से नहीं बनेगी मस्जिद'

गोपाल राय ने कहा- आज जो पश्चिम बंगाल के विधायक हुमायूं कबीर मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद का निर्माण शुरू करवा रहा है। ये देश का माहौल खराब करने की सोची समझी साजिश है। उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली से हजारों की संख्या में हमारे कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल के लिए कूच किया। मगर, उन्हें रोक लिया गया। पश्चिम बंगाल बॉर्डर पर 25000 कार्यकर्ता को रोका गया है।

### 'ममता बनर्जी राजनीति कर रही हैं'

गोपाल राय ने कहा- कल हमें दिल्ली में हाउस अरेस्ट कर लिया गया था। आज हम लखनऊ आ गए। हमें यहां से निकलने नहीं दिया जा रहा है। अगर हमें रोका ना जाता तो हम दिखाते कि इस मस्जिद के निर्माण को रोकने के लिए क्या कर सकते हैं। AIMIM के नेता आने वाले चुनाव की वजह से बाबरी मस्जिद का समर्थन कर रहे हैं। ममता बनर्जी इस पूरे मामले पर राजनीति करके माहौल को खराब कर रही हैं। हम लोग न माहौल खराब होने देंगे और न मस्जिद का निर्माण होने देंगे। हुमायूं कबीर का कहना है कि पश्चिम बंगाल अयोध्या नहीं है तो हमको यह बताना चाहते हैं कि यह पाकिस्तान भी नहीं है।

### दूसरे के नाम पर मस्जिद बने, वीएचआरपी मदद करेगा

सैकड़ों मस्जिद बनाएं, हमें कोई आपत्ति नहीं है। हमारा संगठन ईंट, बालू, सीमेंट, लेबर सब कुछ देगा। हर तरीके से मदद भी करेगा। मगर बाबर के नाम पर हम एक भी मस्जिद नहीं बनने देंगे। वीर अब्दुल हमीद, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. अब्दुल कलाम के नाम पर मस्जिद बनाई जाए। हमारा संगठन सहयोग करेगा।

### कोर्ट के जरिए मस्जिद को गिरवाएंगे

हमने अपने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वह कानून के खिलाफ जाकर कोई भी काम ना करें। अपने घरों को वापस लौट आएं। हम लोग कानून का सम्मान करने वाले लोग हैं। कानून को तोड़ने वाले नहीं। यह भारत का संविधान है जिस पर हमें पूरा यकीन है। हम लोग सभी धर्म का सम्मान करने वाले भाईचारा को मानने वाले लोग हैं। अगर इस मस्जिद का निर्माण हो भी जाता है तो हम कोर्ट जाएंगे। सुप्रीम कोर्ट के जरिए से इस मस्जिद को गिरवाएंगे।

# प्रदेश में समय से पहले ही गर्मी की आहट, फरवरी में उतरे स्वेटर-जॉकेट, मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में मौसम ने धीरे-धीरे करवट बदल ली है। पछुआ हवा की रफ्तार कमजोर पड़ने के साथ ही दिन के तापमान में लगातार तीसरे दिन बढ़ोतरी दर्ज की गई। हवा में फाल्गुन की हल्की गर्माहट साफ महसूस होने लगी है, जिससे फरवरी में ही मार्च जैसा अहसास हो रहा है। बुधवार को राजधानी लखनऊ सहित आसपास के जिलों में गर्मी का अहसास हुआ। मंगलवार को तेज धूप निकलने से लोगों को दिन में गर्मी का अहसास हुआ। सुबह और रात की गलन अब कम होने लगी है। तराई क्षेत्र समेत पूरे प्रदेश से कोहरे की लगभग विदाई हो चुकी है, जिससे मौसम साफ और शुष्क बना हुआ है। तापमान के लिहाज से मंगलवार को बांदा प्रदेश में सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वाराणसी में पारा 29.1 डिग्री और प्रयागराज में 28.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इन तीनों जिलों में दिन का तापमान 30 डिग्री के करीब पहुंचने के संकेत मिल रहे हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार के अनुसार पछुआ कमजोर रहने और धूप तेज होने के कारण आने वाले दिनों में दिन के तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। हालांकि, सुबह-शाम अभी हल्की ठंड बनी रहने की संभावना है।



### धूप में बढ़ी तपिश, अभी और चढ़ेगा पारा

राजधानी में मंगलवार को भी धूप में तपिश महसूस हुई, साथ ही सुबह और शाम के समय ठंड में भी कमी दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि अगले दो दिनों में तापमान में और वृद्धि होगी, जिससे लोगों को गर्मी का अहसास होगा। इस बार मौसम में गर्माहट पिछले वर्ष की तुलना में जल्दी महसूस किया जा रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल पछुआ हवा कमजोर पड़ी है। इस वजह से तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। अगले सात दिन मौसम के शुष्क रहने के संकेत हैं। मंगलवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान बिना किसी बदलाव के 26.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 10 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा।

## चाइनीज मांझा पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार से पूछा, मौत के बाद क्यों हरकत में आता है अमला? कहा, जवाब के साथ हाजिर हों

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने यूपी में खतरनाक चाइनीज मांझे से होने वाली मौतों और लोगों के घायल होने पर सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने इसकी रोकथाम के लिए राज्य सरकार को ठोस कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार से पूछा कि प्रदेश में चाइनीज मांझे पर रोक के लिए क्या कदम उठाए जाएंगे? इसके लिए सरकारी वकील को 11 मार्च तक जवाब दाखिल करने को कहा है। साथ ही कहा कि अभिभावकों समेत बच्चों में खतरनाक मांझे की जागरुकता फैलाई जाए। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति अवधेश कुमार चौधरी की खंडपीठ ने बुधवार को यह आदेश स्थानीय अधिवक्ता मोतीलाल यादव की वर्ष 2018 में दाखिल जनहित याचिका पर दिया। इसमें प्रदेश में चाइनीज मांझे पर सख्त प्रतिबंध लगाने की गुजारिश की गई है।

# यूपी बजट 2026: मायावती ने दी प्रतिक्रिया, कहा, ये लोक लुभावन, सुर्खियां बटोरने की कोशिश ज्यादा



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी सरकार की ओर से वर्ष 2026-27 के लिए पेश किए गए बजट पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा में आज पेश किया गया 2026-27 का बजट लोक लुभावना ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं प्रदेश में सर्वसमाज व सभी क्षेत्र के विकास का कम प्रतीत होता है। फिर भी जो घोषणाएं व आश्वासन आदि जनता को देने का प्रयास किया गया है, उसका सही से समयबद्ध तरीके से अमल जरूर हो ताकि ये केवल कागजी न रह जाए। साथ ही पिछले वर्ष के बजट का जमीनी क्रियान्वयनों का सही डाटा देकर बजट भाषण की परंपरा को वाकई में ठोस व विश्वसनीय बनाया जाता तो यह उचित होता. जबकि वर्तमान बजट भी अखबारों की सुर्खियां बटोरने वाला ज्यादा प्रतीत होता है जिससे एक बार फिर लोगों को अपने 'अच्छे दिन' की उम्मीदों पर पानी फिर गया लगता है। उन्होंने आगे कहा कि वैसे भी उत्तर प्रदेश के लोगों को स्थाई आमदनी वाले रोजगार व्यवस्था का इंतजार बना हुआ है, जिसको लेकर गंभीरता एवं सक्रियता की आवश्यक है। इस सम्बंध में एससी, एसटी व ओबीसी आरक्षण पर भी सरकार का समुचित ध्यान देना जरूरी है। बैकलाग की भर्ती की भी जितनी जल्दी पूर्ति हो उतना बेहतर होगा। वैसे भाजपा सरकार अगर बसपा की चारों सरकार की तरह 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' के संवैधानिक दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने का प्रयास करे तो यह देश व जनहित में उचित होगा। बजट भी इस दिशा में ही होना चाहिए अर्थात् बजट वर्ग व क्षेत्र विशेष का हितकारी तथा खासकर करोड़ों गरीब एवं किसान-विरोधी ना होकर उनके जीवन सुधार का माध्यम हो तो यह सही होगा।

## एसटीईएम और कौशल विकास को एआई मिशन से मिलेगी मजबूती

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट और स्मार्टफोन के लिए बजट में प्रावधान

लखनऊ 11 फरवरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने, शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाने और उभरते तकनीकी क्षेत्रों में प्रदेश को अग्रणी बनाने की दिशा में बजट में कई अहम घोषणाएं की गई हैं। बजट में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। इसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है, ताकि वे ऑनलाइन शिक्षा, स्किल डेवलपमेंट और रोजगार के आधुनिक अवसरों से जुड़ सकें। एमएसएमई सेक्टर को मजबूती देने के लिए विशेष पहल की गई है। खासतौर पर पुराने कंबल कारखानों के आधुनिकीकरण की दिशा में बजट में प्रस्ताव रखा गया है। हर वर्ष गरीबों को कंबल वितरण के लिए अतिरिक्त प्रावधान करने पड़ते हैं।

# 'यूपी सरकार पंडित दीनदयाल के सपने साकार कर रही'

## डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी श्रद्धांजलि, सीएम योगी ने भी चित्र पर चढ़ाए फूल

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

पुण्यतिथि पर याद किए गए पंडित दीनदयाल उपाध्याय, सीएम योगी ने चित्र पर पुष्पार्पित कर किया नमन

लखनऊ में भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम रखा। इसमें सीएम योगी को पहुंचना था लेकिन वह कैबिनेट बैठक और उसके बाद बजट सत्र के चलते नहीं पहुंच पाए। इसके बाद कार्यक्रम को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संबोधित किया। उन्होंने कहा- पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों को उत्तर प्रदेश सरकार साकार कर रही है। सीएम योगी की गैरमौजूदगी में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मेयर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मेयर संयुक्ता भाटिया और भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी सहित पदाधिकारी और कार्यकर्ता पहुंचे। कार्यक्रम चारबाग स्थित पंडित दीनदयाल स्मृतिका वाटिका में आयोजित किया गया। सीएम कार्यक्रम में नहीं पहुंचे लेकिन उन्होंने अपने सरकारी आवास पर ही पंडित दीनदयाल के चित्र पर फूल चढ़ाए।



### पंडितजी के सिद्धांतों की बदौलत नई दिशा

ब्रजेश पाठक ने कहा- पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपनों के क्रम में यूपी सरकार हर गरीब को पक्का मकान, हर गरीब को जीवन जीने लायक सभी वस्तुएं दे रही है। मैं उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की तरफ से पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा-सुमन अर्पित करता हूं। अपने देशवासियों से अपील करता हूं कि सभी लोग कम से कम पंडितजी के एकता, मानववाद के सिद्धांत को जानें, समझें और उसको धरातल पर उतारें। भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलें। पंडितजी ने जनसंघ की स्थापना काल से लेकर अपने सिद्धांतों की बदौलत देश पर नई दिशा देने का काम किया था। आज उसको पूरा करने का काम हमारी डबल इंजन की सरकारें कर रही हैं।

### सीएम योगी ने लिखा- पावन स्मृतियों को नमन

सीएम योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा- भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य, एकात्म मानववाद के प्रणेता श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि पर आज लखनऊ में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सशक्त राष्ट्र के निर्माण तथा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की ज्योति पहुंचाने का उनका संदेश हम सभी के लिए अप्रतिम प्रेरणा का स्रोत है।

# एमिटी लॉ स्कूल में 'लेक्स कार्निवल-5' का भव्य आयोजन, देशभर के विधि विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

एमिटी लॉ स्कूल, एमिटी यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश, लखनऊ परिसर द्वारा वार्षिक विधि उत्सव 'लेक्स कार्निवल' के 5वें संस्करण का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी विधिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों, दिल्ली विश्वविद्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय तथा इलाहाबाद सहित विभिन्न महाविद्यालयों और विद्यालयों के छात्रों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अनिल कुमार सिंह, आईपीएस, पुलिस अधीक्षक (सिक्योरिटी), लखनऊ उपस्थित रहे। आयोजन प्रो. (डॉ.) अनिल वशिष्ठ, प्रो-वाइस चांसलर एवं प्रो. (डॉ.) तपन कुमार चंदोला, निदेशक, एमिटी लॉ स्कूल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। लेक्स कार्निवल के अंतर्गत पाँच प्रमुख प्रतियोगिताओं-लीगल मैक्सिम बी, जजमेंट राइटिंग प्रतियोगिता, स्किट प्रतियोगिता, हिट द बज़ तथा नो योर रोल-का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने विधिक ज्ञान, विश्लेषणात्मक क्षमता, तार्किक सोच और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को न्यायिक प्रक्रिया, विधिक तर्क और समसामयिक कानूनी विषयों की गहरी समझ विकसित करने का अवसर मिला। साथ ही, विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्रों के बीच संवाद और विचार-विमर्श से शैक्षणिक वातावरण और अधिक समृद्ध हुआ। आयोजन की सफलता में फैकल्टी कन्वीनर्स, शिक्षकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के मार्गदर्शन, सहयोग और समर्पण की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिसके लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया। 'लेक्स कार्निवल-5' ने एक बार फिर एमिटी लॉ स्कूल को विधि शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया।



## महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड और उत्पाद विपणन योजना से सशक्त होगी आधी आबादी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बजट में महिलाओं, युवाओं, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, पर्यटन और दिव्यांगजन कल्याण को केंद्र में रखते हुए प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने का रोडमैप पेश किया है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। प्रदेश ने महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान को प्राथमिकता देते हुए ई क्यूब के रूप में एंप्लाइमेंट, इंटरप्राइसेस और एक्सीलेंस के तहत उल्लेखनीय प्रगति की है। बीते नौ वर्षों में उत्तर प्रदेश में महिला श्रम बल भागीदारी 13 प्रतिशत से बढ़कर 36 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसे आगे बढ़ाने के लिए महिला उद्यमी उत्पाद विपणन योजना की बजट में घोषणा की गई है, जो केंद्रीय बजट में प्रस्तावित सी-मार्ट की तर्ज पर कार्य करेगी। बजट में महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से महिलाओं को ब्याज मुक्त पूंजी उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि वे छोटे-छोटे उद्यमों के लिए महंगे कर्ज के बोझ से मुक्त रह सकें और लखपति दीदी लक्ष्य को साकार किया जा सके। कामकाजी महिलाओं के लिए प्रत्येक जनपद स्तर पर श्रमजीवी महिला छात्रावास के निर्माण के लिए भी बजट में धनराशि सुनिश्चित की गई है। बजट में युवाओं के लिए एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए वन डिस्ट्रिक्ट, वन कमिश्नरी, वन डिविजनल हेड क्वार्टर, वन स्पोर्टस कॉलेज की परिकल्पना रखी गई है। प्रदेश के 18 कमिश्नरी मुख्यालयों पर एक-एक स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जाएगी।मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर बन रही स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी अप्रैल-मई तक पूरी हो जाएगी।

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# सत्ता का भ्रष्ट बाजार और भारत का नैतिक संकल्प

**मानवता की चिंता का भव्य प्रदर्शन उसके भीतर छिपे पाखंड को अब नहीं ढक सकता। दुनिया जिस गति से मूल्यहीन जीवन की ओर बढ़ रही है, वह चिंताजनक है। नैतिकता को धीरे धीरे विकल्प की तरह देखा जाने लगा है और सफलता को जिम्मेदारी से अलग कर दिया गया है। यह नैतिक संकट अब एक वैश्विक महामारी का रूप ले चुका है। ऐसे समय में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है, यह एक ऐसी सभ्यता है जिसने हजारों वर्षों से संतुलन, करुणा, सत्य और सामूहिक कल्याण पर बल दिया है।**

*आधुनिक युग में मानवता अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रही है। वैज्ञानिक नवाचार, आर्थिक विस्तार और राजनीतिक प्रभाव उन ऊंचाइयों तक पहुंच चुके हैं, जिन्हें मानव इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। राष्ट्र अधिक शक्तिशाली हो गए हैं, तकनीक अधिक बुद्धिमान हो गई है और लोग पहले से कहीं अधिक जुड़े हुए हैं। किंतु इस शक्ति और क्षमता के बढ़ते विस्तार के साथ साथ चरित्र, नैतिकता और मानवीय संवेदनशीलता में एक चिंताजनक गिरावट भी दिखाई दे रही है। आज दुनिया एक विरोधाभासी मोड़ पर खड़ी है, जहां भौतिक प्रगति तेजी से आगे बढ़ रही है, वहीं समाज की नैतिक और आचारिक नींव कमजोर पड़ती जा रही है। सत्ता अपने आप में न तो अच्छी होती है, न बुरी। उसका मूल्य पूरी तरह उस व्यक्ति के चरित्र पर निर्भर करता है जिसके हाथ में वह होती है। जब सत्ता का संचालन बुद्धिमत्ता, सत्यनिष्ठा और करुणा से होता है, तब वह प्रगति, स्थिरता और सामंजस्य का निर्माण करती है, लेकिन जब वह स्वार्थ, लालच और अहंकार के अधीन हो जाती है तो विनाशकारी बन जाती है। सद्गुणों से रहित अधिकार समाज का निर्माण नहीं करता, बल्कि उसे भीतर से तोड़ देता है। यही हमारे समय का मौन संकट है। कोई व्यक्ति कितना भी प्रभावशाली, धनी, शिक्षित या सम्मानित क्यों न बन जाए, यदि उसका नैतिक और सामाजिक चरित्र भ्रष्ट है, तो वह समाज के लिए गंभीर खतरा बन जाता है। इतिहास ने बार बार यह सिद्ध किया है कि सत्ता और धन का दुरुपयोग राष्ट्रों की नींव को कमजोर कर देता है। जब प्रभावशाली पदों पर बैठे लोग सामूहिक हित के बजाय निजी लाभ को प्राथमिकता देने लगें तब भ्रष्टाचार एक रोग की तरह फैलता है। संस्थाएं कमजोर पड़ जाती हैं, विश्वास समाप्त हो जाता है और लोगों का न्याय तथा निष्पक्षता पर भरोसा डगमगाने लगता है। देखने में आज यही आ रहा है कि यह संकट किसी एक देश तक सीमित नहीं है। वैश्विक युग में नैतिक पतन हर महाद्वीप पर दिखाई देता है। धन, प्रसिद्धि और नियंत्रण की अंधी दौड़ ने ऐसी संस्कृति को जन्म दिया है, जहां सफलता का मापदंड अक्सर नैतिक आचरण के बजाय भौतिक उपलब्धियां बन गई हैं। भोगवाद और उपभोक्तावाद जीवनशैली पर हावी हैं। डिजिटल लत ने सार्थक मानवीय संबंधों की जगह ले ली है। कृत्रिम लोकप्रियता ने सच्चे सम्मान को पीछे छोड़ दिया है। संसाधनों की होड़ तीव्र और कई बार निर्मम हो चुकी है। शक्तिशाली राष्ट्र, विशाल कॉरपोरेट साम्राज्य और प्रभावशाली वैश्विक संस्थाएं मानव मूल्यों की रक्षा और विकास को बढ़ावा देने का दावा करती हैं। वे कल्याण, मानवाधिकार और प्रगति की भाषा बोलती हैं। परंतु इस सुसज्जित छवि के पीछे एक चिंताजनक सच्चाई भी छिपी है। अपार धन और संसाधनों ने कई बार इन व्यवस्थाओं को मानवीय पीड़ा के प्रति उदासीन बना दिया है। लालच फैसलों को संचालित करता है। विकास के नाम पर पर्यावरण का विनाश जारी है। तकनीकी प्रगति कई बार मानसिक और सामाजिक बंधन का कारण बन जाती है। आधुनिकीकरण की दौड़ में सांस्कृतिक परंपराएं धीरे -धीरे क्षीण हो रही हैं। मनोरंजन उद्योग पर्दे पर ऐसे अतिरंजित नायकों को महिमामंडित करता है जो दुनिया को बचाते हैं, जबकि वास्तविक दुनिया में होने वाले अनेक कार्य विभाजन, संघर्ष और शोषण को बढ़ावा देते हैं। जो राष्ट्र लोकतंत्र और समानता के मूल्यों का गर्व से गुणगान करते हैं, वे कभी कभी युद्धों, संसाधनों के दोहन और आर्थिक प्रभुत्व में भी भागीदार बनते हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपियन यूनियन और फिर अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौते हुए उनके विषय में जानकारी देते हुए बताया कि अब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और समझौते कर रही है। कांग्रेस को भी यह अवसर मिला था, उन्होंने यह क्यों नही कर दिखाया? प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से कांग्रेस, लेफ्ट व डीएमके सहित टीएमसी पर भी तीखा हमला बोला और उन्होंने बंगाल की टीएसमी सरकार को देश की सबसे निर्मम सरकार बताते हुए कहा कि यह लोग अपने अंदर नहीं झाकते अपितु हमको यहां बैठकर उपदेश देते हैं। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा सांसद सदानंद मास्टर के भाषण का संज्ञान लेते हुए वैचारिक सहिष्णुता की चर्चा की।**

# संसद सत्र: संविधान का अपमान कौन कर रहा है



मृत्युंजय दीक्षित

**ज्ञातव्य है कि सदानंद मास्टर के दोनों पैर वामपंथी विचारधारा के लोगों ने निर्ममता से केवल उनकी विचारधारा अलग होने के कारण काट दिए थे। कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने जो रवैया अपनाया है उसने देश के वास्तविक मुद्दों को उठाने का एक सुनहरा अवसर खो दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा को घेरने के बजाय उन्होंने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी को ही अपने ऊपर आक्रमण करने का अवसर दे दिया है।**



2026 का बजट सत्र हल्ले-गुल्ले और अराजकता की भेंट चढ़ता दिखाई दे रहा है। यहाँ बजट के अतिरिक्त अन्य सभी विषयों को उठाए जाने का प्रयास हो रहा है। स्थितियां इतनी विकट हैं कि संसदीय इतिहास में पहली बार राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री लोकसभा में उत्तर नहीं दे सके और राष्ट्रपति का अभिभाषण बिना किसी चर्चा के पारित हो गया। यद्यपि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में 97 मिनट लंबा और प्रभावशाली उत्तर दिया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने विपक्ष द्वारा की गई सभी टिप्पणियों का संज्ञान लेते हुए अपनी बात रखी। प्रधानमंत्री मोदी का यह संबोधन देश के स्वर्णिम भविष्य और विकास की दिशा को भी दर्शाता है। राष्ट्रपति के अभिभाषण के समय हंगामा करके देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करने के बाद जब समय आने पर राहुल गांधी को बोलने का अवसर दिया गया तो उन्होंने विषय से इतर जाकर पूर्व सेना प्रमुख नरवणे की एक अप्रकाशित पुस्तक कोट करते हुए चीनी घुसपैठ का पुराना मुद्दा उछालने का प्रयास किया। लोकसभा अध्यक्ष द्वारा नियमों के अंतर्गत व्यवस्था दिए जाने के बाद भी राहुल गांधी अपनी बात पर अड़े रहे। यह एक आश्चर्यजनक व्यवहार है कि नेता प्रतिपक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलने के स्थान पर पुराने मुद्दे उठाए और उनको भी आपत्तिजनक रूप से रखकर देश की सेना और सदन का अपमान करे। लोकसभा में कांग्रेस तथा इंडी गठबंधन की महिला सांसदों ने जिस प्रकार प्रधानमंत्री मोदी का रास्ता रोकने की योजना बनायी और लोकसभा अध्यक्ष को प्रधानमंत्री से सदन न आने का अनुरोध करना पड़ा वो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। विडम्बना ये है कि यही लोग अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बाते करते हैं। राज्यसभा में बोलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस में भाग न लेकर विपक्षी दलों ने न केवल राष्ट्रपति पद का अपमान किया है अपितु एक गरीब परिवार से निकलकर आई आदिवासी

**जम्मू-कश्मीर से धारा 370 से हटाई इसलिए या हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है इसलिए? प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है?**

महिला का भी अपमान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में राहुल गांधी व कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को ग़द्दार कहने पर भी राहुल गांधी घेरा। प्रधानमंत्री ने कहा कि इनका अहंकार सातवें आसमान पर पहुंच गया है। कांग्रेस छोड़कर कितने ही लोग निकले हैं किसी और को तो ग़द्दार नहीं कहा, ये सिख हैं इसलिए कहा, ये सिखों का, गुरुओं का अपमान था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा में चेयर पर कागज फेकें गए जब असम के सदस्य चेयर की कुर्सी पर विराजमान थे क्या यह असम का अपमान नहीं? जब आंध्र प्रदेश के एक दलित सदस्य चेयर की कुर्सी पर बैठे थे तब उन पर भी कागज फेंके गए क्या यह एक दलित बेटे और संविधान का अपमान नहीं है ? प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आखिर कांग्रेस उनके लिए कब्र खुदेगी का नारा क्यों देती है ? हमने जम्मू -कश्मीर से धारा 370 से हटाई इसलिए या हमने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारा है इसलिए? प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि ये कौन सी मोहब्बत की दुकान है जो देश के किसी नागरिक की कब्र खोदने के सपने देखती है? आजकल मोहब्बत की दुकान खोलने वाले 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' के नारे लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं देश के युवाओं के लिए मजबूत जमीन तैयार कर रहा हूं तो कांग्रेस मोदी की कब्र खोदने के कार्यक्रम करवा रही है। हमने नार्थ ईस्ट में बम बंदूक और आतंक का जो साया बना रहता था वहां शांति और विकास की राह अपनाई इसलिए वह मोदी की कब्र खोद रहे हैं। पाकिस्तानी आतंकवादियो को घर में घुसकर मारते हैं, ऑपरेशन सिंदूर करते हैं और इसलिए वे मोदी की कब्र खोदना चाहते हैं। मोदी तेरी कब्र खुदेगी ये जो उनके भीतर नफरत भरी हुई है मोहब्बत की दुकान में जो आग भरी पड़ी हुई है, उसका कारण है किकांग्रेस इस बात को पचा नहीं पा रही है कि कोई और क्यों प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठा है, ये तो हमारा पैतृक अधिकार था इसलिए वे हताशा में मोदी की कब्र खोदने के नारे लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने आगे जोड़ा कि कांग्रेस को ये सहन नही हो रहा हे कि जो समस्याएं उसने 60 सालो में पाल- पोस कर बड़ी की थीं मोदी उनका एक-एक करके समाधान क्यों कर रहा है? कांग्रेस को ये सब पसंद नहीं आ रहा है इसलिए अब कांग्रेस के नेता मोदी तेरी कब्र खुदेगी का नारा लगा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूरोपियन यूनियन और फिर अमेरिका के साथ जो व्यापार समझौते हुए उनके विषय में जानकारी देते हुए बताया कि अब पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है और समझौते कर रही है। कांग्रेस को भी यह अवसर मिला था, उन्होंने यह क्यों नही कर दिखाया? प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के माध्यम से कांग्रेस, लेफ्ट व डीएमके सहित टीएमसी पर भी तीखा हमला बोला और उन्होंने बंगाल की टीएसमी सरकार को देश की सबसे निर्मम सरकार बताते हुए कहा कि यह लोग अपने अंदर नहीं झाकते अपितु हमको यहां बैठकर उपदेश देते हैं। प्रधानमंत्री ने राज्यसभा सांसद सदानंद मास्टर के भाषण का संज्ञान लेते हुए वैचारिक सहिष्णुता की चर्चा की, ज्ञातव्य है कि सदानंद मास्टर के दोनों पैर वामपंथी विचारधारा के लोगों ने निर्ममता से केवल उनकी विचारधारा अलग होने के कारण काट दिए थे। संसद के वर्तमान सत्र में राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने जो रवैया अपनाया है उसने देश के वास्तविक मुद्दों को उठाने का एक सुनहरा अवसर खो दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा को घेरने के बजाय उन्होंने भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी को ही अपने ऊपर आक्रमण करने का अवसर दे दिया है।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 12:21 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 13:33 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | हरषाना, 27:00 |
| सूर्योदयः | 07:05 |
| सूर्यास्तः | 18:04 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 13:57-15:19 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:13-12:56 |

## जन एक्सप्रेस

### धक्कामुक्की–नारेबाजी

*आ जाओ काम पर ।*
*ना रोड़े अटकाओ ।।*
*कामकाज ठप है ।*
*कुछ तो कर दिखाओ ।।*
*धक्कामुक्की - नारेबाजी ।*
*हथकंडा पुराना ।।*
*जनता ने ठुकरा दिया ।*
*छोड़ो मूर्ख बनाना ।।*
*राह नहीं आसान अब ।*
*होगा करना काम ।।*
*धराशायी आपके अब ।*
*मुद्दे सब तमाम ।।*
*कब से मुंह की खा रहे ।*
*ना लज्जा पर आई ।।*
*संसद वाली हरकतें ।*
*ना लेती अंगड़ाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# दिमाग के लिए चीनी से भी ज्यादा खतरनाक हैं ये 4 खाद्य पदार्थ

**यह** बात तो आप जानते ही होंगे कि अधिक मात्रा में चीनी नहीं खाना चाहिए। इसका हमारी ओवर ऑल हेल्थ पर बुरा असर पड़ता है। इसकी वजह से मोटापा बढ़ता है, ब्लड शुगर का स्तर प्रभावित होता है और यह कई अन्य गंभीर बीमारियों का जोखिम भी बढ़ता है। क्या आप जानते हैं कि ज्यादा चीनी खाने से ब्रेन हेल्थ पर भी नेगेटिव असर पड़ता है?

**रिफाइंड कार्ब्सः** रिफाइंड कार्ब्स और प्रोसेस्ड ग्रेन जैसे पेस्ट्रीज, कूकीज, व्हाइट ब्रेड और व्हाइट राइस हमारी हेल्थ के लिए बिल्कुल सही नहीं है। इनका ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी ज्यादा होता है। इसलिए, जैसे ही आपका इसका सेवन करते हैं, बॉडी में ब्लड शुगर का स्तर तेजी से बढ़ जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार जिन फूड आइटम्स का ग्लाइसेमिक इंडेक्स ज्यादा होता है, उनका सेवन कम करना चाहिए। जरनल में प्रकाशित एक रिसर्च से पता चलता है कि लंबे समय तक रिफाइंड कार्ब्स का सेवन करने से दिमाग पर भी बुरा असर पड़ता है। इससे याददाश्त कमजोर होती है, निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है और सोशल एक्टिविटी भी कमजोर होती है।

**ट्रांस फैटः** ट्रांस फैट, अनसैचुरेटेड फैट



का एक प्रकार होता है। जहां एक ओर अनसैचुरेटेड फैट हमें एनिमल प्रोडक्ट जैसे मीट और डेयरी प्रोडक्ट से मिलता है, वहीं ट्रांस फैट जैसे बिस्किट, नमकीन और फ्रोजन फूड्स इंडस्ट्रियली प्रोड्यूस किए जाते हैं। आमतौर पर अनसैचुरेटेड चिंता का विषय नहीं होते हैं, लेकिन ट्रांस फैट हमारी दिमाग पर बुरा असर डाल सकते हैं। एनसीबीआई में प्रकाशित एक अध्ययन से भी यह पता चलता है कि 45 साल से अधिक उम्र के लोग के लिए ट्रांस फैट का सेवन बिल सही नहीं है। इससे उनकी याददाश्त पर बुरा असर देखने को मिलता है।

**सैचुरेटेड फैटः** ट्रांस फैट की ही तरह सैचुरेटेड फैट भी हमारे ब्रेन के लिए सही नहीं है। एनसीबीआई में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, मोटापे से ग्रस्त लोगों के लिए सैचुरेटेड फैट बिल्कुल सही नहीं है। इससे उनकी कॉग्नीटिव परफॉर्मेंस बिगड़ती है। जाहिर है, यह स्थिति सही नहीं है। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि हर व्यक्ति को मोटापे से बचने के लिए हेल्दी चीजों का सेवन करना चाहिए। अपनी कॉग्नीटिव परफॉर्मेंस में सुधार के लिए ओमेगा-3 फैटी एसिड की मात्रा अधिक रखनी चाहिए। इससे अल्जाइमर होने का रिस्क भी कम होता है।

**अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूडः** एनसीबीआई की एक अन्य रिपोर्ट से यह बात भी सामने आई है कि अधिक मात्रा में प्रोसेस्ड फूड लेने से रोजमर्रा के कामकाज करने की क्षमता कमजोर होती है। विशेषज्ञ समझाते हैं कि जो लोग नियमित रूप से अधिक मात्रा में रोजाना की जरूरत का 19.9 फीसदी कैलोरी अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड से लेते हैं, उनकी सोचने-समझने की क्षमता कमजोर हो जाती है और कामकाज करने में भी बाधा आती है।

**निष्कर्षः** यह सच है कि समय के अभाव और बढ़ते काम के दबाव के चलते ज्यादातर लोग रेडी टू ईट फूड को ज्यादा प्राथमिकता देते हैं। विशेषज्ञों की यही सलाह है कि ऐसी चीजों को अपनी डाइट का हिस्सा बिल्कुल न बनाएं, जो आपकी मेंटल और फिजिकल हेल्थ को प्रभावित करती हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# मार्क्स, मशीनरी और मोदी मॉडल: अफसरशाही का नया चेहरा



प्रो. आरके जैन

**तुलनात्मक दृष्टि से देखें तो पहले भी मंत्रालयों से मासिक और त्रैमासिक रिपोर्ट मांगी जाती थीं, लेकिन उनमें अंकों की सख्त व्यवस्था नहीं थी। नई प्रणाली ने उस ढांचे को अधिक औपचारिक और कठोर बना दिया है।**

**भारत** की सर्वोच्च प्रशासनिक व्यवस्था, जिसे अब तक रहस्यमय फाइलों, लंबी बैठकों और धीमी प्रक्रियाओं का पर्याय माना जाता था, आज एक नए दौर में प्रवेश कर चुकी है। कैबिनेट सेक्रेटेरिएट द्वारा यूनियन सेक्रेटरियों के लिए शुरू किया गया 'मार्क्स-बेस्ड परफॉर्मेंस रिव्यू' न केवल एक प्रशासनिक प्रयोग है, बल्कि यह पूरी ब्यूरोक्रेसी की सोच और कार्यशैली को बदलने वाला कदम भी है। जिस तरह स्कूलों में छात्रों की योग्यता रिपोर्ट कार्ड से आंकी जाती है, उसी तरह अब देश के सबसे वरिष्ठ अधिकारियों का मूल्यांकन अंकों के आधार पर किया जा रहा है। यह व्यवस्था दक्षता बढ़ाने की कोशिश है या नियंत्रण का नया हथियार, यह सवाल आज हर प्रशासनिक गलियारे में गूंज रहा है। इस नई प्रणाली की बुनियाद तथ्यों, आंकड़ों और मापदंडों पर रखी गई है। कैबिनेट सेक्रेटरी द्वारा भेजे गए प्रशासनिक स्कोरकार्ड कुल सौ अंकों पर आधारित हैं, जिनमें एक दर्जन से अधिक पैरामीटर्स शामिल किए गए हैं। फाइल डिस्पोजल को सर्वाधिक महत्व दिया गया है (अधिकतम 20 अंक), जो प्रशासनिक गति का प्रतीक माना जाता है। इसके बाद

**ऐसे में यह आशंका स्वाभाविक है कि कहीं यह प्रणाली राजनीतिक प्राथमिकताओं को थोपने का माध्यम न बन जाए। यदि किसी विभाग का प्रदर्शन सरकार के एजेंडे से मेल नहीं खाता, तो उसे कम अंक मिलने का खतरा हो सकता है। इससे अधिकारी जोखिम लेने और नए प्रयोग करने से बच सकते हैं। नवाचार के लिए स्वतंत्रता जरूरी होती है, और अत्यधिक नियंत्रण उस स्वतंत्रता को सीमित कर सकता है।**

आउटपुट/गतिविधियां (15 अंक), योजनाओं पर खर्च (15 अंक), पूंजीगत व्यय (15 अंक), जनशिकायत निवारण, कैबिनेट नोट्स, प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग ग्रुप (पीएमजी) द्वारा मॉनिटर की जाने वाली परियोजनाओं की समयबद्ध पूर्ति, तथा पे एंड अकाउंट्स ऑफिस (पीएओ) और चीफ कंट्रोलर ऑफ अकाउंट्स (सीसीए) द्वारा बिलों का समयबद्ध निपटारा जैसे तत्व जोड़े गए हैं। इसका स्पष्ट उद्देश्य यह है कि अब केवल प्रक्रियाओं पर नहीं, बल्कि परिणामों पर ध्यान केंद्रित किया जाए। इस व्यवस्था का सबसे दिलचस्प पहलू नेगेटिव और डिस्क्रेशनरी मार्क्स का प्रावधान है। यदि कोई विभाग विदेशी यात्राओं या इवेंट्स पर अत्यधिक खर्च करता है, सेक्रेटरी स्तर या ऊपर की फाइलों में असामान्य लंबित रखता है या एमएसएमई को भुगतान में देरी करता है, तो उसके कुल 12 अंक काटे जा सकते हैं। वहीं, असाधारण कार्य या योगदान के लिए कैबिनेट सेक्रेटरी द्वारा 5 अतिरिक्त अंक दिए जा सकते हैं। यह व्यवस्था प्रशासनिक अनुशासन को मजबूत करने के साथ-साथ व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी तय करती है। पहले जहां गलतियों पर अक्सर पर्दा डाल दिया जाता था, अब हर चूक अंकतालिका में दर्ज होगी। इस तरह यह प्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही का नया ढांचा तैयार करती है। प्रशासनिक सुधार के दृष्टिकोण से यह कदम एक तरह की क्रांति कहा जा सकता है, जो 2024 में शुरू हुए मासिक डेमी-ऑफिशियल लेटर्स में मंत्रालय-विशिष्ट मात्रात्मक इंडिकेटर्स जोड़कर विकसित हुआ है। पारंपरिक ब्यूरोक्रेसी में प्रदर्शन मूल्यांकन अक्सर वरिष्ठों की व्यक्तिगत राय या वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट तक सीमित रहता था। उसमें वस्तुनिष्ठता का अभाव रहता था। अब आंकड़ों के आधार पर मूल्यांकन होने से निर्णय अधिक वैज्ञानिक और निष्पक्ष होंगे। फाइलों के तेजी से निपटारे से योजनाओं का क्रियान्वयन तेज होगा और विकास परियोजनाएं समय पर पूरी होंगी। यह प्रधानमंत्री की उस सोच के अनुरूप है, जिसमें देरी को विकास का सबसे बड़ा दुश्मन माना गया है। मोटिवेशन के नजरिए से देखें तो यह स्कोरकार्ड प्रणाली एक दोधारी तलवार की तरह है। एक ओर, बेहतर अंक पाने की होड़ से अधिकारी अधिक सक्रिय, सतर्क और परिणामोन्मुख बनेंगे। उन्हें अपनी कमजोरियों को पहचानने और सुधारने का अवसर मिलेगा। दूसरी ओर, निरंतर मूल्यांकन का दबाव मानसिक थकान और तनाव भी बढ़ा सकता है। यदि कोई अधिकारी बार-बार कम अंक पाता है, तो उसका आत्मविश्वास कमजोर हो सकता है। स्कूल परीक्षाओं की तरह, यहां भी सफलता प्रेरणा बन सकती है और असफलता निराशा का कारण। संतुलन बनाए रखना इसलिए अत्यंत आवश्यक होगा। इस व्यवस्था का राजनीतिक पक्ष भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। डिस्क्रेशनरी मार्क्स का अधिकार कैबिनेट सेक्रेटरी (वर्तमान में डॉ. टी वी सोमनाथन) के पास है, जो सीधे सरकार के अधीन होते हैं।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम : डॉ.संजीव अग्रवाल

- लिटिल एंजेल्स स्कूल में सातवीं वार्षिक जूनियर स्पोर्ट्स मीट का भव्य आगाज़
- रंगारंग माहौल में गूंजती रही तालियां, दो दिवसीय प्रतियोगिताओं की शानदार शुरुआत

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार





पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल में सातवीं वार्षिक जूनियर दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ उल्लास, उत्साह और रंगारंग वातावरण के बीच संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर खेल भावना और ऊर्जा से सराबोर नजर आया। प्री-नर्सरी से कक्षा फर्स्ट तक के नन्हे-मुन्ने खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास के साथ ट्रैक पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक, कार्यकारी निदेशक उज्ज्वल अग्रवाल, उप प्रधानाचार्या अंजू सक्सेना, हेडमिस्ट्रेस नीना मेहरोत्रा, अकाउंटेंट राजेश गंगवार तथा कोऑर्डिनेटर्स पल्लवी गुप्ता एवं प्रिया जैन के गरिमामयी स्वागत के साथ हुआ। जूनियर कार्यकारिणी के सदस्यों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

### मशाल प्रज्वलन के साथ खेल भावना की शपथ

कार्यक्रम की शुरुआत में विद्यालय प्रबंधक डॉ. संजीव अग्रवाल ने सभी प्रतिभागी बच्चों को खेल भावना से खेलने की शपथ दिलाई। इसके पश्चात पवित्र मशाल प्रज्वलित कर उसे स्पोर्ट्स कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को सौंपा गया। दोनों ने ट्रैक का एक चक्कर लगाकर मशाल दौड़ पूर्ण की, जिससे पूरे परिसर में रोमांच का माहौल बन गया। दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों और बच्चों ने तालियों की गूंज से खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने बच्चों के बीच जाकर रंग-बिरंगे गुब्बारे उड़ाए और डॉ. संजीव अग्रवाल ने औपचारिक रूप से स्पोर्ट्स मीट प्रारंभ करने की घोषणा की।

प्रतियोगिताओं के दौरान बच्चों ने अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी विजेता बच्चों को विद्यालय प्रबंधक एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेताओं के चेहरों पर खुशी और अभिभावकों के चेहरे पर गर्व स्पष्ट झलक रहा था। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन शिक्षिका साक्षी पाठक ने किया। खेल प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में खेल शिक्षक राजेश कुमार, बीना कुमारी, मसूद हसन एवं प्रदीप राघव का विशेष योगदान रहा।

### खेल के माध्यम से सर्वांगीण विकास का संदेश

स्पोर्ट्स मीट के प्रथम दिन का समापन उत्साह,अनुशासन और खेल भावना के संदेश के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे आयोजन न केवल बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं, बल्कि टीम वर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं। दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के आगामी दिन की प्रतियोगिताओं को लेकर बच्चों और अभिभावकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

विद्यालय परिसर खेल भावना की ऊर्जा से सराबोर है, जहां हर नन्हा खिलाड़ी अपनी प्रतिभा से नई ऊंचाइयों को छूने को तत्पर है।

**कार्यक्रम की प्रमुख झलकियां**

- सातवीं वार्षिक जूनियर दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन
- मशाल प्रज्वलन एवं खेल शपथ समारोह
- प्री-नर्सरी से फर्स्ट तक विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताएं
- विजेताओं को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान
- शिक्षिका साक्षी पाठक द्वारा प्रभावी उद्घोषणा
- खेल शिक्षकों द्वारा सफल संचालन
- प्री-नर्सरी में दिखा उत्साह

**हुपूज (बाल बैलेंस रेस)**

- बालक वर्ग- विग्नेश (प्रथम), गिलमान (द्वितीय), श्रेयांश (तृतीय)
- बालिका वर्ग- वैदेही (प्रथम), अशनूर (द्वितीय), अग्रिमा (तृतीय)

**वुडपैकर वर्ग**

- बालक वर्ग- युवराज (प्रथम), अभिनव (द्वितीय), अर्पित (तृतीय)
- बालिका वर्ग- अवांशिका (प्रथम), मिस्टी (द्वितीय), अविका (तृतीय)

**नन्हे बच्चों की मासूमियत और आत्मविश्वास ने दर्शकों का मन मोह लिया। हर कदम पर उत्साह और प्रतिस्पर्धा का सुंदर संगम देखने को मिला।**

**नर्सरी वर्ग में रोमांचक मुकाबले**

**हुपूज ट्रैफिक रेस बालक वर्ग**

समर्थ प्रथम, अद्विक द्वितीय, नैतिक तृतीय

**बाल बैलेंस रेस बालिका वर्ग**

त्रिश प्रथम, मिशिका द्वितीय, आरोही तृतीय

**वुडपैकर वर्ग**

बालक- नैतिक प्रथम, वंश द्वितीय, प्रत्यूष तृतीय
बालिका- पंखुड़ी प्रथम, प्रगति द्वितीय, अक्षिता तृतीय

**ओरियल वर्ग**

बालक- वेदांश प्रथम, हमदान द्वितीय, रुद्रा तृतीय
बालिका- गुनीत प्रथम, वेदिका द्वितीय, श्रेयशी तृतीय

# ओवरलोड वाहनों पर परिवहन विभाग का शिकंजा

## विशेष चेकिंग अभियान में पांच माल वाहन सीज, परमिट उल्लंघन पर बस का चालान





**अभियान की मुख्य बातें**

- 05 ओवरलोड माल वाहन सीज
- मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई
- परमिट उल्लंघन पर बस का चालान
- विभिन्न पुलिस चौकियों में वाहन निरुद्ध

**मोटरयान अधिनियम के तहत कार्रवाई**

ओवरलोडिंग पाए जाने पर संबंधित वाहनों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई करते हुए उन्हें सीज कर दिया गया निरुद्ध किए गए वाहन

- दो वाहन – गढ़वाखेड़ा पुलिस चौकी
- एक वाहन – पूरनपुर चीनी मिल पुलिस चौकी
- एक वाहन – बीसलपुर थाना
- शेष वाहन को नियमानुसार निरुद्ध किया गया।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद में सड़कों पर ओवरलोड वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए परिवहन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा चलाए गए विशेष चेकिंग अभियान के दौरान निर्धारित क्षमता से अधिक माल ढोते पाए गए पांच माल वाहनों के विरुद्ध सीज की कार्रवाई की गई। साथ ही परमिट शर्तों का उल्लंघन कर रही एक बस का चालान भी किया गया।

परिवहन विभाग की टीम, जिसमें एआरटीओ वीरेंद्र सिंह एवं यात्रीकर अधिकारी बर्डिस चतुर्वेदी शामिल रहे, ने जनपद के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर गुजर रहे माल वाहनों की सघन जांच की। चेकिंग के दौरान 02 ट्रक,02 डंपर, 01 डीसीएम कुल 05 माल वाहन निर्धारित क्षमता से अधिक माल का परिवहन करते हुए पकड़े गए।

विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। अभियान के दौरान बहराइच से दिल्ली जा रही एक बस के प्रपत्रों की जांच की गई। जांच में पाया गया कि बस द्वारा परमिट की शर्तों का उल्लंघन करते हुए यात्रियों का परिवहन किया जा रहा था। इस पर तत्काल चालान की कार्रवाई अमल में लाई गई।

### विभाग का सख्त संदेश

एआरटीओ वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि जनपद में ओवरलोड वाहनों एवं सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध परिवहन विभाग की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने वाहन स्वामियों एवं चालकों से अपील की कि वे निर्धारित मानकों का पालन करें, अन्यथा सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### आगे भी जारी रहेगा विशेष अभियान- वीरेंद्र सिंह

परिवहन विभाग की इस कार्रवाई से जनपद में ओवरलोडिंग करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। एआरटीओ वीरेंद्र विक्रम सिंह का कहना है

कि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए ऐसे अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहेंगे।

# जंगल की खामोशी बचाने का फैसला- पीटीआर में सफारी के दौरान मोबाइल प्रतिबंध लागू

**प्रशासन सख्त, पर्यटकों से सहयोग की अपील**

डीएफओ मनीष सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी गाइड और वाहन चालक नियमों का कड़ाई से पालन कराएं। उन्होंने कहा कि शुरुआत में जागरूकता और चेतावनी दी जाएगी, लेकिन बार-बार उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई होगी। यह निर्णय भले ही कुछ पर्यटकों को असुविधाजनक लगे, लेकिन वन्यजीव संरक्षण की दृष्टि से यह एक अहम कदम है। आज जब हर पल को कैमरे में कैद करने की होड़ लगी है, ऐसे में जंगल की शांति और जीव-जंतुओं की स्वाभाविक दिनचर्या को प्राथमिकता देना समय की मांग है।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व देश के महत्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्रों में गिना जाता है। ऐसे में यहां लागू किए गए नियम न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक मिसाल बन सकते हैं। अब देखना यह होगा कि पर्यटक इस बदलाव को किस रूप में स्वीकार करते हैं, लेकिन इतना तय है कि जंगल की खामोशी और बाघ की दहाड़ के बीच अब मोबाइल की घंटी नहीं बजेगी।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में अब जंगल सफारी पहले जैसी नहीं रहेगी। बाघ, तेंदुआ, भालू और दुर्लभ पक्षियों के दीदार के लिए आने वाले पर्यटकों को एक नए नियम का पालन करना होगा सफारी के दौरान मोबाइल फोन साथ ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में यह व्यवस्था लागू की गई है, जिसका उद्देश्य वन्यजीवों की सुरक्षा और प्राकृतिक वातावरण की शांति को बनाए रखना है। पीटीआर के मुस्तफाबाद गेस्ट हाउस, बराही गेट और महोफ गेट से रोजाना सैकड़ों पर्यटक जंगल सफारी के लिए प्रवेश करते हैं। अब उन्हें अपना मोबाइल फोन गेट पर ही जमा कराना होगा। वन विभाग ने साफ किया है कि सफारी वाहन में बैठने से पहले गाइड और चालक पर्यटकों से मोबाइल बाहर रखने को कहेंगे। नियम का उल्लंघन करने पर पहले चेतावनी और फिर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों के आधार पर यह निर्णय लिया गया है। माना जा रहा है कि मोबाइल फोन से निकलने वाली ध्वनि, फ्लैश और लगातार रिकॉर्डिंग की प्रवृत्ति वन्यजीवों के व्यवहार पर प्रतिकूल असर डालती है। कई बार पर्यटक फोटो और वीडियो लेने के चक्कर में सुरक्षा नियमों की अनदेखी भी कर बैठते हैं, जिससे जानवरों और पर्यटकों दोनों के लिए खतरा बढ़ जाता है। पीटीआर प्रशासन का कहना है कि जंगल की असली अनुभूति तभी संभव है जब पर्यटक प्रकृति को बिना किसी डिजिटल हस्तक्षेप के महसूस करें। मोबाइल मुक्त सफारी से न केवल वन्यजीवों को शांति मिलेगी, बल्कि पर्यटकों को भी प्राकृतिक वातावरण का वास्तविक आनंद मिल सकेगा।

# महोफ रेंज के जंगल में बुजुर्ग महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी

- बाघ के हमले की आशंका से दहशत, वन विभाग व पुलिस जांच में जुटे

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



पीलीभीत टाइगर रिजर्व पीटीआर की महोफ रेंज बुधवार सुबह उस समय दहशत और सन्नाटे से भर उठी, जब जंगल क्षेत्र में 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ। दिल दहला देने वाली इस घटना ने न केवल आसपास के गांवों को स्तब्ध कर दिया, बल्कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की एक बार फिर गंभीर तस्वीर सामने ला दी। प्रथम दृष्ट्या ग्रामीण बाघ के हमले की आशंका जता रहे हैं, हालांकि वन विभाग ने अभी किसी वन्यजीव के हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।मृतका की पहचान पारुल राय 62 पत्नी सुकुमार राय, निवासी भद्र कॉलोनी, महोफ रेंज क्षेत्र के रूप में हुई है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार वह रोज की तरह जंगल में लकड़ी बीनने गई थीं। इसी दौरान उनके साथ यह दर्दनाक हादसा हो गया। सुबह जब अन्य ग्रामीण जंगल की ओर पहुंचे तो क्षत-विक्षत हालत में शव देखकर सन्न रह गए और तुरंत पुलिस व वन विभाग को सूचना दी।घटना की जानकारी मिलते ही न्यूरिया थाना प्रभारी सुभाष मावी पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि महिला का शव जंगल क्षेत्र में मिला है, लेकिन घटनास्थल के आसपास किसी बड़े वन्यजीव की स्पष्ट मौजूदगी या घसीटने के ठोस निशान नहीं पाए गए हैं। सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

### दहशत में ग्रामीण, उठे सुरक्षा पर सवाल

घटना के बाद महोफ रेंज से सटे गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पीटीआर क्षेत्र में पहले से ही बाघों और अन्य वन्यजीवों की सक्रियता बनी हुई है। इसके बावजूद सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नजर नहीं आते। चेतावनी बोर्ड और मुनादी तो की जाती है, लेकिन जमीनी स्तर पर निगरानी और गश्त पर्याप्त नहीं है।

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि आजीविका के अभाव में ग्रामीणों को लकड़ी और चारे के लिए जंगल जाना ही पड़ता है। ऐसे में केवल चेतावनी जारी कर देना पर्याप्त नहीं है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने और वैकल्पिक व्यवस्था करने की आवश्यकता है, ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### मानव-वन्यजीव संघर्ष की फिर उभरी सच्चाई

यह घटना एक बार फिर उस कड़वी हकीकत को सामने लाती है, जहां जंगल और गांव की सीमाएं लगातार सिमटती जा रही हैं। एक ओर वन्यजीवों का प्राकृतिक क्षेत्र, दूसरी ओर ग्रामीणों की रोजमर्रा की जरूरतें– इसी टकराव के बीच कई जिंदगियां दांव पर लग जाती हैं।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे बिना अनुमति जंगल क्षेत्र में प्रवेश न करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या वन्यजीव की मौजूदगी की सूचना तुरंत विभाग को दें।

फिलहाल पुलिस और वन विभाग संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुटे हैं।

मगर इस दर्दनाक घटना ने कई सवाल छोड़ दिए हैं। क्या चेतावनियां ही पर्याप्त हैं? क्या ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए और ठोस कदम उठाए जाएंगे?

और सबसे बड़ा सवाल, क्या मानव और वन्यजीव के बीच बढ़ते इस संघर्ष का कोई स्थायी महोफ रेंज का यह सन्नाटा फिलहाल एक मासूम जिंदगी की कीमत पर गूंज रहा है।

# ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

## दोनों शाखाओं में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नवाचार से भरपूर मॉडल्स, संवादात्मक सत्र ने बढ़ाई जिज्ञासा

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की सुरभि कॉलोनी शाखा में तथा टनकपुर रोड शाखा में बुधवार को विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का भव्य एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता और कलात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना रहा। प्रदर्शनी का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय के प्रबंधकीय निदेशक देवेन्द्र सिंह छाबड़ा एवं प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के बौद्धिक विकास को नई दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि मंच मिलने पर विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरकर सामने आती है और उनमें आत्मविश्वास का संचार होता है। विज्ञान से कला तक–हर विषय में दिखा नवाचार प्रदर्शनी में अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, हिंदी, सामाजिक विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, संगीत और कंप्यूटर विषयों से संबंधित आकर्षक मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट्स का आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुतीकरण किया और उनके पीछे निहित वैज्ञानिक तथ्यों व कलात्मक विचारों को विस्तार से समझाया। कहीं सौर ऊर्जा के मॉडल ने ऊर्जा संरक्षण का संदेश दिया तो कहीं पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल तकनीक, गणितीय अवधारणाओं और सामाजिक विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों ने दर्शकों को प्रभावित किया। कला अनुभाग में विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता और रंगों का संयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। नगर के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने प्रदर्शनी का उत्साहपूर्वक अवलोकन किया। उन्होंने मॉडल्स और प्रोजेक्ट्स का गहन अध्ययन करते हुए प्रस्तुतकर्ता विद्यार्थियों से प्रश्न पूछे और विषयों की बारीकियों को समझा। इस प्रश्नोत्तर सत्र ने प्रदर्शनी को केवल प्रदर्शन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे ज्ञान-विनिमय का सशक्त मंच बना दिया। विचारों के आदान-प्रदान से विद्यार्थियों में जिज्ञासा और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का सकारात्मक विकास देखने को मिला। इस शैक्षिक संवाद ने पूरे वातावरण को जीवंत और प्रेरणादायी बना दिया।

अभिभावकों ने सराहा प्रयास दोनों शाखाओं में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की मेहनत और रचनात्मकता की सराहना करते हुए विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन की प्रशंसा की। शिक्षकों के सतत सहयोग और विद्यार्थियों की लगन से आयोजित यह दो दिवसीय विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी न केवल सफल रही, बल्कि विद्यार्थियों के लिए सीखने, समझने और आगे बढ़ने का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुई।

# कन्हैया गुलाटी के खिलाफ एक और रिपोर्ट, 60 लोगों से दो करोड़ रुपये की ठगी का आरोप

जन एक्सप्रेस। बरेली

बरेली में कैनविज कंपनी के निदेशक कन्हैया गुलाटी के खिलाफ बारादरी थाना पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर एक और रिपोर्ट दर्ज की है। उस पर निवेश के नाम पर बाराबंकी के 60 लोगों से दो करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी का आरोप है। गुलाटी, उसके बेटे और पत्नी समेत गुर्गों के खिलाफ अब तक 62 रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी हैं। गुलाटी की हिस्ट्रीशीट भी खोली जा चुकी है, लेकिन आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। बाराबंकी के शहर कोतवाली क्षेत्र के कमरिया बाग रोड सत्यप्रेमी नगर निवासी ब्रह्मस्वरूप सैनी ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ बारादरी थाने में तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद उन्होंने कोर्ट की शरण ली। अर्जी पर सुनवाई के बाद एसीजेएम कक्ष संख्या एक ने गुलाटी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया है। ब्रह्मस्वरूप सैनी का कहना है कि उन्होंने कन्हैया गुलाटी की कंपनी में 11.17 लाख रुपया निवेश किए थे। उनके 59 परिचितों ने भी दो करोड़ रुपये का निवेश किया। सभी लोगों से रुपये ठगने के बाद कन्हैया गुलाटी भूमिगत हो गया है। माडल टाउन स्थित उसका कार्यालय भी बंद है। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर कन्हैया गुलाटी ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित का यह भी कहना है कि कन्हैया गुलाटी व्हाट्सएप कॉल पर धमकियां दे रहा है।

# पीलीभीत टाइगर रिजर्व में 'वन्य प्रहरी' तैयार करने की पहल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जंगल की नब्ज पहचानने और संकट की घड़ी में वन्यजीवों को सुरक्षित बचाने के हुनर को और पैना करने के लिए पीलीभीत टाइगर रिजर्व पीटीआर में बुधवार से दो दिवसीय वन्यजीव प्रबंधन हेतु क्षमता विकास कार्यशाला÷ का शुभारंभ हुआ। वृत्त कार्यालय स्थित वन सभागार में आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य वन संरक्षक, रूहेखण्ड जोन, बरेली ने दीप प्रज्वलित कर किया। यह कार्यशाला सिर्फ औपचारिक प्रशिक्षण नहीं, बल्कि 'फ्रंटलाइन फोर्स' को वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आधुनिक उपकरणों से लैस करने की दिशा में ठोस कदम मानी जा रही है। इसमें पीटीआर के प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग के प्रभागीय निदेशक, प्रशिक्षु डीएफओ, उप प्रभागीय वनाधिकारी, वन्यजीव विशेषज्ञ, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि और दोनों वन प्रभागों के क्षेत्रीय वनाधिकारी समेत बड़ी संख्या में फील्ड स्टाफ शामिल हुआ।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने सरीसृपों और स्तनधारियों के सुरक्षित रेस्क्यू की आधुनिक तकनीकों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया। मगरमच्छ, घड़ियाल, पैंगोलिन सल्लू सांप, अजगर, विषैले-अविषैले सांप, कछुआ, गोह, वाइपर और करैत जैसी प्रजातियों को पकड़ने, सुरक्षित स्थानांतरण और संरक्षण की प्रक्रियाओं को व्यवहारिक उदाहरणों के साथ समझाया गया। इसी तरह बाघ, तेंदुआ, भालू, सांभर, चीतल, बारहसिंगा, नीलगाय, जंगली सूअर, लकड़बग्घा, साही, बिज्जू और ऊदबिलाव जैसे वन्यजीवों के व्यवहार, मूवमेंट पैटर्न और मानव-वन्यजीव संघर्ष की स्थिति में अपनाई जाने वाली रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि किसी भी रेस्क्यू ऑपरेशन की सफलता केवल साहस से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक तैयारी और टीमवर्क से तय होती है। कार्यशाला में पक्षी प्रजातियों–सारस, बंगाल फ्लोरिकन, नीलकंठ, तीतर, जंगली मुर्गा, मुर्गाबी, लालसर, नीलसर, पनडुब्बी और किंगफिशर आदि–की पहचान और संरक्षण रणनीतियों पर भी प्रकाश डाला गया। घायल या बीमार वन्यजीवों को प्राथमिक उपचार देने, सुरक्षित ट्रांसपोर्टेशन और पुनर्वास की वैज्ञानिक प्रक्रिया को प्रेजेंटेशन और केस स्टडी के माध्यम से समझाया गया। अग्रिम पंक्ति के वन कर्मियों को बताया गया कि रेस्क्यू के दौरान भीड़ नियंत्रण, मीडिया प्रबंधन और स्थानीय समुदाय के साथ समन्वय भी उतना ही महत्वपूर्ण है। आधुनिक उपकरणों के उपयोग, सुरक्षा किट और प्रोटोकॉल फॉलो करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यशाला का दूसरा दिन 12 फरवरी को व्यावहारिक प्रशिक्षण, केस स्टडी विश्लेषण और प्रश्नोत्तर सत्र के साथ आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया जाएगा। पीटीआर प्रशासन का मानना है कि इस तरह के नियमित प्रशिक्षण से वन कर्मियों की दक्षता और आत्मविश्वास दोनों बढ़ेंगे। इससे न केवल वन्यजीवों की सुरक्षा बेहतर होगी, बल्कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में भी कमी लाई जा सकेगी।

# 28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पण अभियान : वार्ड 04 में सड़क व नाली निर्माण का लोकार्पण, स्वच्छता अभियान भी तेज

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

नगर पालिका परिषद पीलीभीत द्वारा शहर में विकास की रफ्तार को नई दिशा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ÷28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पण÷ अभियान के अंतर्गत बुधवार को वार्ड नंबर 04 में सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए इसे क्षेत्रवासियों को समर्पित किया। ध्रुव नर्सिंग होम से बेनहर किड्स स्कूल की ओर निर्मित सड़क एवं पक्की नाली के निर्माण से क्षेत्र की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो गया है। बरसात के दिनों में जलभराव और खराब मार्ग के कारण स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब नए निर्माण से आवागमन सुगम हो गया है और जल निकासी की समुचित व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका परिषद शहर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर उनका समाधान कराया जा रहा है। सड़क एवं नाली निर्माण जैसे कार्य सीधे तौर पर आमजन के जीवन से जुड़े होते हैं, इसलिए इन्हें प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने बताया कि 28 दिन, अट्ठाइस लोकार्पण अभियान के माध्यम से नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है, जिससे पूरे शहर में संतुलित विकास सुनिश्चित हो सके। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किए जाने पर लोगों ने पालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया। नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता को लेकर भी निरंतर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए दिन के साथ-साथ रात्रि में भी सफाई कर्मियों द्वारा झाड़ू लगाकर कूड़ा एकत्र किया जा रहा है और उसे गाड़ियों में भरकर निर्धारित स्थानों तक पहुंचाया जा रहा है। यह प्रयास दर्शाता है कि पालिका प्रशासन शहर की साफ-सफाई को लेकर कितनी गंभीरता से कार्य कर रहा है। डॉ. आस्था अग्रवाल के नेतृत्व में नगर में चौतरफा विकास कार्यों के साथ स्वच्छता अभियान को भी मजबूती मिली है। उनके सक्रिय एवं समर्पित नेतृत्व के कारण शहर में विकास की नई तस्वीर उभरती दिखाई दे रही है। सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में हो रहे कार्यों से नागरिकों को सीधे लाभ मिल रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम में सभासद राजेन्द्र भारती, अवतार सिंह मोनू, साकेत सक्सेना, वतनदीप मिश्रा, विपिन राजू फौजी, राशिद हुसैन, विपिन त्यागी, अनस अंसारी, मोहम्मद शरीफ, निर्मल सिंह टीटू, इमरान अंसारी, दीप अग्रवाल, दिनेश कुमार, विकास बाबू, सुनीता सिंह, शिवम श्रीवास्तव, डॉ. कुमकुम गोयल, डॉ. मनोज गुप्ता, डॉ. सौरव अग्रवाल, विपिन मिश्रा, सजल, कमल भल्ला, चारु अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# हरदोई में तेज रफ्तार बस और डंपर की टक्कर,11 बाराती घायल

जन एक्सप्रेस । हरदोई




कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के अटवा गांव के पास बारातियों से भरी एक तेज रफ्तार बस और डंपर की आमने-सामने टक्कर हो जाने से लगभग एक दर्जन बाराती घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस व निजी वाहनों से इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया,जहां उनका उपचार जारी है।

जानकारी के अनुसार अरवल थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव निवासी दिनेश सिंह के पुत्र बादाम सिंह की शादी बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के रसूलपुर बेहरा गांव निवासी तौलेराम की पुत्री के साथ तय हुई थी।मंगलवार की शाम दिनेश सिंह अपने गांव से बस पर बारात लेकर अपने पुत्र की शादी के लिए जा रहे थे।रात के समय बारातियो से भरी बस हरदोई से लगभग 11 किलोमीटर आगे अटवा गांव के पास एक डंपर को टकरा गयी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस में सवार बाराती सदानंद,मानसिंह,जबर सिंह,मुन्नू लाल,रामकिशोर,जसकरन, राजकुमार,जीतू सहित लगभग 11 लोग घायल हो गए।घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद ग्रामीणों ने सभी घायलों को इलाज के लिए एम्बुलेंस व निजी वाहनों से मेडिकल कॉलेज भेज दिया।इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर ने बताया कि कुल 11 लोग घायल अवस्था में अस्पताल पहुंचे हैं। सभी लोग शादी समारोह में जा रहे थे। टक्कर के कारण कुछ लोगों को सिर और सीने में चोटें आई हैं। गंभीर रूप से घायल दो लोगों का सीटी स्कैन कराया जा रहा है, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। फिलहाल सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा ने बताया कि बस और डंपर की टक्कर की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलटने से 5 यात्री घायल



**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।** अरवल थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव के समीप पलिया-चौंसार मार्ग पर बुधवार को एक अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब चालक सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को बचाने का प्रयास कर रहा था। घायलों में एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार,हरपालपुर के सिरसा निवासी सुशीला अपनी पुत्री शिवानी और बहन नीतू के साथ कन्नौज से वापस अपने मायके बरसोहिया गांव जा रही थीं।ई-रिक्शा पर सवार होकर जाते समय अचानक मार्ग पर शेखपुर गांव निवासी मोनू पुत्र राहुल को बचाने के फेर में चालक नियंत्रण खो बैठा और ई-रिक्शा बीच सड़क पर पलट गया। हादसे में रिक्शा शेखापुरा निवासी सुबोध भी चोटिल हुए हैं।मौके पर राहगीरों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ई रिक्शे के नीचे दबे घायलों को बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सुशीला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## सीडीओ ने विकास खण्ड कार्यालय का किया निरीक्षण,लेखाकार के विरुद्ध आरोप पत्र के निर्देश



जन एक्सप्रेस । हरपालपुर

बुधवार को सीडीओ सान्या छाबड़ा ने विकास खंड कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विकास कार्यों में लापरवाही और वित्तीय अभिलेखों में अनियमितता मिलने पर सीडीओ ने सुधार करने के निर्देश दिए।उन्होंने लेखाकार पटल पर गार्ड फाइल अद्यावधिक न पाए जाने पर लेखाकार सुनील कुमार सिंह के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू करते हुए उन्हें आरोप पत्र जारी करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिए।

जानकारी के अनुसार,सीडीओ ने ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए गए इन्टरलॉकिंग कार्य की गुणवत्ता खराब पाए जाने पर तकनीकी समिति से जांच कराने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में मानक की अनदेखी अक्षम्य है। इसके साथ ही सभागार की फाल्स सीलिंग सही करवाने और जर्जर पड़े बीडीओ आवास के तत्काल मूल्यांकन व निस्तारण के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए।दफ्तरों के निरीक्षण के दौरान स्थापना, मनरेगा और एनआरएलएम सेल के अभिलेखों का रखरखाव संतोषजनक नहीं मिला। कर्मचारियों की नेमप्लेट और कार्य विवरण न होने पर नाराजगी जताते हुए सीडीओ ने सभी पटलों को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि सभी कार्मिक निर्धारित %जॉब चार्ट% के अनुसार ही कार्य संपादित करें और शिकायत निस्तारण पंजिका को अद्यतन रखें। निरीक्षण के कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा अशोक द्विवेदी बीडीओ संजय कुमार अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने जन सनुवाई मे सुनी 56 शिकायतें



जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई। कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे कुल 56 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो। जनसुनवाई मे प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हरदोई में किसान का खून से लथपथ मिला शव,धारदार हथियार से हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस । हरदोई



हरदोई।संडीला कोतवाली क्षेत्र के मीतो गांव में खेत पर बनी झोपड़ी में एक किसान का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी मच गई।किसान की धारदार हथियार से हत्या करने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार संडीला कोतवाली क्षेत्र के मीतो गांव निवासी लगभग 52 वर्षीय हुकुम सिंह यादव रोज की तरह अपने मवेशियों की देखभाल के लिए खेतों में बने छप्पर के नीचे सोया था।बीती मंगलवार/बुधवार की रात अज्ञात हमलावरों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी।मृतक के सिर व शरीर पर चोट के गहरे निशान पाए गए हैं।जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना की जानकारी सुबह परिजनों को हुई तो हड़कंप मच गया। मृतक के बेटे रंजीत यादव ने पुलिस को घटना की सूचना दी।सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की। बाद में क्षेत्राधिकारी संडीला संतोष सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर जरूरी साक्ष्य संकलित किए।एएसपी पूर्वी सुबोध गौतम ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि एक बुजुर्ग का शव खेत में बने छप्पर के नीचे पड़ा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने निरीक्षण किया और फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य जुटाए गए। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।उन्होंने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर स्थानीय थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।और सभी पहलुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

## खेत से निकलने पर विवाद, मारपीट में महिला घायल

जन एक्सप्रेस । हरपालपुर



अरवल थाना क्षेत्र के ग्राम कैथापुरवा मजरा भदार में खेत से निकलने के विवाद को लेकर एक महिला की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। पीड़िता मंजू देवी ने गांव के ही आशीष, तिवारीलाल और उसकी पत्नी पर लाठी-डंडों से हमला करने का आरोप लगाया है। मंजू देवी के अनुसार, जब वह खेत की ओर जा रही थीं, तब आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और विरोध करने पर मारपीट की। शोर मचने पर ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## योगी सरकार के बजट विकासोन्मुखी और जनहितैषी : डॉ. प्रवीण जादौन

*बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर प्रदेश की संकल्पना को साकार करने का मजबूत आधार*

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 के बजट पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के सर्वांगीण और संतुलित विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट दूरदर्शिता, सुशासन और जनकल्याण की भावना से परिपूर्ण है।

डॉ. जादौन ने कहा कि यह बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित और आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की संकल्पना को साकार करने का मजबूत आधार है। सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण और उद्योग जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट संदेश दिया है कि विकास का लाभ समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचेगा। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा और कौशल विकास पर दिए गए जोर की सराहना करते हुए कहा कि इससे युवाओं को बेहतर अवसर मिलेंगे और प्रदेश में रोजगार सृजन को गति मिलेगी। स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, नए चिकित्सा संस्थानों की स्थापना और ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधाओं के विस्तार से आमजन को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा। कृषि और ग्रामीण विकास के लिए की गई पहल को उन्होंने किसानों के हित में महत्वपूर्ण बताया। उनके अनुसार सरकार की नीतियां किसानों की आय वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में प्रभावी सिद्ध होंगी। साथ ही आधारभूत संरचना के विस्तार से निवेश को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश औद्योगिक विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। महिला सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों के प्रोत्साहन और युवाओं के लिए अवसरों के विस्तार को उन्होंने सरकार की संवेदनशीलता का प्रतीक बताया। डॉ. जादौन ने कहा कि यह बजट प्रदेश को आर्थिक रूप से सशक्त, सामाजिक रूप से समावेशी और विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद वर्ग तक न्याय की पहुंचे

**जालौन (उरई)।** ब्लॉक सभागार में विधिक साक्षरता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लघु सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 22 फ़रवरी को उरई में होने वाले वृहद विधि सहायता एवं सेवा शिविर की जानकारी दी गई। ब्लॉक सभागार में आयोजित लघु सेवा शिविर की अध्यक्षता करते हुए प्रथम अपर जिला जज सतीशचंद्र द्विवेदी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। आर्थिक रूप से कमजोर, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, महिलाएं, बच्चे, वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांगजन नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। कानून की जानकारी होने से व्यक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होता है और शोषण से बच सकता है। मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शाम्भवी ने कहा कि 22 फ़रवरी को उरई में आयोजित होने वाला वृहद विधि सहायता एवं सेवा शिविर बहुआयामी होगा, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। शिविर में न केवल कानूनी परामर्श दिया जाएगा, बल्कि सरकारी योजनाओं की जानकारी, प्रमाणपत्रों से संबंधित मार्गदर्शन और शिकायतों का समाधान भी किया जाएगा। शिविर में आमजन को नि:शुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पारिवारिक विवाद, महिला एवं बाल संरक्षण कानूनों सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में तहसील स्तर पर लाभार्थी सिकरीराजा निवासी संगीता, भिटारा निवासी शिवानी, छिरिया सलेमपुर निवासी सुमन को सहायता राशि देने की घोषणा की गई।

## व्यापार मंडल ने रेल समस्याओं को लेकर डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)



बुधवार को अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, जनपद जालौन के जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता एवं पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोशिएशन के कैप्टन संतोष रायकवार द्वारा मंडलीय रेल प्रबंधक (डीआरएम) को विभिन्न जनहित मुद्दों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि झांसी-कानपुर रेलखंड से गुजरने वाली जिन ट्रेनों का ठहराव उरई स्टेशन पर है, उनका समय 2 मिनट से बढ़ाकर कम से कम 5 मिनट किया जाए, ताकि यात्रियों को चढ़ने-उतरने में असुविधा न हो विशेष रूप से उरई से नई दिल्ली तक के लिए वंदेभारत ट्रेन चलवाए जाने के लिए कहा गया। ज्ञापन में लंबी दूरी की ट्रेनों में अनारक्षित कोचों की संख्या बढ़ाने की मांग भी की गई, जिससे सामान्य टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को सुरक्षित और सुगम सफर मिल सके। इसके अतिरिक्त झांसी-लखनऊ इंटरसिटी एवं झांसी-कानपुर, कानपुर-झांसी मेमू पैसेंजर ट्रेनों में वर्तमान 8 कोचों के स्थान पर 12 कोच किए जाने की मांग रखी गई। व्यापार मंडल ने यह भी अवगत कराया कि उरई से झांसी की ओर जाने वाली ट्रेनों को मुसतरा स्टेशन पर अधिक देर तक रोके जाने से झांसी से दिल्ली और मुंबई की ओर जाने वाली ट्रेनों की कनेक्टिविटी प्रभावित होती है। इसलिए मुसतरा स्टेशन पर अनावश्यक विलंब न किया जाए। साथ ही कानपुर की ओर जाने वाली ट्रेनों को गोविंदपुरी होम सिग्नल पर अधिक देर तक न रोका जाए। अंत में द्वितीय श्रेणी के वेटिंग रूम की क्षमता बढ़ाने की मांग भी की गई। डीआरएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि मांगों पर गंभीरता से विचार किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव सिपोलिया, क्षेत्रीय मंत्री बलवीर सोनी, सुनीता राज जिलाध्यक्ष महिला बिंग, रीना वर्मा महिला बिंग, उमेश चंद्र शर्मा नगर अध्यक्ष उरई धर्मेंद्र पांचाल नगर उपाध्यक्ष उरई, फौजी भाइयों में दिनेश निगम संगठन सचिव नायब सूबेदार रामशरण शर्मा, हवालदार राजाराम पाण्डेय, हवालदार संतराम तिवारी एवं हवालदार रमन सिंह उपस्थित रहे।

### महाशिवरात्रि की तैयारियों का डीएम-एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** महाशिवरात्रि पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने ग्राम सरावन स्थित प्राचीन भूरेश्वर मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं मूलभूत सुविधाओं की तैयारियों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि रहे। मंदिर परिसर एवं मार्गों पर सुदृढ़ एवं समुचित बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जाए ताकि श्रद्धालुओं की आवाजाही सुव्यवस्थित ढंग से हो सके। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कर निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं साफ-सफ़ाई की समुचित व्यवस्था समय से पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिकारी ने पर्व के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु दो मजिस्ट्रेटों की तैनाती करने तथा पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

## त्योहारों पर कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस, जनता की साझा जिम्मेदारी : रजत

जन एक्सप्रेस । रामपुरा (जालौन)

आगामी त्योहार रमजान एवं महाशिवरात्री के मद्देनजर आज थाना रामपुरा परिसर में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने कहा कि रमजान और महाशिवरात्रि दोनों ही पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और शांति का संदेश देते हैं। त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस और जनता की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपील की कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाएं। उन्होंने स्पष्ट ने बताया कि त्योहारों के दौरान संवेदनशील जगह में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, नियमित गश्त, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली अफ़्वाहों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की अफ़्वाह या आपत्तिजनक सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की गई। बैठक में उपस्थित लोगों ने साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, यातायात व्यवस्था एवं धार्मिक स्थलों के आसपास सुरक्षा जैसे मुद्दों को रखा, जिनके समाधान का आश्वासन थाना प्रभारी द्वारा दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि लाउडस्पीकर का प्रयोग निर्धारित मानकों के अनुसार ही किया जाए, जिससे किसी क असुविधा न हो। अंत में थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पुलिस सदैव जनता के साथ है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए थाना स्तर पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। पीस कमेटी में थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह, उपनिरीक्षक जेके द्विवेदी ,कांस्टेबल संतोष कुमार, आदित्य नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि ओमप्रकाश, निवर्तमान अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, ब्रिजेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ताज-आगरा शहर पहुंचा राष्ट्रव्यापी कैम्पेन 'चेंज द सोच-कन्याकुमारी टू कश्मीर ड्राइव'

जन एक्सप्रेस । आगरा




फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया का %चेंज द सोच - कन्याकुमारी टू कश्मीर ड्राइव% अपनी तरह का पहला देशव्यापी कैम्पेन आगरा शहर पहुंचा, जिसका मकसद खासकर महिलाओं के बीच फाइनेंशियल एम्पावरमेंट को बढ़ावा देना है। भारत में फ्रैंकलिन टेम्पलटन के 30 साल पूरे होने के मौके पर यह 30-दिवसीय यात्रा देश के दक्षिणी सिरे कन्याकुमारी से शुरू हुई, जिसमें 21 शहरों को कवर किया गया, और यह श्रीनगर, जम्मू और कश्मीर में खत्म होगी। इंटरैक्टिव फाइनेंशियल एजुकेशन सेशन, एक्सपर्ट की राय और कम्युनिटी जुड़ाव के जरिए, इस ड्राइव का मकसद म्यूचुअल फंड इन्वेस्टिंग को आसान बनाना और हजारों भारतीयों में अपने फाइनेंशियल भविष्य की जिम्मेदारी लेने का आत्मविश्वास जगाना है।

फ्रैंकलिन टेम्पलटन इंडिया के प्रेसिडेंट अविनाश सतवालकर इस ड्राइव का नेतृत्व कर रहे हैं, और देश भर में इस यात्रा के जरिए फाइनेंशियल इन्क्लूजन को बढ़ावा देंगे। वह हर दूसरे दिन एक नए शहर या गांव में रुक रहे हैं और महिलाओं के अलग-अलग ग्रुप के लिए इन्वेस्टर एजुकेशन वर्कशॉप आयोजित कर रहे हैं, जिसमें जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए बचत, निवेश और लंबे समय तक धन बनाने के महत्व पर जोर दिया जा रहा है। इस पहल में कई तरह के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं होंगी, जिनमें किसान (मछुआरा समुदायों से लेकर अलग-अलग फसल उगाने वाले), शिक्षा जगत (छात्र, माता-पिता, स्कूल और यूनिवर्सिटी के शिक्षक), सेल्फ-हेल्प ग्रुप (खाद्य और हथकरघा क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाएं), उद्यमी, प्राइवेट और सरकारी क्षेत्र के कर्मचारी, और सेना, नौसेना और पुलिस कर्मी शामिल हैं।

## उरई में ओवरलोड वाहनों को बचाने का खेल उजागर अधिकारियों की लोकेशन बेचने वाले दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)

जिला मुख्यालय में ओवरलोड वाहनों को चेकिंग से बचाने के लिए अधिकारियों की लोकेशन साझा करने वाले एक संगठित नेटवर्क का खुलासा हुआ है। संयुक्त टीम की कार्रवाई में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिन पर अधिकारियों की गतिविधियों पर नजर रखकर ट्रक चालकों और अवैध परिवहन से जुड़े लोगों तक जानकारी पहुंचाने का आरोप है। इस मामले के सामने आने के बाद जालौन सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। गौरतलब हो कि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) राजेश कुमार और खान निरीक्षक कुलदीप द्वारा मेडिकल कॉलेज के पास ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान टीम को कुछ लोगों की गतिविधियां संदिग्ध लगीं जो लगातार वाहनों का पीछा कर रहे थे और चालकों से संपर्क में थे निगरानी करने पर पता चला कि कार और बाइक सवार लोग अधिकारियों की लोकेशन की जानकारी तत्काल ट्रक चालकों तक पहुंचा रहे थे जिससे ओवरलोड वाहन चेकिंग से बच सकें। संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए शहर कोतवाली क्षेत्र के रिनियां गांव निवासी दीपक विश्वकर्मा और रगौली गांव निवासी विवेक यादव को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से कई मोबाइल फोन बरामद किए गए जिनमें विभिन्न सोशल मीडिया और मैसेजिंग ग्रुप के माध्यम से चेकिंग अभियान और अधिकारियों की गतिविधियों से जुड़ी सूचनाएं साझा किए जाने के प्रमाण मिले हैं। प्रारंभिक पूंछतांछ में आरोपियों ने कथित तौर पर अवैध परिवहन से जुड़े लोगों को सूचना पहुंचाने की बात स्वीकार की है। अधिकारियों का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल परिवहन नियमों का उल्लंघन हैं बल्कि सड़क सुरक्षा और सरकारी राजस्व के लिए भी गंभीर खतरा हैं। क्षेत्राधिकारी नगर उरई राजीव कुमार शर्मा के अनुसार एआरटीओ और खान निरीक्षक की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# महोबा सूर्य महोत्सवश् का भव्य शुभारंभए सूर्य के सात रंगों से आलोकित हुई वीर भूमि

जन एक्सप्रेस । महोबा



उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास में श्महोबा सूर्य महोत्सवश् की शुरुआत हुई। 11 से 17 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय महोत्सव सूर्य के सात रंगों की अवधारणा पर आधारित हैए जो ऊर्जाए बुंदेलखंड की समृद्ध विरासत और वीरता का प्रतीक है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह बताया कि श्इस आयोजन का उद्देश्य महोबा स्थित प्राचीन रैहेलिया सूर्य मंदिर की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्ता को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाना है। साथ हीए क्षेत्रीय पर्यटन को गति प्रदान करना है।श
पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि श्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार बुंदेलखंड के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि महोबा स्थित रैहेलिया सूर्य मंदिर चंदेलकालीन स्थापत्य कला की उत्कृष्टता का अद्भुत उदाहरण हैए जबकि वीर आल्हा.ऊदल की अमर परंपरा आज भी नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनी हुई है। मंत्री ने बताया कि श्महोबा सूर्य महोत्सवश् इसी गौरवशाली ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षणए संवर्धन और प्रचार.प्रसार का सशक्त माध्यम है।श

'वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महोत्सव का आगाज'

महोबा सूर्य महोत्सव का औपचारिक शुभारंभ 11 फरवरी की प्रातः पांच बजे रैहेलिया सागर तट स्थित सूर्य मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार और भगवान सूर्य की आरती के साथ वर्चुअल माध्यम से जु? मुख्य अतिथि माननीय प्रभारी मंत्री श्री राकेश कुमार राठौर ष्गुरुष् जीए माननीय सदस्य विधान परिषद श्री जितेन्द्र सिंह सेंगरए माननीय सदर विधायक श्री राकेश गोस्वामी एवं माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्री जेण् पीण् अनुरागीए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री मोहन लाल कुशवाहा एवं जिलाधिकारी श्रीमती गजल भारद्वाज की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। इसके पश्चात भव्य शोभायात्रा सूर्य मंदिर से मोदी ग्राउंड तक निकाली गई।

'तारामंडल प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण'

महोत्सव का एक प्रमुख आकर्षण पहली बार आयोजित की गई तारामंडल प्रदर्शनी रही। यह प्रदर्शनी 11 से 14 फरवरी तक प्रातः 09 बजे से रात्रि 08 बजे तक आयोजित होगी। इसमें दूरबीन से ग्रह.दर्शनए वर्चुअल रियलिटी ;वीआरद्ध अनुभव तथा विशेष सोलर फिल्टर के माध्यम से सूर्य दर्शन की सुविधा उपलब्ध है। विद्यार्थियों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया हैए जबकि सामान्य दर्शकों के लिए टिकट शुल्क 250 रुपए निर्धारित है।अंतरिक्ष दर्शन के बाद रहेलिया सूर्य मंदिर के प्रांगण से मोदी मेला ग्राउंड तक माध्यमिक शिक्षा विभाग ए बेसिक शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों के सहयोग से एक दर्शनीय शोभायात्रा निकाली गईए जिसमें बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदर्शित की गई झांकी सराहनीय थी। साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रामनगर महोबाए पीएम श्री राजकीय मुकुंद लाल तिवारी इंटर कॉलेज महोबाए पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबाए सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज महोबाए शिशु शिक्षा निकेतन राठ रोड महोबा एनेहरू इंटर कॉलेज महोबा एडीएवी इंटर कॉलेज महोबा के लगभग 500 छात्र छात्राओं ने शोभायात्रा में प्रतिभाग किया।शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष तथा जिला विद्यालय निरीक्षक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया । शोभा यात्रा के मोदी ग्राउंड में पहुंचने के बाद छात्र.छात्राओं ने पुस्तक मेले का भ्रमण भी किया।

'पुस्तक मेले का आयोजन'

मोदी ग्राउंड में पहली बार आयोजित पुस्तक मेला 11 से 17 फरवरी तक प्रातः 09 बजे से रात 10 बजे तक आगंतुकों के लिए खुला रहेगा।इस पुस्तक मेले का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्रीमती गजल भारद्वाज नें फीता काटकर किया।

## हिन्दू.सनातनए विश्व का सबसे प्राचीनतम धर्म हैए और संस्कारित हिन्दू परिवार और संगठित हिन्दू समाज ही भारत को श्विश्व गुरुश् बनाएगा'

जन एक्सप्रेस । महोबा

आल्हा चौक के सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों क्षेत्रवासियों और स्वयंसेवकों ने भाग लिया।
यह सम्मेलन विद्या भारती विद्यालयए सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आल्हा चौक महोबा के प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत आरंभ मुख्य अतिथि श्री रोहित राज जी जिला शारीरिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघए मुख्य वक्ता और विशिष्ट अतिथि साध्वी प्रियांशी जीए कार्यक्रम अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सोनी जी ;अध्यक्ष शारदा माता मंदिरद्ध द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन के साथ हुआ। विद्यालय की छात्राओं ने देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य श्री कमलेश सिंह जी ने अतिथियों का स्वागत किया।
हिन्दू समाज की एकताए जागरण एवं सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने के उद्देश्य के साथ सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज आल्हा चौक महोबा में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। हिन्दुओं ने बी संख्या में ब च कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता व विशिष्ट अतिथि साध्वी बहिन प्रियांशी जीए ने हिन्दू धर्म की प्राचीनता और गौरव का वर्णन करते हुए कहा कि ष्हिन्दू.सनातनए विश्व का सबसे प्राचीनतम धर्म है और संस्कारित हिन्दू परिवार और संगठित हिन्दू समाज ही भारत को श्विश्व गुरुश् बनाएगा।ष्
उन्होंने कहा कि सबसे प्राचीन सनातन हिन्दू धर्म व इसकी परंपराएं हैं। विश्व के अन्य सभी धर्म सनातन से ही निकले हैं। भारत की धरती पर सिखए जैनए बौद्ध सहित सैक?ों पथ सम्प्रदाय हैं जिनका उद्देश्य विश्व में शांति व सबका कल्याण करना ही है। सनातन धर्म जो?ने का भाव रखता है। उन्होंने संघ द्वारा चलाए जा रहे पंच.परिवर्तन के विषयों . पर्यावरण संरक्षणए परिवार प्रबोधनए नागरिक कर्तव्यए सामाजिक समरसता और स्वदेशी जीवन शैली पर विशेष जोर दिया।
उन्होंने नई पीढ़ी में अपनी संस्कृति और राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव जागृत कर कहा कि अपनी संस्कृति व परंपराओं से जुड़ेए अपने इतिहास को पढ़ें।। माँ भारती की स्वतंत्रता के लिए क्रांतिकारियों के महान त्यागए वीर.वीरांगनाओं का शौर्यए बलिदान एवं देश के महापुरुषोंए महान विभूतियोंए महान चरित्रों का भी अध्ययन करें। राष्ट्र निर्माण की दिशा में उनके द्वारा किए गए महान कार्यों एवं प्रयासों को जानें।
मुख्य अतिथि श्री रोहित राज जी जिला शारीरिक प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपने संबोधन में संघ की स्थापना से लेकर अब तक के 100 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संघ किस प्रकार राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा में समर्पित है। उन्होंने विशेष रूप से श्पंच परिवर्तनश् द् सामाजिक समरसताए पर्यावरण संरक्षणए स्वदेशी जीवन शैलीए कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्य द् की अवधारणा पर जोर दिया और समाज से जागरूक होने की अपील की।
कार्यक्रम अध्यक्ष सुरेंद्र सोनी जी ने हिंदू समाज के उत्थान के लिए संघ के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व करना चाहिए और कुटुंब प्रबोधन व नागरिक कर्तव्यों को जीवन में उतारना चाहिए।

## भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जाये : एडीएम



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में बुधवार को पूर्व सैनिकों के कल्याण एवं प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों/आश्रितों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, शस्त्र लाइसेंन्स आदि समस्याओं के सम्बन्ध में अपनी-अपनी शिकायतों को एडीएम के समक्ष प्रस्तुत किया, बैठक में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई। एडीएम ने भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों को शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर प्रकरण से सम्बन्धित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान एडीएम ने कहा कि देश की सुरक्षा और शांति बनाये रखने में सेनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, सैनिकों के पुरूषार्थ के ही बदौलत हमारे देश की एकता और अखण्डता अक्षुण्ण है। बैठक में सीओ सिटी प्रशान्त राज, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कमाण्डर दिनेश कुमार मिश्र, सैनिक कल्याण के कनिष्ठ सहायक कमल सिंह सहित भूतपूर्व सैनिक, आश्रित व अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे।

## एम्बुलेंस से टकराया बाइक सवारए हालत गंभीर



**महोबा।** अजनर निवासी राज पुत्र सुरेश सैनी ;उम्र 17 वर्षद्ध सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि राज कुरेले मैदान में आयोजित टूर्नामेंट के समापन कार्यक्रम में फूलों की मालाएं देकर घर वापस लौट रहा था। इसी दौरान हीरो एजेंसी के सामने छतरपुर से पचारा मरीज को लेकर जा रही एक एम्बुलेंस से उसकी बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले गएए जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल महोबा के लिए रेफर कर दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा.तफरी का माहौल रहा।

## नकलविहीन परीक्षा प्रशासन की प्राथमिकता : जिलाधिकारी

### हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक

जन एक्सप्रेस । महराजगंज



उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकलविहीन ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को एक विद्यालय के सभागार में सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं कक्ष निरीक्षकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने की।
जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, सुचिता के साथ एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के लिए तनावमुक्त एवं अनुशासित माहौल सुनिश्चित किया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने में कक्ष निरीक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी भी स्तर पर लापरवाही की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, इसलिए सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा एवं सजगता के साथ करें।
उन्होंने विद्यार्थियों की सुरक्षित आवागमन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। परीक्षा में प्रयुक्त वाहनों की स्थिति संतोषजनक होनी चाहिए। पुलिस विभाग को वाहनों एवं चालकों के साथ समन्वय बनाए रखने तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सतर्क रहने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि किसी भी विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों का प्रवेश पत्र रोका न जाए। यदि ऐसी स्थिति पाई जाती है तो संबंधित विद्यालय के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्रवेश पत्रों का समयबद्ध वितरण अनिवार्य रूप से कराया जाए, क्योंकि विद्यार्थियों की वर्षभर की मेहनत इस परीक्षा से जुड़ी होती है। प्रश्नपत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं की सुरक्षा सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत विभाग से पत्राचार करने तथा सभी परीक्षा केंद्रों पर पेयजल, स्वच्छता, शौचालय एवं विद्युत व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश भी प्रदान किए गए। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9454417468 पर संपर्क करने के निर्देश दिए गए। केंद्र व्यवस्थापकों को संबंधित थानाध्यक्षों के मोबाइल नंबर प्राप्त कर आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए भी कहा गया।
बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, एसडीएम निचलौल सिद्धार्थ कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार शर्मा, क्षेत्राधिकारी सदर, रिजर्व स्टैटिक मजिस्ट्रेट राजमणि, अजय कुमार राय, अशोक कुमार, विनोद कुमार सहित सभी केंद्र व्यवस्थापक एवं प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने की सीएम डैशबोर्ड व विभागीय योजनाओं की समीक्षा

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में बुधवार को विकास भवन सभागार में सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा ने सीएम डैशबोर्ड एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की गहन समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान कई विभागों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति एवं शादी अनुदान तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में छात्रवृत्ति योजनाओं की अपेक्षित प्रगति न होने पर जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री कुसुम योजना में धीमी प्रगति पर उप कृषि निदेशक को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति कम पाए जाने पर परियोजना निदेशक डीआरडीए पर नाराजगी व्यक्त करते हुये शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए।
बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में पोषण अभियान की प्रगति संतोषजनक न होने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की गई। वहीं पीएम सूर्य घर योजना में अपेक्षित प्रगति न होने पर अतिरिक्त ऊर्जा विभाग प्रभारी डीसी मनरेगा पर नाराजगी व्यक्त की गयी। समाज कल्याण विभाग में अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त न होने पर भी जिला समाज कल्याण अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त की गयी। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना एवं ओडीओपी टूलकिट योजना की खराब प्रगति पर उद्योग विभाग के सहायक आयुक्त उद्योग को फटकार लगाते हुये यथाशीघ्र टूलकिट वितरण एवं शत-प्रतिशत प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने विकास कार्यों से संबंधित बी, सी, एवं डी श्रेणी के फार्मूले को समझकर प्राथमिकता के आधार पर रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए और सीएम डैशबोर्ड की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, डीसी मनरेगा संतोष कुमार सिंह, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीसीटीएनएस- 2.0 के संबंध में एनसीआरबी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले में बुधवार को एनसीआरबी द्वारा सीसीटीएनएस 2.0 के संबंध में आयोजित वेबिनार में सक्रिय सहभागिता की गई। उक्त वेबिनार का उद्देश्य सीसीटीएनएस 2.0 प्रणाली के प्रभावी संचालन, तकनीकी उन्नयन, डेटा की गुणवत्ता एवं विवेचना कार्यों में इसके अधिकतम उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय एवं सहायक पुलिस अधीक्षक ( सीओ सिटी ) प्रशान्त राज द्वारा थानाध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वेबिनार में प्रतिभाग किया गया। साथ ही जनपद के नामित विवेचकों द्वारा भी निर्धारित लिंक के माध्यम से सहभागिता सुनिश्चित की गई। वेबिनार के दौरान सीसीटीएनएस 2.0 से संबंधित नवीनतम प्रावधानों, मॉड्यूल के प्रभावी उपयोग, ऑनलाइन प्रविष्टियों की शुद्धता एवं अनुसंधान कार्यों में तकनीकी दक्षता बढ़ाने के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

## समर्पण दिवस के रूप में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले में बुधवार को एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि %समर्पण दिवस% के रूप में मनाई गई। अफीम कोठी सभागार में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का %अंत्योदय% दर्शन आज भी देश के विकास का सबसे बड़ा आधार है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना ही सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे पंडित जी के सपनों को साकार किया जा रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष के. के. सिंह ने पंडित जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन सादगी और उच्च विचारों का संगम था। वहीं, ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि वंचितों की सेवा ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं ने अंत में उनके पदचिह्नों पर चलने की सामूहिक शपथ ली। इस अवसर पर मुख्य रूप से राजेश सिंह, राम आसरे पाल, अशोक सरोज, संतोष मिश्रा, कृष्णकान्त मिश्र (छोटे भइया), माधुरी सिंह, रूची केशरवानी, अंशुमान सिंह, सूर्य प्रकाश पटेल, ओम प्रकाश पाण्डेय (गुड्डू), राघेवन्द्र शुक्ला, बृजेश पाण्डेय, अनिल सिंह, सभासद विक्रम सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत बेलखरनाथ धाम का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत आज अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) शैलेन्द्र लाल द्वारा क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के साथ बेलखरनाथ धाम मंदिर परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल एवं सीसीटीवी व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पर्व शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराया जा सके।

## सीओ सिटी ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जनपद में बुधवार को कानून.व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने एवं आमजन में सुरक्षा का विश्वास स्थापित करने के उद्देश्य से सहायक पुलिस अधीक्षक ; सीओ सिटी द्ध प्रशान्त राज द्वारा थाना प्रभारी कोहंडौर धनन्जय राय के साथ कोहंडौर क्षेत्र अंतर्गत पैदल गश्त किया गया। पैदल गश्त के दौरान बाजार क्षेत्रए प्रमुख चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। स्थानीय नागरिकों एवं व्यापारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उन्हें सुरक्षा संबंधी आवश्यक सुझाव दिए गए। अधिकारियों द्वारा संबंधित पुलिस बल को सतर्क रहते हुए प्रभावी गश्तए संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

## सीडीओ ने ब्लाक सण्डवा चन्द्रिका कार्यालय का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के विकास खण्ड सण्डवा चन्द्रिका का बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त श्रम रोजगार संतोष कुमार सिंह एवं खण्ड विकास अधिकारी विमल कुमार श्रीवास्तव अपने अधीनस्थ स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। सीडीओ ने सर्वप्रथम विकास खण्ड कार्यालय परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए विकास खण्ड परिसर में एक नवीन सामुदायिक शौचालय के निर्माण तथा ग्रीष्म ऋतु से पूर्व कार्यालय परिसर में आने वाले नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आरओ मशीन स्थापित कराने के निर्देश दिए। इसके पश्चात मनरेगा, आवास योजना एवं स्थापना पटल सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया गया। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं से जुड़ी पत्रावलियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण करते हुए सुव्यवस्थित रख-रखाव सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी ने जन सूचना रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, डिस्पैच रजिस्टर, कैश बुक एवं ग्रांट रजिस्टर का भी अवलोकन किया। उन्होंने शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई चेकलिस्ट के अनुसार सभी अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास योजनाओं का क्रियान्वयन पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ किया जाए। प्राप्त शिकायतों का निस्तारण तीन कार्य दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए। ग्राम स्तर पर लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए तथा लाभार्थी चयन में किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

# जौनपुर में अपराधियों की खैर नहीं, चुनाव से पहले होगी कड़ी कार्रवाई: एसएसपी कुंवर अनुपम सिंह

- गुंडा-माफियाओं की सूची तैयार, मिशन शक्ति, महिला सुरक्षा व साइबर क्राइम पर रहेगा विशेष फोकस

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर सुल्तानपुर से स्थानांतरित होकर जौनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) का कार्यभार संभालने वाले कुंवर अनुपम सिंह ने पत्रकारों से शिष्टाचार मुलाकात/ वार्ता में कानून-व्यवस्था को लेकर सख्त रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि जनपद में अपराध और अव्यवस्था किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पंचायत चुनाव एवं अन्य आगामी चुनावों के मद्देनजर पूछे गए सवाल पर एसएसपी ने कहा कि शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए गुंडों व माफियाओं की विस्तृत सूची तैयार की जा रही है। चिन्हित अराजक तत्वों के विरुद्ध समय रहते प्रभावी विधिक कार्रवाई की जाएगी, ताकि चुनाव के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। भूमि विवादों पर उन्होंने कहा कि थाना दिवस के माध्यम से तथा पुलिस-राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शहर में जाम की समस्या के समाधान के लिए ठोस कार्ययोजना बनाई जा रही है। साथ ही, वाहनों के चालान को लेकर आमजन की शिकायतों के संबंध में पारदर्शी एवं संतुलित कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही। एसएसपी ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं–मिशन शक्ति, महिला सुरक्षा एवं साइबर क्राइम–पर विशेष जोर रहेगा। महिला उत्पीड़न और साइबर अपराध से जुड़े मामलों में त्वरित व कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मीडिया से सकारात्मक सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास मजबूत करना उनकी कार्यशैली का अहम हिस्सा होगा।

# श्रीराम कथा को लेकर निकला कलश यात्रा

- नगर भ्रमण कर यात्रा पहुंचा आयोजन स्थल
- कथा वाचक राजन जी महाराज रहेंगे मंचासिन

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर शाहगंज राधवेंद्र सरकार भगवान श्रीराम के बाल विग्रह अयोध्या धाम में विराजमान एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने पर श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। उक्त कथा में विख्यात कथा वाचक राजन जी महाराज अपनी वाणी से अमृत वर्षा करेंगे। इस बाबत बुधवार को नगर में भव्य कलश यात्रा श्रद्धा और उल्लास के बीच निकाला गया।लक्ष्मी नारायण वाटिका से विधि-विधानपूर्वक प्रारंभ हुई इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। महिलाओं द्वारा सिर पर कलश धारण कर निकाली गई शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए यात्रा आगे बढ़ी, जहां श्रद्धालुओं के जय श्रीराम के उदघोष से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया गया। यात्रा का समापन श्री रामलीला मैदान में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर आयोजकों ने बताया कि पुज्य नीव करौरी बाबा एवं श्री कनक भवन की कृपा से 12 फरवरी से 20 फरवरी तक नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है, जो प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक संपन्न होगी। कथा में श्रीराम महिमा से लेकर सुंदरकांड एवं श्रीराम राज्याभिषेक तक के प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजन की सफलता में श्रीश अग्रहरि, सुनील अग्रहरि टप्पू, भुवनेश्वर मोदनवाल, नगर संघचालक दिलीप अग्रहरि, कृष्ण कांत सोनी, विवेक सोनी आनन्द अग्रहरि सुमित अग्रहरि, हर्ष अग्रहरि,हनुमान अग्रहरि, वेद प्रकाश जायसवाल, देवेश जायसवाल, शिष मोदनवाल, सुशील सेठ बागी, धीरज पाटिल, अनिल मोदनवाल, अमित जायसवाल, विकास चौधरी, अश्वनी अग्रहरि, सिम प्रकाश अग्रहरि, खुशबू जायसवाल, बिट्टू किन्नर, शालू मोदनवाल, पूजा जायसवाल, अनुपमा मोदनवाल, रीता जायसवाल, मंजू मोदनवाल, शिप्रा अग्रहरि, बुलबुल अग्रहरि, अमृता अग्रहरि एवं मनीषा जायसवाल सहित अनेक श्रद्धालुओं की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर कथा श्रवण कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है। धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र में खासा उत्साह व्याप्त है। आयोजन समिति ने बताया कि यह कथा समाज में धर्म, संस्कार और मर्यादा का संदेश देगी। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श जीवन से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले में सोने का हार छीना

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत नगर के चूड़ी मोहल्ला से वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही महिला के गले से सोने का हार छीना कर बाइक सवार बदमाश मौके से फरार हो गए। पीड़ित महिला ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल के समीप लगें सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। नगर के पुरानी बाजार मोहल्ला निवासी रजनीश सेठ की पत्नी अनीता सोनी मंगलवार की रात मोहल्ले की आधा दर्जन महिलाओं के साथ पैदल हनुमान गढ़ी स्थित एक मैरेज हॉल में शादी समारोह में शामिल होने जा रही थी। जैसे ही चूड़ी मोहल्ला में पहुंची थी उसी दौरान सामने से बाइक पर सवार दो की संख्या में बदमाशों ने अनीता सोनी के गले से सोने का हार छीनकर फरार हो गए। शोरगुल सुनकर मोहल्ले वाले दौड़े लेकिन तब तक बदमाश फरार हो चुके थे। पीड़ित महिला ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने पीड़ित के साथ थाने पहुंच कर कोतवाली निरीक्षक किरन कुमार सिंह को तहरीर दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर लगें सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी हुई है। वहीं छिनैती हुई हार की कीमत पीड़िता ने लगभग आठ लाख रुपए बताया गया हैं।

# ट्रेलर की चपेट में आने से साइकिल सवार छात्र की मौत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- स्कूल से प्रवेश पत्र लेकर घर जाने के दौरान हुआ हादसा

जौनपुर शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत जौनपुर मुख्य मार्ग स्थित अक्खन सराय गांव के समीप सड़क दुघर्टना में ट्रेलर की चपेट में आने से साइकिल सवार एक हाई स्कूल के छात्र की कुचलने से मौके पर मौत हो गई। घटना के बाद चालक ट्रेलर समेत फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी 15 वर्षीय आशुतोष भारती पुत्र केशव प्रसाद शाहगंज सेंट थॉमस इंटर कालेज का हाई स्कूल का छात्र था। बुधवार की सुबह बोर्ड परीक्षा प्रवेश पत्र लेने कालेज आया हुआ था। कालेज से अपना प्रवेश पत्र लेकर साइकिल से घर जा रहा था। जौनपुर मुख्य मार्ग स्थित अक्खन सराय गांव के समीप तेज रफ्तार ट्रेलर ने छात्र को रौंदते हुए मौके से फरार हो गया। जिसमें मौके पर ही आशुतोष की मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दें शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं बिना परिजनों के पहुंचे शव को पोस्टमार्टम भेजने से नाराज़ ग्रामीणों ने सबरहद पुलिस चौकी पर किया हंगामा।पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# वाहन की चपेट में आने से प्रधान की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर सरायख्वाजा शाहगंज मार्ग पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पास सोमवार की रात 11 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाईक सवार प्रधान की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई जबकि घटना को लेकर तरह-तरह के कयाश लगाये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार खम्भौरा गांव के 52 वर्षीय प्रधान डा. रामजन्म यादव बाइक से शहर से घर वापस जा रहे थे। जैसे ही वह जौनपुर–शाहगंज मार्ग के पूर्वांचल विश्वविद्यालय चौकी के पास पहुंचे थे। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गये उन्हें जोरदार टक्कर मार दिया और कुचलते हुए वह फरार हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद पुलिसकर्मी वह अन्य लोग मौके पर पहुंचे। तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। आनन-फानन में जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। उधर आरोपी वाहन फरार हो गई पुलिस वाहन की तलाश में जुट गयी।

# योगी सरकार के बजट में जौनपुर को बड़ी सौगात, काशी–विंध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण में शामिल

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

- पूर्व गृहराज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह बोले–'शिराज–ए–हिंद' के विकास को मिलेगी नई रफ्तार

जौनपुर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत 9.13 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक बजट में जौनपुर जनपद को बड़ी सौगात मिली है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने काशी-विंध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन की घोषणा करते हुए जौनपुर को भी इसमें शामिल किए जाने का ऐलान किया। इस निर्णय को जनपद के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार के इस फैसले से जौनपुर को काशी और विंध्य क्षेत्र की तर्ज पर योजनाबद्ध विकास का लाभ मिलेगा। आधारभूत संरचना, पर्यटन, सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन की संभावनाएं बढ़ेंगी। इस अवसर पर जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व गृहराज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि 'शिराज-ए-हिंद' के नाम से प्रसिद्ध जौनपुर ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और शैक्षणिक दृष्टि से समृद्ध जनपद है। काशी-विंध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण में शामिल होने से यहां के विकास को नई गति और नई दिशा मिलेगी। उन्होंने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह गरीबों के उत्थान, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और किसानों को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने पिछले नौ वर्षों में विकास की जो यात्रा तय की है, यह बजट उसमें मील का पत्थर साबित होगा। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की है और जौनपुर को इस प्राधिकरण में शामिल किया जाना इसी सोच का परिणाम है। इससे क्षेत्रीय असंतुलन दूर होगा तथा निवेश और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। स्थानीय स्तर पर इस घोषणा को लेकर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में उत्साह देखा जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि प्राधिकरण के माध्यम से जौनपुर के ऐतिहासिक स्थलों, पर्यटन स्थलों और शहरी ढांचे का तेजी से विकास होगा, जिससे जिले की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर और सुदृढ़ होगी।

# बजट में कानपुर को बड़ी राहत, स्मार्ट सिटी से लेकर सड़क–पुल तक विकास को मिलेगा जोर

**स्मार्ट सिटी मिशन में कानपुर का नाम शामिल, सड़क–पुल निर्माण के लिए 34,468 करोड़, शहरों में फ्लाईओवर–बायपास के लिए 1,500 करोड़ का प्रावधान**

- औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्कों तक सड़क सुधार के लिए 1,000 करोड़, कानपुर की इंडस्ट्री को मिलेगा फायदा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

योगी सरकार के वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में कानपुर के लिए कई ऐसे प्रावधान किए गए हैं, जिनका असर शहर के विकास पर साफ दिख सकता है। बजट भाषण में कानपुर का नाम स्मार्ट सिटी मिशन के तहत चुने गए शहरों की सूची में शामिल है। इससे यह साफ है कि कानपुर को स्मार्ट सिटी से जुड़ी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ आगे भी मिलता रहेगा।

### सड़क और पुल निर्माण पर भी खास ध्यान

चौड़ीकरण और मरम्मत के लिए 34,468 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर करने के लिए बायपास, रिंग रोड और फ्लाईओवर के लिए 1,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। कानपुर जैसे बड़े और भीड़भाड़ वाले शहर के लिए यह प्रावधान काफी अहम माना जा रहा है। कानपुर को औद्योगिक शहर होने का भी फायदा मिल सकता है। बजट में औद्योगिक और लॉजिस्टिक पार्कों तक सड़क चौड़ीकरण और निर्माण के लिए 1,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इससे शहर के औद्योगिक इलाकों तक सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होने की उम्मीद है। इसके अलावा बजट भाषण में प्रदेश में एआई मिशन, स्टेट डेटा अथॉरिटी और डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने की बात कही गई है। तकनीकी और शिक्षा के लिहाज से मजबूत कानपुर के लिए यह भविष्य में रोजगार और नए अवसरों की दिशा में अहम साबित हो सकता है। कुल मिलाकर बजट में कानपुर के लिए किसी एक 'विशेष पैकेज' की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन स्मार्ट सिटी, सड़क-पुल, औद्योगिक कनेक्टिविटी, शहरी विकास और ऊर्जा से जुड़े बड़े प्रावधानों से कानपुर को बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है।

### शहर के विस्तार और आवासीय योजनाओं पर फोकस

आवास एवं शहरी नियोजन के लिए 7,705 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। साथ ही मुख्यमंत्री शहरी विस्तार एवं नए शहर प्रोत्साहन योजना के लिए 3,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। इससे कानपुर में नई कॉलोनियों, आवास योजनाओं और नगर विकास से जुड़े कामों को गति मिलने की संभावना है।

### ऊर्जा के क्षेत्र में सौर ऊर्जा पर जोर

अतिरिक्त ऊर्जा स्रोतों के विकास के लिए 2,104 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वहीं पीएम–कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 1,500 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसका असर कानपुर में भी सौर परियोजनाओं और बिजली व्यवस्था पर पड़ सकता है।

# संविदाकर्मी लाइनमैनों ने समस्या को लेकर भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा से किया भेंट

- सैकड़ों संविदाकर्मी लाइनमैन ने वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा से मिले

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**

विद्युत विभाग द्वारा कथित रूप से मनमाने ढंग से जारी एलवाई के माध्यम से जनपद में कार्यरत संविदाकर्मी लाइनमैनों की संख्या 663 से घटाकर 514 किए जाने के निर्णय से आहत सैकड़ों संविदाकर्मी लाइनमैन ने वरिष्ठ भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा से मिले। इस दौरान निविदा संविदाकर्मी संगठन के पूर्वांचल अध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि वर्ष 2022, 2023, 2024 एवं 2025 में चयनित लगभग डेढ़ सौ लाइनमैनों के समक्ष रोजगार संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि इस प्रकार मनमाने ढंग से संख्या घटाई जाती रही तो भविष्य में अन्य संविदाकर्मियों की नौकरी भी असुरक्षित हो सकती है। इस संबंध में विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता के बावजूद समाधान नहीं निकल सका है। भाजपा नेता चन्द्रमणि पाण्डेय सुदामा ने मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि लगातार बढ़ती विद्युत कनेक्शन संख्या के बीच कर्मचारियों की संख्या कम किया जाना तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता। उन्होंने एलवाई जारी करने की प्रक्रिया में संभावित विसंगतियों की जांच की आवश्यकता पर बल दिया। श्री पाण्डेय ने आश्वासन दिया कि वे शीघ्र ही जिलाधिकारी से भेंट कर प्रकरण को गंभीरता से उठाएंगे तथा शासन स्तर पर पत्र लिखकर संविदाकर्मी लाइनमैनों के हित में न्यायोचित समाधान सुनिश्चित कराने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मंगेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शकील अहमद, शुभम कुमार सहित बड़ी संख्या में संविदाकर्मी लाइनमैन उपस्थित रहे।

# एड्स जागरूकता, प्रशिक्षण कार्यशाला में दिया जानकारी

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**




उ.प्र. राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी, लखनऊ के निर्देशानुसार विकास खण्ड बहादुरपुर में मेनस्ट्रीमिंग के अंतर्गत एच आई वी, एड्स पर उन्मुखीकरण कार्यशाला एवं एड्स जागरूकता तथा प्रशिक्षण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्साधिकारी, बस्ती के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में एचआईवी, एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, संक्रमण से बचाव, समय पर जांच तथा उपचार सेवाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी एवं जिला क्षय रोग अधिकारी बस्ती द्वारा नामित रिसोर्स पर्सन अम्बुज कुमार यादव द्वारा एचआईवी, एड्स संक्रमण के कारण एवं फैलाव, संक्रमण से बचाव के उपाय, समय पर एचआईवी जांच का महत्व, उपचार एवं परामर्श सेवाओं की उपलब्धता, एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति सामाजिक भेदभाव समाप्त करने की आवश्यकता की विस्तार से जानकारी दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, एएनएम, आशा बहुओं, ब्लॉक स्तरीय सुपरवाइजर, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने भाग लिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम तीन बैचों मे विकास खंड राम नगर, विकास खंड रुधौली एवं विकास खंड बहादुरपुर मे सम्पन्न किया गया तथा प्रत्येक बैच में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। रिसोर्स पर्सन अम्बुज कुमार यादव ने कहा कि एचआईवी, एड्स जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सही जानकारी एवं सामुदायिक सहयोग के माध्यम से संक्रमण की रोकथाम संभव है। समाज को इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। ग्राम पंचायत विकास अधिकारी गोविंद ने बताया कि एचआईवी संक्रमण से बचाव संभव है, नियमित जांच एवं परामर्श अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, संक्रमित व्यक्तियों के प्रति संवेदनशील व्यवहार आवश्यक है कार्यशाला को सफल बनाने में जिला क्षय रोग अस्पताल के टीबी एचआईवी कोऑर्डिनेटर संदीप श्रीवास्तव, डीपीसी मोहम्मद सईद, मोहम्मद सऊद, मोहम्मद अफजल, शिव शंकर, ग्रामीण विकास सेवा समिति के मोहम्मद अशरफ, सानू गुप्ता, सुभेनद्र पाठक, रमाकांत आदि की अहम भूमिका रही इनके द्वारा टीबी और एच आई वी के संबंध को गहन से सभी के समक्ष रखा और जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में एचआईवी, एड्स जागरूकता संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# जौनपुर में 'रोजगार सप्ताह' की धमाकेदार शुरुआत, 100 से अधिक युवाओं ने लिया हिस्सा, 6 को मिला ऑफर लेटर

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जौनपुर,कौशल विकास मिशन के अंतर्गत युवाओं को रोजगार से जोड़ने की दिशा में जौनपुर में 'रोजगार सप्ताह' की प्रभावी शुरुआत हुई। शासन के निर्देशानुसार 06 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), जौनपुर में भव्य रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र के निर्देशन में आयोजित इस मेले में कौशल विकास विभाग, आईटीआई, सेवायोजन विभाग एवं जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने संयुक्त रूप से भागीदारी की। मेले में 100 से अधिक अभ्यर्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के उपरांत 6 अभ्यर्थियों – विकास, कालीचरन, सुमित शर्मा, आकांक्षा यादव, कार्तिक पाण्डेय एवं अंकिता मिश्रा – का विभिन्न पदों पर चयन किया गया। इन अभ्यर्थियों को टेलीकॉलिंग, कस्टमर सेल्स एसोसिएट तथा वी-मार्ट में वर्क फ्रॉम होम पदों के लिए नियुक्ति प्रदान की गई। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने जनसुनवाई कक्ष में चयनित अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर सौंपते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप युवाओं को स्थानीय स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनकी प्रतिभा किसी से कम नहीं है।

# खुटहन पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 35 लाख का 1 क्विंटल 40 किलो गांजा बरामद, अंतरजनपदीय गिरोह के 2 तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जौनपुर,जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना खुटहन पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने अंतरजनपदीय गांजा तस्कर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 क्विंटल 40 किलोग्राम अवैध गांजा, एक अपाची मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन व 3500 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 35 लाख रुपये आंकी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर कुंवर अनुपम सिंह के निर्देश पर चल रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष श्रीवास्तव के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में थाना खुटहन पुलिस टीम सराय मोहिद्दीनपुर रोड पर चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान खुटहन से विशुनपुर की ओर जा रहे मोटरसाइकिल सवार दो संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देख दोनों भागने लगे, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम पिन्टू निषाद पुत्र केशव निषाद व प्रमोद नाविक पुत्र कालूराम, निवासी रामनगर थाना खुटहन जनपद जौनपुर बताया। तलाशी लेने पर प्लास्टिक की बोरी में 8 पैकेट गांजा, तीन मोबाइल फोन, अपाची मोटरसाइकिल व 3500 रुपये नकद बरामद हुए। मौके पर बरामद गांजे का वजन 8 किलोग्राम पाया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर पिन्टू निषाद ने बताया कि उसके घर के बाहर करकट में भूसे के अंदर चार बड़े बोरों में और गांजा छिपाकर रखा गया है। सूचना पर पुलिस टीम ने उसके घर पहुंचकर चार बोरियों व एक खुले बोरे से 7 पैकेट गांजा बरामद किया। घर से बरामद गांजे का कुल वजन 1 कुंतल 32 किलोग्राम पाया गया। इस प्रकार कुल बरामदगी 1 क्विंटल 40 किलोग्राम रही। दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध थाना खुटहन में मु0अ0सं0 28/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। पुलिस अभिलेख के अनुसार मुख्य अभियुक्त पिन्टू निषाद के विरुद्ध वर्ष 2021 में थाना खुटहन पर धारा 376-डी, 427, 452, 504, 506 भादवि एवं 5त/6 पाक्सो एक्ट के तहत भी मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष रामाश्रय राय, उपनिरीक्षक प्रेमशंकर सिंह, उपनिरीक्षक रामजन्म प्रसाद तथा कांस्टेबल अजय यादव, आनंद कुमार, कुलदीप गोस्वामी, सोनू यादव, रणविजय यादव, संजय जायसवाल, सोनू निषाद, आकाश निषाद एवं महिला कांस्टेबल आशा गुप्ता शामिल रहे।

# टेट अनिवार्यता को लेकर शिक्षको ने आदेश की प्रतियां जलाकर जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । बस्ती**




बुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर बीएसए कार्यालय पर शिक्षको ने टेट अनिवार्यता को लेकर आदेश की प्रति जलाकर उसका विरोध प्रदर्शन किया तथा सदन में सांसदों द्वारा टेट मुद्दे को लेकर उठाये गए प्रश्नों पर केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के जवाब को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। बड़ी संख्या में पहुचे शिक्षको ने बीएसए कार्यालय पर नारेबाजी की और सरकार के टेट मुद्दे पर गंभीरता को न लेने पर नाराजगी व्यक्त की है। जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने बताया कि लगातार संसद में 25 से अधिक पक्ष व विपक्ष के सांसदों ने दोनों सदनों में इस मुद्दे को उठाया था और सभी मानक और परीक्षाओं को पूर्ण कर नौकरी कर रहे शिक्षको पर अचानक टेट परीक्षा पास करने के अव्यवहारिक आदेश पर केंद्रीय मंत्री के लिखित बयान को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है, केंद्रीय मंत्री द्वारा सभी शिक्षको को टेट देने व परीक्षा पास करने की बात कही है, जबकि राष्ट्रीय नेतृत्व ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मिला और उन्होंने भी पूर्ण आश्वासन दिया था कि संसद सत्र में इस प्रकरण का निराकरण किया जाएगा। जिला मंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि सरकार यदि टेट मुद्दे पर सरकार ने कोई निर्णय नही लिया तो 25 लाख शिक्षको के रोजी रोटी पर संकट आ जायेगा और शिक्षक संगठन अब आर पार की लड़ाई लड़ने को भी तैयार है। तहसील अध्यक्ष प्रताप नारायण चौधरी व राजकुमार तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व दिल्ली में लगातार धरने की रणनीति बना रहा है,विगत दिनों में दो बार दिल्ली धरने को लेकर सरकार में अनुमति देने के बाद वापस ले ली।लाखो शिक्षक दिल्ली कूच के लिए तैयार है और अपनी बातों को सरकार तक बजट सत्र में रखेगी। महिला शिक्षिकाओ का पक्ष रखते हुए जिला संगठन मंत्री सविता पाण्डेय, रेहाना परवीन ने बताया कि 20 से 35 साल से शिक्षिका नौकरी कर रही है और जब नौकरी में आये तो सभी मानक और परीक्षा देकर नौकरी प्राप्त की और अब अचानक से अब परीक्षा पास करने का दबाव बनाया जा रहा है जिससे नौकरी भी अब खतरे में है। बड़ी संख्या में महिला शिक्षको ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन करने वालो में अशोक यादव, रामभवन, मोहम्मद असलम, नीरज सिंह, बब्बन पाण्डेय, रवि सिंह, रामसागर वर्मा, अखिलेश पाण्डेय, प्रताप नारायण, उमाकांत शुक्ल, मंगला मौर्य, देवेंद्र यादव, संतोष पाण्डेय, अनीस अहमद, रामपियारे, वीरेंद्र शुक्ला, गणेश श्रीवास्तव, तफ्फजूल, विवेक सिंह, मनोज उपाध्याय, हरेंद्र यादव, रुकनुद्दीन, सुनील, वेद उपाध्याय, विजय यादव, प्रमोद सिंह, प्रभात वर्मा, बृजेश त्रिपाठी, मंगला मौर्य, संजय यादव, नवीन सिंह, संजय चौधरी, कमर खलील, हरदीप,नीतू सिंह, शत्रुजीत यादव, सुषमा, उर्मिला चौधरी, शेषमणि पटेल उपस्थित रहे।

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत एक घायल

■ पेट्रोल पंप के पास हुआ हादसा,घायल युवक की आज होनी थी सगाई

जन एक्सप्रेस । सुनहरा


मनीष कश्यप मृतक


नन्नू घायल

लखीमपुर खीरी। सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। घायल युवक का प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ रेफर कर दिया गया। यह घटना खीरी कस्बे के बाहर एक पेट्रोल पंप के पास हुई। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस जायजा लिया। मृतक युवक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस घटना की जानकारी मृतक मनीष कश्यप के भाई ने बुधवार दोपहर को दी है।घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में इकट्ठा हुए ग्रामीण लोग। घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में इकट्ठा हुए ग्रामीण लोग। पुलिस के अनुसार, सलेमपुर कोन सदर कोतवाली निवासी 25 वर्षीय मनीष कश्यपपुत्र संकटा प्रसाद अपने साथी नन्नू के साथ 10 फरवरी की शाम बाइक से खीरी कस्बा जा रहे थे। खीरी कस्बे के बाहर पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल जिला अस्पताल ओयल, लखीमपुर ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने मनीष कश्यप को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल नन्नू को बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर किया गया। नन्नू की आज बुधवार 11 फरवरी को सगाई होनी थी। नन्नू के घर पर सगाई की तैयारियां चल रही थी। इस बीच युवक के घायल होने की खबर परिजनों को मिली तो वह परेशान हो गए। गंभीर रूप से घायल युवक का इलाज अभी लखनऊ में चल रहा है।मनीष कश्यप अविवाहित थे और जीवन ट्रांसपोर्ट कंपनी में ट्रक बॉडी रिपेयरिंग का काम करते थे। उनके परिवार में छह भाई-बहन हैं। मनीष कश्यप के भाई रामू कश्यप ने बुधवार को घटना की जानकारी दी।हादसे में एक की मौत हुई थी। दूसरा घायल था। घायल युवक को लखनऊ इलाज के लिए भेज दिया गया। वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# गोला नगर में खाटू श्याम बाबा की विशाल निशान शोभा यात्रा

■ श्याम भक्तों का उमड़ा सैलाब, पूरा नगर जयकारों से गूंज उठा

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



गोला नगर में श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा आयोजित श्री खाटू श्याम बाबा की विशाल निशान शोभा यात्रा इस वर्ष भी पूरे धूमधाम और श्रद्धा के साथ निकाली गई, जिसने नगर के श्याम भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी। हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालु, जिसमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल थे, उत्साह और भक्ति में झूमते-नाचते नजर आए।यात्रा का शुभारंभ नीलकंठ मैदान से हुआ, जहाँ मंदिर के पुजारी संतोष पाठक ने विधि-विधान से खाटू श्याम बाबा का श्रृंगार किया और पूजन-अर्चन व आरती संपन्न कराई। यात्रा में सबसे आगे बाबा की मनमोहक छवि का रथ चल रहा था, जिसके पीछे श्याम प्रेमियों का सैलाब अपने निशान लेकर बाबा के प्रति अपनी अटूट आस्था प्रकट कर रहा था।पूरे यात्रा मार्ग में, नगरवासियों ने जगह-जगह आतिशबाजी कर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया। श्याम प्रेमियों में गजब का उत्साह और भक्ति देखने को मिली, जब 'हारे के सहारे ', 'लखदाता की जय हो' और खाटू श्याम बाबा के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।निशान यात्रा नगर के मिल डायवर्जन से विकास चौराहे होते हुए खुटार रोड सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कंजा बाबा देवस्थान स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद रहा।यात्रा के सफल समापन के बाद, श्री श्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं के लिए एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पंक्ति में लगकर प्रसाद ग्रहण किया, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस भव्य आयोजन के अवसर पर क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला, पूर्व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल, धर्मेंद्र गिरी मोंटी, हिंदू युवा वाहिनी जिला प्रभारी विपिन मिश्रा, अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामन्त्री अजय गुप्ता, उपाध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, राहुल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मयंक महेश्वरी, युवा समिति के अध्यक्ष प्रिंकल जलोटा, प्रमोद सोनी, संदीप राजपूत, शिवम गुप्ता, सुमित राठौर, प्रवीण रस्तोगी, सौरभ जायसवाल, बालगोविंद प्रजापति सहित सभी सेवादार और हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# राजापुर–नहर पटरी फोरलेन निर्माण में गड़बड़ी पर सीडीओ अभिषेक कुमार का सीधा एक्शन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



विकास कार्यों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन ने सख्त संदेश दे दिया है। राजापुर से नहर पटरी फोरलेन सड़क निर्माण में मिल रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने बुधवार को औचक निरीक्षण कर निर्माण एजेंसी की कार्यप्रणाली पर सीधा प्रहार किया। सीडीओ ने मौके पर पहुंचते ही औपचारिकता छोड़ दी और सड़क की खुदाई कराकर निर्माण सामग्री का नमूना संग्रहित कराया। सैंपल को विधिवत सील कर प्रयोगशाला परीक्षण हेतु भेजा गया है। सीडीओ ने रोड पर ही पीडब्लूडी के अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई, निर्माण में हो रही लापरवाही को लेकर स्पष्ट किया कि सिर्फ कागज़ पर रिपोर्ट और औपचारिकताओं से काम नहीं चलेगा। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य को तत्काल रोक दिया और निर्देश दिया कि सिर्फ गुणवत्ता सुनिश्चित होने पर ही सड़क निर्माण जारी होगा। सीडीओ के सख्त रवैये ने अधिकारियों और ठेकेदारों में खलबली मचा दी।निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने लोक निर्माण विभाग, निर्माण खंड-1 के अधिशासी अभियंता केके झां को स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि जांच में गुणवत्ता मानकों से विचलन पाया जाता है तो अनुबंध की शर्तों के तहत ठेकेदार के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आर्थिक दंड (पेनल्टी) लगाने की प्रक्रिया भी तय मानते हुए तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया। सीडीओ अभिषेक कुमार ने दो टूक कहा कि जनता के टैक्स के पैसे से बनने वाले कार्यों में लापरवाही अस्वीकार्य है। हर सड़क टिकाऊ, सुरक्षित और मानक अनुरूप होनी चाहिए। गुणवत्ता से समझौता करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने निर्माण कार्यों की सतत मॉनिटरिंग, तकनीकी परीक्षण और समयबद्ध प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए।

# तेंदुआ गांव मे वृद्ध पर हिंसक जानवर ने किया हमला

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

वनरेंज मोहम्मदी की बिलहरी बीट के गांव तेन्दुआ-देवरिया निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग रामपाल दीक्षित को बीती रात करीब 3 बजे सोते समय किसी हिंसक वन्यजीव ने हमला कर दिया।जिससे बुजुर्ग लहूलुहान हो गया।जिन्हें सरकारी एम्बुलेंस से सीएचसी गोला ले जाया गया, हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल ओयल मे भर्ती कराया गया है।परिजनों की सूचना पर पहुंचे वन दरोगा विजय सिंह ने बताया मकान के आस-पास किसी बड़े हिंसक जानवर के पैरों के निशान नही मिले हैं।

# राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य निलंबित

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

■ जांच के दौरान प्राविधिक शिक्षा पूर्वी वाराणसी से संबंध किए गए

क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य पर परिसर में खड़े कीमती पेड़ चोरी से काट लेने का मामले की जांच करने पहुंचे वन अधिकारियों से आइडेंटी कार्ड दिखाने की मांग कर मुख्य गेट को अंदर से बंद कर दिया गया था जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को पहुंचने पर वन विभाग की टीम ने परिसर में दाखिल होकर प्राथमिक कार्रवाई शुरू हुई घटना प्रमुखता से प्रकाशित होने पर निदेशक प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश कानपुर के ज्वाइंट डायरेक्टर ने मामले में तमाम बिंदुओं पर जांच कर सही पाए जाने पर कार्रवाई की संस्कृत करते ही प्राचार्य को निलंबित कर पूर्वी क्षेत्र वाराणसी से संबंध कर दिया गया है।जॉइंट डायरेक्टर ने बताया 6 फरवरी को मीडिया में खबर वायरल होने पर मामले में संज्ञान लिया गया। जिसके तहत 9 फरवरी को घटनास्थल पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण शुरू किया गया जिसमें प्राचार्य प्रवेश वर्मा पर कार्रवाई के दौरान पूछताछ करने पर उन्होंने बताया हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन की लाइन ऊपर से निकल रही थी जिसके नीचे पेड़ आ रहे थे सुरक्षा को लेकर उन्हें काटा गया है। वही डायरेक्टर द्वारा काटने के लिए विभाग से परमिशन, वन विभाग को प्रपत्र लिखना, कटे पेड़ों की लकड़ी संरक्षित करना, जैसे तमाम बिंदुओं पर कार्रवाई न होने से अपराध की पुष्टि होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन को लेकर बताया 6 माह से बजट निर्गत नहीं हुआ है जिसके चलते कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाया है बजट की मांग की गई है।जांच के दौरान विद्यालय के बच्चे और कर्मचारियों से अलग-अलग पूछताछ कर उनके बयानों की रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित की गई है।वन विभाग की कार्रवाई न होने पर लगे आरोप घटना में कीमती पेड़ कट जाने के मामले में वन विभाग द्वारा घटना के 5 दिन बाद भी आरोपी पर कार्रवाई न होने पर तमाम चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है जिसको लेकर शिकायत उच्च अधिकारियों को करने की बात कही गई है। मामले में रेंजर निर्भय प्रताप सिंह और डी एफ ओ दूरभाष पर जवाब न देकर बचते नजर आ रहे हैं।

# नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगाज भव्य कलशायात्रा के साथ हुआ

जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी



कस्बे के मेन सर्राफा बाजार में जीर्णोद्धार कर बनाए गए नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आगाज बुधवार को भव्य कलशायात्रा के साथ हुआ। जिसमें भारी संख्या में महिलाओं और भक्तगणों ने भाग लिया।कस्बे के महारानी सुरथ कुमारी मेन रोड सर्राफा बाजार में नर्मदेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कस्बे के स्वर्णकारों ने मुख्य निभाकर कराया है। मंदिर निर्माण के बाद 11 फरवरी से 16 तक मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने हैं। जिसका शुभारंभ बुधवार को भव्य कलशयात्रा के साथ हुआ। मंदिर पर पं सोनेलाल मिश्र की आचार्य मंडली ने मुख्य यजमान राहुल सोनी से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन के बाद महिलाएं सिर कलश लेकर बोल बम और हर - हर महादेव के नारे लगाते हुए मेन बाजार होकर मेला मैदान पहुंची। जहां से वाहनों में सवार होकर मसुरहा घाट के पास सरयू नदी पहुंच मंत्रोच्चार के साथ जल लेकर वापस मंदिर लौटी। जहां पर सभी कलशों को मंदिर परिसर में स्थापित किया गया। इस दौरान पूर्व चेयरमैन प्रदीप कुमार पुरवार, दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष उत्तम सोनी, पुरूषोत्तम सोनी , प्रेम सोनी, आलोक सोनी , दीपू सोनी, आनंद सोनी, धर्मू मौर्य, अनुराग पुरवार, भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# डीएम ने किया ब्लॉक नकहा का औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

**डीएम ने दस ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश**

विकासखंड में बैठक के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बीडीओ संगीता यादव को निर्देशित किया कि विकास के लिए उपलब्ध धनराशि का उपयोग नहीं करने वाली दस ग्राम पंचायतों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाए। डीएम ने कहा कि सर्वोच्च प्राथमिकता विकास कार्यों की पूर्णता और पारदर्शिता है और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास खंड नकहा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, अभिलेख व्यवस्था और योजना क्रियान्वयन की संपूर्ण समीक्षा की।डीएम ने सर्वप्रथम पीएम आवास, स्थापना एवं आवास पटल का निरीक्षण किया। अलमारियाँ खुलवाई, अभिलेखों का अवलोकन किया और प्रत्येक फाइल की प्रॉपर इंडेक्सिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रखरखाव और दस्तावेज प्रबंधन में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। साथ ही नियमित, संविदा और आउटसोर्सिंग कार्मिकों की उपस्थिति पंजिका भी जाँची गई।इसके बाद कार्यालय परिसर में शौचालय और आधार सेवा काउंटर की क्रियाशीलता भी जांची। गोढ़ी मजरा के नन्हें अर्नित (3) और विधि (5) का आधार नामांकन कराया जाता पाया गया। अभिभावकों से पूछताछ में पता चला कि कोई फीस नहीं ली गई। जिन आधार सेवाओं के लिए शुल्क नियत है, इसका डिस्प्ले भी मौके पर मिला।निरीक्षण के दौरान एसआईआर फीडिंग काउंटर पर ऑपरेटर दिव्यांशु फीडिंग करते मिले। डीएम ने नोटिस और अभिलेखों की बारीकी से जांच की और उपस्थित फीडिंग भी देखी। डीएम ने मौके पर अर्चना की नोटिस की फीडिंग संलग्न अभिलेखों की जांच की। नोटिस के दौरान उपस्थित की फीडिंग भी देखी। इसके बाद एनआरएलएम कक्ष में जाकर स्वयं सहायता समूह, रिवाल्विंग फंड और छ्द्धस्न सहित हर जरूरी जानकारी ली। समूहों की संख्या और उनकी सक्रियता पर भी निगाह रखी। डीएम ने ब्लॉक परिसर में मूलभूत सुविधाओं सहित वहां संचालित विभिन्न कार्यालय और पटलों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की।इसके बाद डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बीडीओ कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान प्रमुख क्षेत्र पंचायत पवन गुप्ता, बीडीओ संगीता यादव सहित विकासखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। डीएम ने स्थापना, बजट, स्टोर, स्टाफ की स्थिति, पीएम और सीएम आवास योजनाओं की प्रगति और कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका भी देखी। पीडी डीआरडीए को निर्देशित किया कि विकास खंडों में तैनात जिन कार्मिकों की डीपीसी पेंडिंग या कोई अन्य देयक लंबित हैं उन्हें नियमानुसार कराया जाए।

# मेगा शिविर को लेकर बैठक का आयोजन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के अनुपालन में व जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर आशीष जैन के निर्देशानुसार सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर विजय भान द्वारा दिनांक-22 फरवरी, 2026 को आयोजित होने वाले मेगा शिविर के सन्दर्भ में एक बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। उक्त बैठक में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अपर जिला जज, भगीरथ वर्मा, की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, अपर जिला जज कोर्ट संख्या-5 व विजय भान, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर, जिला विकास अधिकारी सीतापुर तथा अन्य समस्त विभागों के अधिकारीगण बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित समस्त 44 विभागों के अधिकारियों से दिनांक-22.02.2026 को आयोजित होने वाले मेगा शिविर को सफल बनाये जाने पर विचार-विमर्श किया गया। जिला विकास अधिकारी द्वारा वहाँ पर उपस्थित समस्त अधिकारीगण कर्मचारीगणों को यह निर्देश दिये गये कि आगामी मेगा शिविर दिनांक-22 फरवरी, 2026 को सफल आयोजन हेतु अपने-अपने विभाग से लाभार्थियों की सूची तैयार करते हुए, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर को दिनांक-15.02.2026 तक प्रेषित कर दी जाये। जिससे कि उक्त आयोजन हेतु अग्रिम कार्यवाही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय से की जा सके।

# श्रीमती कमला देवी विद्यालय में वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जनपद के विकास खंड एलिया अंतर्गत ग्राम देवई स्थित श्रीमती कमला देवी विद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक श्री अनुज कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों द्वारा दहेज प्रथा पर आधारित नाटक तथा 'अनपढ़ नेता' विषयक प्रस्तुति ने शिक्षा और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं 'शरीफ माटी' प्रस्तुति को भी खूब सराहना मिली।कार्यक्रम के दौरान राम नरेश शुक्ला एवं अशोक अवस्थी ने संक्षिप्त संबोधन में बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम का संचालन मुख्तार ने प्रभावशाली ढंग से किया। इस अवसर पर जनपद सीतापुर के प्रसिद्ध युवा शायर एवं गीतकार सलमान सीतापुरी ने अपने प्रेरणादायक गीतों के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से ही जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है।अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी प्रतिभागी बच्चों को शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम का समापन तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहपूर्ण वातावरण के साथ हुआ।इस अवसर पर खुर्शीद आलम, सत्य नारायण अवस्थी, उदय भान शुक्ला, हरिओम, अनिल सहित विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### डीसीएम चालक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव। लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर डीसीएम चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अलीगढ़ के थाना रोरावर के महफूज नगर निवासी शमी 55 पुत्र सुलेमान डीसीएम लेकर दिल्ली से लखनऊ के लिए निकला था। मंगलवार रात लखनऊ में ट्रांसपोर्ट नगर में गाड़ी खाली करके कानपुर के लिए निकला था। रास्ते में बुधवार सुबह अजगैन कोतवाली क्षेत्र में राजमार्ग पर जीआरओ पेट्रोल पंप के सामने सड़क किनारे डीसीएम खड़ी करके उतर रहा था। इस दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल चालक को सीएचसी नवाबगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर ब्रह्मदेव बाबा मंदिर में कार्यक्रम किया जायेगा

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव। विकासखंड हसनगंज की ग्राम पंचायत सिंघनापुर के राजस्व ग्राम करसेमऊ में विगत एक वर्ष पूर्व ग्राम प्रधान तारावती पाल एवम जन सहयोग से महाशिवरात्रि के दिन प्राण प्रतिष्ठित किए गए शिवलिंग गणेश पार्वती सरस्वती दुर्गा नंदी हनुमान एवं शनि महाराज आदि देवताओं की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर ब्रह्मदेव बाबा मंदिर करसेमऊ के परिसर में विशाल गायत्री यज्ञ भंडारा एवं स्मृति शेष लल्लू बाजपेई के शिष्य लालगंज जनपद रायबरेली से पधार रहे आल्हा सम्राट जयशंकर त्रिवेदी का भक्ति भाव भरा आल्हा गायन 15 फरवरी को दिन में 12 बजे से संपन्न होगा उक्त जानकारी देते हुए ग्राम प्रधान पुत्र पुत्तन लाल पाल ने क्षेत्रीय जनमानस से महाशिवरात्रि के अवसर पर मंदिर के दर्शन करने यज्ञ भंडारा में शामिल होने और आल्हा सुनने हेतु मंदिर परिसर में पहुंचने की सादर अपील की है

### वैशाली के सरोवर पोर्टिको होटल में देह व्यापार का भंडाफोड़, 11 महिलाएं रेस्क्यू, 3 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद। थाना कौशाम्बी क्षेत्र स्थित वैशाली के सेक्टर 3 एफ में स्थित महागुन मॉल में संचालित सरोवर पोर्टिको होटल में चल रहे अनैतिक देह व्यापार के धंधे का पुलिस ने बड़ा भंडाफोड़ किया है। सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई सर्च एवं रेस्क्यू कार्रवाई के दौरान 11 पीड़ित महिलाओं को मुक्त कराया गया, जबकि इस गिरोह में शामिल 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जनता की शिकायत और पुलिस गश्त के दौरान छापामारी केबाद इमेज घटना का खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों की माने तो 11 फरवरी 2026 को सूचना मिली कि होटल में भोली-भाली एवं आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को बहला-फुसलाकर देह व्यापार कराया जा रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल छापेमारी की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 11 महिलाओं को रेस्क्यू किया और मौके से आपत्तिजनक सामग्री बरामद की। अनैतिक देहव्यापार के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राहुल शर्मा (46 वर्ष) निवासी वैशाली, जो होटल में संचालक/मैनेजर की भूमिका में था, अंकित चौहान (19 वर्ष) निवासी अलीगढ़ और सुनील (39 वर्ष) निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई है।



# गाजियाबाद में स्कूटी चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 7 चोरी की स्कूटी और नंबर प्लेट बरामद, 8 आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। थाना सिहानी गेट पुलिस टीम ने वाहन चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत स्कूटी चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में 7 चोरी की स्कूटी और एक चोरी की नंबर प्लेट बरामद करते हुए कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा 11 फरवरी 2026 को संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान सूचना के आधार पर स्क्रैप सेंटर पर छापेमारी की गई, जहां से चोरी की स्कूटी बरामद हुई। पूछताछ और निशानदेही के आधार पर अन्य स्थानों से भी चोरी की स्कूटी बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों के नाम नवाब मलिक, रियाजुद्दीन, नरेश कुमार, सुनील, जितेंद्र, कृष्णा, समीर और फैजल उर्फ फैजल मोहम्मद बताए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी स्कूटी चोरी कर उन्हें स्क्रैप सेंटर तक पहुंचाते थे, जहां चोरी के वाहनों को काटकर उनके नंबर और पहचान मिटा दी जाती थी। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है और वाहन चोरी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# मण्डलायुक्त ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

■ सभी आवश्यक कार्यों का रजिस्टर बनाएं, अभिलेख प्रतिदिन अद्यतन किया जाएं: मण्डलायुक्त भानू चंद्र



मेरठ मण्डलायुक्त भानू चंद्र गोस्वामी द्वारा कलेक्ट्रेट का निरीक्षण किया गया। महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में सभी अधिकारियों को अपने कार्यों में सुधारात्मक बदलाव लाने सहित आवश्यक? दिशा निर्देश दिए । कलेक्ट्रेट निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त द्वारा राजस्व लेखा विभाग, रिकार्ड रूम , भूलेख, संयुक्त कार्यालय, आर्म्स सहित अन्य विभागों की फाईलों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान मण्डलायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यालय में जो भी कार्य होता है जिसका रिकार्ड रखना अनिवार्य है । उसके बाद उसके ?डाटा रिकार्ड एवं रजिस्टर , कम्प्यूटर में सुरक्षित रखा जाएं। रजिस्टर का अभिलेख प्रतिदिन अद्यतन किया जाना चाहिए। उन्होने कहा कि आपके पास कोई भी आवेदन शिकायत आती है , तो वह कब प्राप्त हुई, कब क्या कार्यवाही की, वह किसके पास लम्बित है, कब से लम्बित है, उसके द्वारा क्या किया गया, उक्त का जवाब कब आया और आपके द्वारा उसका कब व क्या निस्तारण किया गया, का पूरा उल्लेख रजिस्टर में करना अनिवार्य है। उन्होने कहा कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों के स्थानातंरण होते रहते हैं, यदि वह अपने पदभार की जानकारी रजिस्टरों में नहीं लिखेंगे तो उस पदभार को ग्रहण करने वाला व्यक्ति कैसे वह कार्य कर सकेगा, इसके लिए जरूरी है। वे सभी कार्यो का उल्लेख रजिस्टर में रखें, जिससे कार्य में पारदर्शिता बनी रहें। मण्डलायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने पटल के कार्यो का स्वयं निरंतर निरीक्षण व जांच करें कि उनके कर्मचारियों द्वारा सभी कार्यो को नियमानुसार किया जा रहा है या नहीं, उनके द्वारा रजिस्टर मेनटेन, रिकार्ड व सम्बंधित प्रपत्र सुरक्षित रखे जा रहे है या नहीं। यदि कोई कर्मचारी या अधिकारी निर्देशों का पालन व समझाने के बावजूद भी अपने दायित्वों के प्रति असंवेदनशील, लापरवाह या बेफिक्र है तो उसकी जवाबदेही तय करते हुए उस पर कार्यवाही की जाएं। उन्होने कहा कि प्रत्येक अधिकारी को उसके पटल के सभी कार्यो की जानकारी होनी चाहिए, इस बात का ध्यान रखा जाएं। कलेक्ट्रेट परिसर में साफ-सफाई व रिकार्ड सही रखे जाने पर सम्बंधित अधिकारियों की सराहना भी की गयी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉदड़, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम एल/ए अवनीश कुमार, एडीएम ई ज्योति मौर्य, एडीएम जे0 अंजूम बी0, सिटी मजिस्ट्रेट डा.सन्तोष कुमार उपाध्याय सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# योगी सरकार की युवाओं को साधने की कोशिश

## बच्चों के लिए बड़े एलान: 2,374 करोड़ से बांटे जाएंगे टैबलेट-स्मार्ट फोन, छात्राओं को स्कूटी के लिए 400 करोड़

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दसवां बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत किया। विधान चुनाव से पहले यह दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट है। वित्त मंत्री ने सदन में 9.12 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इसमें निवेश, रोजगार, बुनियादी विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस किया गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि यूपी में 10 लाख युवाओं को रोजगार संभावित हैं। लड़कियों की शादी के लिए सरकार एक लाख रुपये देगी। यूपी का इस बार का बजट का आकार नौ लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये का है। पिछले बजट की तुलना में 12 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है।

### विभागीय आवंटन में प्राथमिकताएं

**80,997 करोड़**
सबसे अधिक आवंटन प्राथमिक शिक्षा

**65,926 करोड़**
ऊर्जा

**44,145 करोड़**
गृह

**33,740 करोड़**
लोक निर्माण विभाग को मिला है।





### महिलाओं के लिए अलग प्रशिक्षण केंद्र बनेंगे

पीपीपी मोड में कौशल संवर्द्धन और जॉब प्लेसमेंट केंद्र विभिन्न जनपदों में स्थापित किए जाएंगे। इस व्यवस्था से कार्यबल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए महिलाओं के लिए अलग केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

### कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी

पढ़ाई के साथ-साथ युवाओं के कौशल संवर्द्धन की व्यवस्था की जानी होगी। हमारे कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। नए केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस अभियान में निजी क्षेत्र की सहभागिता भी सुनिश्चित की जानी होगी।

### युवाओं प्रशिक्षित किया जाएगा

ऐसे व्यक्ति जिनके पास किसी भी व्यवसाय में हस्तकौशल या निपुणता प्राप्त है, कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते। इसलिए युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजगारपरक प्रशिक्षण और कौशल संवर्धन को प्राथमिकता के आधार पर मिशन मोड में संचालित किया जाना आवश्यक है।

### युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाना आवश्यक

एक तरफ जहां अर्थव्यवस्था में पूंजी निवेश और अवस्थापना विकास का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं प्रदेश की युवा जनशक्ति को रोजगार के अवसर प्रदान करने, उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### डिजिटल इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य होगा

प्रदेश में डिजिटल इन्टरप्रन्योरशिप योजना पर कार्य किया जाएगा। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अगले चरण के रूप में जनविश्वास सिद्धांत के आधार पर उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा। इसमें रजिस्ट्रेशन, लाइसेसिंग आदि कार्यवाहियों को और अधिक सहज एवं सुगम बनाया जाएगा।

### नई योजनाओं की भरमार

- सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन
- बायोप्लास्टिक औद्योगिक नीति-2024
- वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक्स नीति

### कृषि एवं किसान

- मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना
- महिला उद्यमी क्रेडिट कार्ड योजना
- पशुधन बीमा एवं जोखिम प्रबंधन योजना
- सहकारी चीनी मिलों का आधुनिकीकरण

### शिक्षा एवं कौशल

- ड्रीम स्किल लैब
- नए कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय
- छात्राओं हेतु प्रत्येक जनपद में छात्रावास
- टेक युवा-समर्थ युवा योजना

### स्वास्थ्य

- चार सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल (पीपीपी मोड)
- ट्रॉमा सेंटर लेवल-2
- चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्रावास

### आईटी व एआई

- उत्तर प्रदेश एआई मिशन
- स्टेट डेटा सेंटर
- डेटा सेंटर क्लस्टर
- यू-हब की स्थापना
- 'ग्रीन' और 'पिंक' बजट पर फोकस
- ग्रीन बजट टैगिंग 23.5% तक बढ़ाई गई।
- 242 करोड़ से अधिक पौधारोपण, 1 गीगावाट से अधिक सोलर क्षमता।
- मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण।

### बजट का आकार और तुलना

**9 लाख 12 हजार 696 करोड़ 35 लाख रुपये** कुल बजट आकार

| | |
|---|---|
| **8.48 लाख करोड़** कुल प्राप्तियां | **6.64 लाख करोड़** राजस्व व्यय |
| **7.29 लाख करोड़** राजस्व प्राप्तियां | **2.48 लाख करोड़** पूंजीगत व्यय |
| **9.13 लाख करोड़** कुल व्यय | |

### बच्चों और युवाओं को लेकर बड़े एलान

उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट में बच्चों के लिए बड़े एलान किए हैं। विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने बताया कि यूपी में नई योजनाएं के लिए 750 करोड़ रुपये प्रस्तावित हैं। युवाओं को टैबलेट बांटे जाएंगे। सुरेश खन्ना ने बताया कि फ्री टैबलेट और स्मार्ट फोन के लिए 2374 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केंद्रों पर 23,000 से अधिक युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, माध्यमिक शिक्षा के लिए 22167 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। उच्च शिक्षा के लिए 6195 करोड़ की योजना प्रस्तावित है। छात्राओं को 400 करोड़ से स्कूटी दी जाएंगी।

### युवाओं के लिए यह योजनाएं

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा विगत 5 वर्षों में 9.25 लाख युवाओं को विभिन्न अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित करते हुए प्रमाणीकृत किया गया। जिनमें से 4.22 लाख युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में सेवायोजित कराया गया है। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केन्द्रों पर 23,000 से अधिक युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है। युवाओं को सरकारी नीति निर्माण और क्रियान्वयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। स्वामी विवेकानन्द युवा-सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत अब तक 49 लाख 86 हजार टैबलेट/स्मार्टफोन निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं। प्रदेश में अब तक 90,000 मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

### एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना होगी

- विश्व बैंक सहायतित यूपी एग्रीज परियोजना के अन्तर्गत एग्री-एक्सपोर्ट हब की स्थापना कराई जाएगी।
- एसडीजी इंडिया इण्डेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गयी है।
- राज्य सरकार द्वारा फरवरी, 2024 में चौथे ग्लोबल इन्वेस्टर्स सम्मिट का सफलतम आयोजन किया गया।
- अब तक लगभग 50 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं जिनसे लगभग 10 लाख रोजगार का सृजन सम्भावित है।
- इनमें से, अब तक लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश की लगभग 16 हजार से अधिक परियोजनाओं के 04 ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह सम्पन्न हो चुके हैं।
- उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है। देश के कुल मोबाइल फोन उत्पादन का 65 प्रतिशत उत्पादन प्रदेश में होता है।
- भारत की 55 प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेन्ट्स इकाईयां प्रदेश में स्थित हैं। प्रदेश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 44,744 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

### योगी बोले- 18 स्पोर्ट्स कॉलेज खोले जाएंगे

- सीएम योगी ने कहा- चार चीनी मिलों की क्षमता विकसित करने के प्रावधान किए गए हैं। गंगा एक्सप्रेस-वे को बढ़ाने के लिए घोषणा हुई है। युवाओं को डिजिटली सशक्त बनाने के लिए टैबलेट देने की व्यवस्था की गई है। एआई मिशन, डेटा सेंटर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस समेत आईटी सेक्टर में कई घोषणाएं की गई हैं।
- शिक्षा के क्षेत्र में स्मार्ट विद्यालय, अटल आवासीय विद्यालय चल रहे हैं। साथ ही सीएम आवासीय विद्यालयों के लिए बजट में हमने व्यवस्था की है। परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों समेत उच्चतर विद्यालयों के शिक्षकों के लिए कैशलेस इलाज की व्यवस्था की है।
- महिलाओं के लिए क्रेडिट कार्ड योजना चलाई जाएगी। ताकि वह छोटे-छोटे काम के लिए किसी से ऋण न लेना पड़े और उन्हें ब्याजमुक्त ऋण मिल सके। इसके लिए बजट की व्यवस्था की गई है। युवाओं को ध्यान में रखते हुए सभी 18 कमिश्नरी में स्पोर्ट कॉलेज बनाए जाएंगे। इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था है। हर ग्राम पंचायत स्तर पर ओपन जिम, मिनी स्टेडियम, खेलो इंडिया के कार्यक्रम आगे बढ़ा रहे हैं।
- सीएम योगी ने कहा- हर व्यक्ति सुरक्षा की गारंटी चाहता है, आज यूपी उसे गारंटी दे रहा है। सुरक्षा के साथ त्वरित न्याय व्यवस्था है, यह नागरिकों और निवेशकों को सुरक्षित और भरोसेमंद वातावरण देता है। क्या कोई सोच सकता था कि यूपी में 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा निवेश के आवेदन आएंगे। लेकिन आज यूपी में संभव हो रहा है।
- ये बजट इमर्जिंग टेक्नोलॉजी को फोकस करते हुए पेश किया गया है 2017 में सुरक्षा का वातावरण नहीं था, यूपी का परसेप्शन दुनिया में खराब था। कोई सुरक्षा नहीं थी इसलिए कोई भी आता नहीं था। लेकिन पिछले एक साल में 121 करोड़ पर्यटक यूपी के अलग-अलग धार्मिक स्थलों में आए।



### बजट निराशाजनक रहा: अखिलेश यादव



यह बजट निराशाजनक रहा। हमने पुलिस के लिए जो इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए, उन्हें इन्होंने बर्बाद कर दिया। हेल्थ को लेकर बड़े-बड़े दावे किए गए हैं, लेकिन हेल्थ सेक्टर कहां पहुंच गया है, यह सबको पता है। मेडिकल कॉलेज से लेकर सीएचसी, पीएचसी तक की हालत खराब है। इनकी मंशा है कि सरकारी स्वास्थ्य विभाग ठप पड़ जाए, ताकि लोग प्राइवेट में इलाज करवाने जाएं। कई जिलों में गलत दवाएं दी गईं, बच्चों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। फूड एडल्टरेशन में हम नंबर वन हैं।

### 'कागजी' बजट मुबारक हो: शिवपाल



उत्तर प्रदेश का 'कागजी' बजट मुबारक हो! यूपी की जनता को एक बार फिर 'सपनों का अमृत' पिलाया गया है। विकास केवल विज्ञापनों में दौड़ रहा है और हकीकत की सड़कों पर गड्ढे आज भी अपनी गिनती का इंतजार कर रहे हैं। बेरोजगारों की डिग्रियां अलमारी में है और सरकार का डेटा फाइलों में मुस्कुरा।

### महाना बोले, विपक्ष पहले पूरा बजट पढ़े



'आज वर्ष 2026-27 का बजट विधानसभा में पेश किया गया। मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री की इच्छा रहती है कि जल्द से जल्द बजट का जनता के लिए उपयोग हो... विपक्ष किस बात का विरोध कर रहा है? उन्हें पहले पूरा विस्तार से पढ़ना चाहें फिर कहें...'

### 'यह जनता को भ्रमित करने वाला बजट'



'यह जनता को भ्रमित करने वाला बजट है। योगी जी ने इससे पहले जो बजट प्रस्तुत किया, 9-9 महीने से किसी विभाग में पैसे ही नहीं गए हैं। मैं यूपी सरकार से मांग करता हूं कि तत्काल इस पर श्वेत पत्र जारी करें और बताएं किस समय आपने कितने पैसे अलॉट किए थे। कितने खर्च हुए और किस विभाग के कितने पैसे बचे हैं।

### पुलिस कर्मियों के वाहन खरीदने के लिए 25 करोड़ मिलेंगे

- 2016 की तुलना में डकैती में 89%, लूट में 85%, हत्या में 47%, बलवा में 70% और फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में 62% की कमी आई है।
- महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी कमी दर्ज की गई है। 2016 के मुकाबले हत्या में 48%, दहेज मृत्यु में 19%, बलात्कार में 67% और शील भंग के मामलों में 34% की कमी हुई है।
- अनुसूचित जाति और जनजाति से जुड़े अपराधों में भी गिरावट आई है। हत्या में 43%, आगजनी में 94%, बलात्कार में 32% और गंभीर चोट के मामलों में 10% की कमी दर्ज की गई है।
- पुलिस के गैर-आवासीय भवनों के निर्माण के लिए 1,374 करोड़ और आवासीय भवनों के लिए 1,243 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है।
- नए जिलों में पुलिस भवनों के निर्माण के लिए 346 करोड़ रुपए रखे गए हैं।
- अग्निशमन केंद्रों के भवन निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- बहुमंजिला इमारतों में अग्निशमन व्यवस्था मजबूत करने और नए केंद्रों को पूरी तरह चालू करने के लिए 190 करोड़ रुपए रखे गए हैं।
- मिशन शक्ति के तहत महिला बीट पुलिसकर्मियों के लिए वाहन खरीदने को 25 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित है।

### लड़कियों को स्कूटी के लिए 400 करोड़ रुपए दिए जाएंगे

- योगी सरकार ने उच्च शिक्षा को मजबूत करने के लिए बजट में खास ध्यान दिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 6,591 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 7 प्रतिशत ज्यादा है।
- मेधावी छात्राओं को पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना के तहत 400 करोड़ रुपए का बजट रखा गया है। इस योजना में योग्य छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी, ताकि उन्हें कॉलेज और विश्वविद्यालय आने-जाने में सुविधा मिल सके।
- युवाओं को कौशल विकास और रोजगार से जोड़ने के लिए मुख्यमंत्री शिक्षुता प्रोत्साहन योजना के लिए 40 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- सरकार नए विश्वविद्यालयों की स्थापना पर भी जोर दे रही है। विंध्याचल मंडल में मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मुरादाबाद मंडल में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय और देवीपाटन मंडल में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय (बलरामपुर) के लिए 50-50 करोड़ रुपए देने का प्रस्ताव है।
- इसके अलावा शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए नई योजना के तहत 21 करोड़ रुपए रखे गए हैं।

### मथुरा-वृंदावन का होगा विकास

बजट में मथुरा-वृंदावन, मेरठ और कानपुर विकास प्राधिकरण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी नई योजनाओं के लिए 700 करोड़ रुपए देने का प्रावधान रखा गया है। बजट में इस बार धार्मिक महत्व के शहरों पर विशेष ध्यान देते हुए मथुरा वृंदावन,मेरठ और कानपुर के लिए 700 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। बजट में उच्च शिक्षा को मजबूत करने के लिए खास ध्यान दिया है। यह पिछले साल के मुकाबले करीब 7 प्रतिशत ज्यादा है।

### गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी को 50 करोड़

बजट में मुरादाबाद में गुरु जम्भेश्वर यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए 50 करोड़ रुपए मिले हैं। फिलहाल यह यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक कॉलेज की बिल्डिंग से चल रही हैं। बजट आरक्षित कर दिए जाने के बाद अब यूनिवर्सिटी के लिए विधिवत अपना कैंपस बनाया जा सकेगा। जिला प्रशासन की ओर से इसके लिए पहले ही भूमि का चयन किया जा चुका है।

### स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की सौगात

मेरठ के सलावा में निर्माणाधीन मेजर ध्यानचंद खेल यूनिवर्सिटी का जिक्र भी बजट की प्रस्तुति के दौरान वित्त मंत्री सुरेश खन्ना की ओर से किया गया। लगभग 100 एकड़ में यूनिवर्सिटी का विकास हो रहा है। इसका अनुमानित बजट 700 करोड़ माना जा रहा है। अप्रैल से इस यूनिवर्सिटी में एडमिशन शुरू करने का सीएम योगी ऐलान भी कर चुके हैं।

### 90 हजार मंगल दलों को खेल सामग्री

यूपी विधानसभा में बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अब तक 90 हजार मंगल दलों को खेल सामग्री उपलब्ध कराई जा चुकी है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए युवाओं को गारंटी-रहित एवं ब्याज-मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के तहत छोटे उद्योगों के लिए युवाओं को ब्याज मुक्त लोन की व्यवस्था रखी गई है।

### अपराध में आई बेहद कमी, पुलिस भवनों के लिए धन आवंटित

- वर्ष 2016 के मुकाबले डकैती, लूट, हत्या, बलवा और फिरौती के लिये अपहरण के मामलों में क्रमशः 89 प्रतिशत, 85 प्रतिशत, 47 प्रतिशत, 70 प्रतिशत और 62 प्रतिशत की कमी हुई है।
- महिलाओं के खिलाफ अपराधों में वर्ष 2016 के मुकाबले हत्या, दहेज, मृत्यु, बलात्कार और शील भंग के मामलों में क्रमशः 48 प्रतिशत, 19 प्रतिशत, 67 प्रतिशत और 34 प्रतिशत की कमी आई है।
- अनुसूचित जाति, जनजाति उत्पीड़न संबंधी अपराधों में 2016 के मुकाबले हत्या, आगजनी, बलात्कार, गम्भीर चोट के मामलों में क्रमशः 43 प्रतिशत, 94 प्रतिशत, 32 प्रतिशत और 10 प्रतिशत की कमी आई है।

### युवाओं के लिए यह योजनाएं

- उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा विगत 5 वर्षों में 9.25 लाख युवाओं को विभिन्न अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित करते हुए प्रमाणीकृत किया गया। जिनमें से 4.22 लाख युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों में सेवायोजित कराया गया है।
- मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत वर्तमान में संचालित 163 अभ्युदय केन्द्रों पर 23,000 से अधिक युवाओं को मुफ्त कोचिंग प्रदान की जा रही है।
- युवाओं को सरकारी नीति निर्माण और क्रियान्वयन में सहभागिता प्रदान करने हेतु 108 आकांक्षात्मक विकास खंडों में मुख्यमंत्री फेलोशिप कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।
- स्वामी विवेकानन्द युवा-सशक्तिकरण योजना के अन्तर्गत अब तक 49 लाख 86 हजार टैबलेट/स्मार्टफोन निशुल्क वितरित किए जा चुके हैं।
- प्रदेश में अब तक 90,000 मंगल दलों को प्रोत्साहन स्वरूप खेल सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

### टैबलेट/स्मार्ट फोन के लिए 2,374 करोड़ रुपये की व्यवस्था

- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास की योजनाओं के लिये 27,103 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है जो वर्ष 2025-2026 की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है।
- मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण एवं नये औद्योगिक क्षेत्र प्रोत्साहन योजना हेतु 5,000 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना में टैबलेट/स्मार्ट फोन के वितरण की प्रक्रिया गतिमान है। इस योजना हेतु 2,374 करोड रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- अटल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अंतर्गत अवस्थापना विकास हेतु 2,000 करोड रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- फॉरेन डाइरेक्ट इन्वेस्टमेन्ट एवं फॉर्च्यून-500 कम्पनियों के निवेश हेतु घोषित प्रोत्साहन नीति-2023 के क्रियान्वयन हेतु 1,000 करोड रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- डिफेंस इण्डस्ट्रियल कॉरीडोर परियोजना में अब तक 200 रक्षा उद्योगों की स्थापना हेतु एमओयू हस्ताक्षरित किये गये हैं, जिसमें 35,280 करोड़ का निवेश एवं 53,263 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार अनुमानित है।

### बेसिक शिक्षा के लिए एलान

- बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं को निशुल्क यूनिफार्म, स्कूल बैग, जूता-मोजा एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराए जाने की योजना हेतु 650 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- प्रदेश के सभी 75 जनपदों में दो-दो मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालयों की स्थापना आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप की जा रही है।
- प्रदेश के सभी 76 जनपदों के प्रत्येक जनपद में एक-एक विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है।
- जिन विकास खण्डों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय स्थापित नहीं हैं उनमें आवासीय बालिका विद्यालय की स्थापना की नई योजना हेतु 580 करोड रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी एवं संविदा या मानदेय आधारित कार्मिकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की नई योजना लाई जा रही है जिसके लिए लगभग 358 करोड़ की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत राज्य निधि से सभी प्राथमिक विद्यालयों को स्मार्ट स्कूल के रूप में विकसित किए जाने की नई योजना हेतु 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों की सुरक्षा ऑडिट में अधो मानक पाये जाने वाले विद्यालयों के अनुरक्षण की नई योजना हेतु 300 करोड रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

### चिकित्सा शिक्षा के लिए एलान

- चिकित्सा शिक्षा के लिये 14,997 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- वर्तमान में प्रदेश में 81 मेडिकल कॉलेज हैं जिनमें 45 राज्य सरकार द्वारा संचालित हैं एवं 36 निजी क्षेत्र द्वारा संचालित हैं।
- वर्तमान में 60 जनपद मेडिकल कालेज की सुविधाओं से आच्छादित हैं। 16 असेवित जनपदों में मेडिकल कालेजों की स्थापना पी0पी0पी0 पद्धति से की जानी है।
- राजकीय तथा निजी क्षेत्र के मेडिकल चिकित्सा संस्थानों में एम0बी0बी0एस0 सीटों की संख्या वर्ष 2017 में 4,540 थी जिसे बढ़ाकर 12,800 किया गया।
- राजकीय तथा निजी क्षेत्र के चिकित्सा संस्थानों में पीजी सीटों की संख्या वर्ष 2017 में 1,221 थी जिसे बढ़ाकर 4,995 किया गया।
- 14 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना एवं संचालन हेतु 1023 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- कैंसर संस्थान, लखनऊ के लिये 315 करोड़ रूपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।
- असाध्य रोगों के इलाज के लिये नि:शुल्क चिकित्सा सुविधा हेतु 130 करोड़ रुपये की व्यवस्था प्रस्तावित है।

### वित्तीय वर्ष 2026-2027

- वित्तीय वर्ष 2026-2027 के लिए प्रस्तुत बजट का आकार 9,12,696.35 करोड़ रुपये (09 लाख 12 हजार 696 करोड़ 35 लाख रूपये) है जो वित्तीय वर्ष 2025-2026 की तुलना में लगभग 12.9 प्रतिशत अधिक है। इस बजट में पूंजीगत परिव्यय 19.5 प्रतिशत है।
- शिक्षा तथा चिकित्सा हेतु आवंटन कुल बजट का क्रमशः 12.4 प्रतिशत एवं 6 प्रतिशत है। कृषि और सम्बद्ध सेवाओं के लिए आवंटन कुल बजट का 9 प्रतिशत है।
- 16वें केन्द्रीय वित्त आयोग की संस्तुतियों जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकार किया गया है, के क्रम में वित्तीय वर्ष 2026-2027 में राजकोषीय घाटे की सीमा 3 प्रतिशत रखी गई है जो वर्ष 2030-2031 तक लागू रहेगी।
- राज्य सरकार सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन एवं ऋण नियंत्रण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। कार्यभार ग्रहण करने पर वर्ष 2016-17 में 29.3 प्रतिशत की ऋणदृजीएसडीपी कि अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी जिसे हमारी सरकार ने वर्ष 2019-20 तक घटाकर 27.9 प्रतिशत कर दिया था।
- परंतु, कोविड-19 महामारी के अभूतपूर्व आर्थिक प्रभाव के कारण यह अनुपात बढ़कर वर्ष 2021-22 में 33.4 प्रतिशत हो गया।

### श्रमिक कल्याण

- अपने घर, गांव से दूर शहरों में काम करने वाले मजदूरों के लिए लेबर अड्डों का निर्माण कराया जाएगा।
- एक्स-ग्रेशिया अनुदान के अंतर्गत दिनांक 26.08.2021 से दिनांक 31.03.2022 तक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की किसी दुर्घटना में मृत्यु अथवा पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये तथा आंशिक दिव्यांगता पर 01 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है।
- प्रदेश में प्रथम बार निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने हेतु मोबाइल हेल्थ वैन का संचालन पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में किया गया।
- रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों/श्रमिकों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया गया है।